


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 हॉकी के दिग्गज श्रीजेश से संन्यास पर बोले पीएम मोदी टीम ...

ममता को मालीवाल का पत्र, 7 पॉइंट में उठाए रेप केस की .... 12



वर्ष : 15 | अंक : 126 | नई दिल्ली, शनिवार, 17 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 36°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

हां 30%

नहीं 50%

कह नहीं सकते 10%

**बाजार**

सोना 71,105

चांदी 81,500

सेंसेक्स 78,886

निफ्टी 24,117

## संक्षिप्त खबरें

### आईएमए ने डॉक्टरों की 24 घंटे की हड़ताल की घोषणा

नई दिल्ली। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने पिछले सप्ताह कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक महिला स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में डॉक्टरों की ओर से शनिवार सुबह छह बजे से 24 घंटे की देशव्यापी सेवाएं बंद करने की घोषणा की गयी। आईएमए ने शुक्रवार को कहा कि सभी आवश्यक सेवाएं बहाल रखी जाएंगी और हताहतों की संख्या पर भी नजर रखी जाएगी। नियमित ओपीडी हालांकि बंद रहेंगी और वैकल्पिक सर्जरी भी नहीं की जाएंगी। आईएमए ने एक बयान में कहा, यह सेवा वापसी उन सभी क्षेत्रों से हुई है जहां आधुनिक चिकित्सा डॉक्टर सेवा प्रदान कर रहे हैं।

### विनेश फोगाट की तारीफ में पीएम मोदी ने कहा, आपने इतिहास रचा है

नई दिल्ली। जीवन में हार जीत तो चलती रहती हैं, लेकिन हार कर जीत जाना ही असली जीत है, ऐसा ही कुछ पेरिस ओलंपिक में महिला पहलवान विनेश फोगाट के साथ हुआ। बेशक वो मेडल से चूक गईं लेकिन उनकी तारीफ में कसीदे हर कोई पढ़ रहा है और इस लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम सबसे ऊपर है। पीएम मोदी ने पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करने और ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनने के लिए विनेश फोगाट की खूब प्रशंसा की। पेरिस ओलंपिक में भारत के खाते में कुल 6 मेडल आए (जिनमें 5 ब्रॉन्ज और 1 सिल्वर) है।

**स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान में किया झंडोत्तोलन**

# 12 लाख लोगों की नौकरी और 34 लाख को मिलेगा रोजगार : नीतीश

## बोलें-दो लाख सरकारी शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन

प्रात : किरण





पटना। 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कई घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने 34 लाख रोजगार की बात कह दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि साल 2022 में हमने 10 लाख लोगों को नौकरी देने की बात कही थी। इसमें में अब तक पांच लाख 16 हजार नौकरियां दी जा चुकी है। अब अगले साल चुनाव से पहले बिहार सरकार 10 की जगह 12 लाख नौकरी देगी। इसी तरह हमने 10 लाख रोजगार की भी बात कही थी। पिछले चार साल में 24 लाख रोजगार दिया जा चुका है। अब और इसे बढ़ाकर 10 लाख देने का लक्ष्य रखा गया है। इस तरह हम चुनाव से पहले 34 लाख रोजगार देने जा रहे हैं।

**दो लाख शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लड़कियों की शिक्षा, पुलिस बल में महिलाओं की नियुक्ति, शिक्षकों की नियुक्ति पर भी चर्चा की। स्कूलों में पढ़ाई अच्छे ढंग से हो, इसके लिए निर्णय लिया गया कि राज्य में शिक्षकों की नियुक्ति सरकारी तरीके से हो। बीपीएससी के जरिए दो लाख 20 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की गई। सक्षमता परीक्षा पास कर एक लाख 80 हजार शिक्षक सरकारी कर्मी बन गए। दो लाख सरकारी शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है।

**लालू-तेजस्वी पर भी सीएम नीतीश ने बोला हमला:** इधर, लालू और तेजस्वी यादव पर हमला बोलते हुए सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि कुछ लोग नौकरी पर अपना क्रेडिट ले रहा है कि हमने नौकरियां दी है। हमने तो पहले ही घोषणा कर दी थी। बीच में उधर चले गए तो वह साथ आ गया।

हमने नौकरियां दी तो अब जनता के बीच घूम-घूमकर कुछ से कुछ बोल रहा है। पत्रकारों से अपील है कि 2005 से पहले क्या हालत थी? पहले क्या था? अब क्या किया गया है? उस पर भी लिखिए। लालू परिवार निशाना साधते हुए सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि आज लोग कुछ से कुछ बोल रहा है। वह लोग कुछ किया है। केवल अपने परिवार को बढ़ाया। अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बना दिया। बेटा, बेटी सबके लिए किया। लेकिन, हमलोगों ने अपने परिवार के लिए नहीं बिहार की जनता के लिए सबकुछ किया।

**पुलिस में बहाली :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमें काम करने का मौका मिला तो पता चला कि बिहार में पुलिस बल की संख्या मात्र 42481 है, जो जरूरत के हिसाब से बहुत कम थी। उसी समय पुलिस की संख्या को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए नए पदों का सृजन किया गया और पुलिस में बहाली की गई। अब पुलिस बल की संख्या बढ़कर 110000 हो गई है। हमने 2023 के पहले भी सुझाव दिया था कि हमारी जरूरत के हिसाब से पुलिस की संख्या को और बढ़ाई जाए।अब पदों की संख्या बढ़ाकर 227000 तय किया गया है। बहाली का काम शुरू है। इसी अगस्त महीने में पुलिस में 21000 पदों पर नियुक्ति के लिए परीक्षा हो रही है।

**शिक्षा पर विशेष ध्यान :** सीएम नीतीश ने नौकरी के साथ साथ शिक्षा व्यवस्था पर भी अपनी सरकार का फोकस बताया और कहा कि- आप लोग देख रहे हैं 2005 से कितना काम किया है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया है ।पहले स्कूलों की संख्या बहुत कम थी। शिक्षकों की काफी कमी थी। जिसके कारण स्कूलों में ठीक से पढ़ाई नहीं होती थी। गरीबों की वजह से लड़कियां भी पांचवी कक्षा के बाद पढ़ नहीं पाती थी।

**78वें स्वतंत्रता दिवस पर पीएम ने लाल किले पर फहराया तिरंगा**

# सुधारों से ही बनेगा विकसित व मजबूत भारत : मोदी


प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। 78वें स्वतंत्रता दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरूवार को लाल किले पर तिरंगा फहराया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा  कि विकसित भारत बनाने के लिए देश में 25 से 30 लाख सुधार करने होंगे जिसके बाद आम नागरिकों की मुसीबतें कम होंगी और उन्हें नये भारत का अनुभव होगा। श्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए देशवासियों का आह्वान किया कि वे बदलाव के लिए आगे आयें। श्री मोदी ने कहा कि देश में सुधारों से देश का सामर्थ्य बढ़ता है। देश के हर नागरिक की भागीदारी से यह बदलाव आ रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से 70 साल तक देश में नेतृत्व ने यथास्थिति बनाये रखने की प्रवृत्ति रखी। लेकिन देश के नौजवान बदलावों एवं सुधारों की प्रतीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा, जरा आजादी से पहले के वो दिन याद करें। सैकड़ों साल की गुलामी और उसका हर कालखंड संघर्ष का रहा। युवा हो, किसान हो, महिला हो या आदिवासी हों... वो गुलामी के खिलाफ जंग लड़ते रहे। इतिहास गवाह है, 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के पूर्व भी हमारे देश के कई आदिवासी क्षेत्र थे, जहां आजादी की जंग लड़ी जा रही थी। वो एक समय था, जब लोग देश के लिए मर-मिटने के लिए प्रतिबद्ध थे और आजादी मिली थी। आज का समय, देश के लिए जीने की प्रतिबद्धता का है। अगर देश के लिए मरने की प्रतिबद्धता आजादी दिला सकती है, तो देश के लिए जीने की प्रतिबद्धता समृद्ध भारत भी बना सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा, विकसित भारत-2047 सिर्फ भाषण के शब्द नहीं हैं। इसके पीछे कठोर परिश्रम चल रहा है, देश के कोटि-कोटि जनों के सुझाव लिए जा रहे हैं और मुझे प्रसन्नता है कि मेरे देश के करोड़ों नागरिकों ने विकसित भारत-2047 के लिए अनगिनत सुझाव दिए हैं। मैं समझता हूं, जब देशवासियों की इतनी विशाल सोच हो, उनके इतने बड़े सपने हों, देशवासियों की बातों में जब संकल्प झलकते हों, तब हमारे भीतर एक नया दृढ़ संकल्प बन जाता है, हमारे मन में आत्मविश्वास नई ऊंचाई पर पहुंच जाता है।

# एसएसएलवी-डी3 ने ईओएस-08 और यात्री उपग्रह का किया सफल प्रक्षेपण

प्रात : किरण



श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)/एजेंसी।। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने एक और सफल मिशन में शुक्रवार सुबह लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान का उपयोग करके नवीनतम पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-8 और एक यात्री उपग्रह का निर्धारित कक्षा में प्रक्षेपण किया।

देर रात 0247 बजे शुरू हुई 6.5 घंटे की छोटी और सफल उलटी गिनती के बाद एसएसएलवी-डी3 ने शार रेंज के पहले लांच पैड से निर्धारित समय 09:17 बजे अपनी तीसरी और अंतिम विकासात्मक शानदार उड़ान भरी। यह अपने साथ 175.5 किलोग्राम वजनी ईओएस-08 और एसआर-0 डेमोसैट को पेलोड लेकर गया है। उड़ान भरने के लगभग 17 मिनट बाद 120 टन लिफ्ट ऑफ मास वाले 34 मीटर लंबे एसएसएलवी-डी3 ने ईओएस-08 और स्पेस किड्ज इंडिया द्वारा विकसित 0.2 किलोग्राम वजनी एसआर-0 डेमोसैट को 475 किलोमीटर की वृत्ताकार कक्षा में भूमध्य रेखा पर 37.4 डिग्री के झुकाव के साथ सफलतापूर्वक प्रक्षेपित कर दिया। यह मिशन प्रतिष्ठित प्रथम मानव अंतरिक्ष उड़ान गगनयान मिशन के लिए अधिक महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करेगा और क्रू मॉड्यूल के व्यूपोर्ट पर पेलोड में से एक गामा विकिरण के लिए उच्च खुराक अलार्म सेंसर के रूप में काम करेगा।

# पूर्व विधायक अनंत सिंह जेल से रिहा, समर्थकों ने किया भव्य स्वागत

प्रात : किरण



पटना। बिहार के मोकामा से पूर्व विधायक अनंत सिंह की शुक्रवार की सुबह जेल से रिहाई हो गई। अनंत सिंह की रिहाई के बाद उनके समर्थकों में जबरदस्त उत्साह है और पटना के बेऊर जेल से बाहर आने पर समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। बाहुबली अनंत सिंह की बेऊर जेल से सुबह पांच बजे की रिहाई की खबर सुनकर रात से ही उनके समर्थको की भीड़ पटना के बेऊर जेल के बाहर एकत्र होने लगी थी। इस दौरान उनके दोनों बेटों के साथ बड़ी संख्या में सैकड़ों समर्थक अनंत सिंह के स्वागत में जेल के बाहर खड़े रहे। जेल से बाहर निकलने पर अनंत सिंह ने मीडिया से कोई बात नहीं की लेकिन उनके चेहरे पर राहत साफ झलक रहा था। उनके परिजनों ने मीडिया से बातें करते हुए कहा कि लोगों में खुशी है। इससे बड़ी खुशी की बात क्या हो सकती है? लोगों में उत्साह है। न्यायालय पर भरोसा था। पटना उच्च न्यायालय द्वारा दो दिन पहले ही घर से एके 47 मिलने के मामले में (2015 का मामला) अनंत सिंह को बरी कर दिया गया था।

# जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में और हरियाणा में एक चरण में विधानसभा चुनाव

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद पहले विधानसभा चुनाव तीन चरणों में 18 और 25 सितम्बर तथा एक अक्टूबर को होंगे जबकि हरियाणा में विधानसभा चुनाव एक चरण में एक अक्टूबर को होंगे और दोनों जगह मतगणना चार अक्टूबर को होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा डा सुखबीर सिंह संधू ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में जम्मू कश्मीर के बहुप्रतिक्षीत चुनावों की तारीखों की घोषणा की। श्री कुमार ने बताया कि 90 सदस्यीय जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 24 सीटों के लिए अधिसूचना अमरनाथ जी यात्रा समाप्त होने के अगले दिन 20 अगस्त को जारी की जायेगी और नामांकन पत्र 27 अगस्त तक दायर किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 28 अगस्त को और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अगस्त होगी। उन्होंने बताया कि जम्मू कश्मीर में दूसरे चरण में 26 सीटों के लिए चुनाव 25 सितम्बर को होगा जिसके लिए अधिसूचना 29 अगस्त को जारी की जायेगी। इस चरण में पांच सितम्बर तक नामांकन भरे जा सकेंगे, नामांकन पत्रों की जांच 6 सितम्बर को की जायेगी तथा नाम वापसी की अंतिम तिथि 9 सितम्बर होगी। तीसरे और अंतिम चरण में 40 सीटों पर मतदान एक अक्टूबर को होगा। इसके लिए अधिसूचना 5 सितम्बर को जारी की जायेगी और नामांकन 12 सितम्बर तक किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 13 सितम्बर को की जायेगी और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 17 सितम्बर होगी। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए एक ही चरण में एक अक्टूबर को मतदान होगा। इसके लिए अधिसूचना पांच सितम्बर को जारी की जायेगी और नामांकन 12 सितम्बर तक किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 13 सितम्बर को की जायेगी और 16 सितम्बर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। श्री कुमार ने कहा कि दोनों राज्यों में मतगणना एक साथ चार अक्टूबर को होगी तथा छह अक्टूबर तक चुनावी प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर और हरियाणा में चुनाव को शराब, नशीली दवाओं और अन्य प्रलोभनों से मुक्त रखने के लिए राज्य तथा केन्द्र की प्रवर्तन एजेन्सियों को पूरी तरह चौकस रहने के लिए कहा गया है।

**मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा बैठक की, दिये दिशा-निर्देश**

# क्षतिग्रस्त एवं निर्माणाधीन पथों का निर्माण कार्य तेजी से करें पूरा : नीतीश

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 में सरकार में आने के बाद राज्य में हमलोगों ने बेहतर सड़क और पुल-पुलियों का निर्माण कराया है। हमलोगों का उद्देश्य सिर्फ बेहतर सड़क और पुल-पुलियों का निर्माण कराना ही नहीं है बल्कि उसका अच्छे से मेंटेनेंस भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पथों का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करें। विभाग के अभियंता पथों के निर्माण और मेंटेनेंस के लिए जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करेंगे तो बेहतर सड़कों का निर्माण होगा और सड़कें मेंटेन भी रहेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर सड़क होने से लोगों का आवागमन आसान होता है। राज्य में सड़कें बेहतर हो, इसके लिये संसाधनों की जो भी आवश्यकता होगी उसे पूरा किया जायेगा। ग्रामीण कार्य विभाग बचे हुये टोलों के लिये भी पथों का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करायें ताकि उनकी सम्पर्कता सुलभ हो सके। ग्रामीण इलाकों में जिन पथों की नवीनीकरण, उन्नयनीकरण की आवश्यकता है उसका आकलन कर उस पर तेजी से काम करें। क्षतिग्रस्त पथों का पुनर्निर्माण कार्य भी तेजी से कराएं। मुख्यमंत्री ग्रामीण टोला संपर्क योजना तथा अन्य निमाणाधीन पथों का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। ग्रामीण पथों पर पड़ने वाले आवश्यक छूटे हुये एवं क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर जहां नये पुल के निर्माण की आवश्यकता है, उसे पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना की उपयोगिता को देखते हुये इसे फिर से शुरू करने का निर्देश दिया।

इससे पहले बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने ग्रामीण सड़कों और पुलों की योजनावार अद्यतन स्थिति के संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। ग्रामीण विभाग के अपर मुख्य सचिव ने बताया कि छूटे हुये बसावटों में सम्पर्कता प्रदान करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना एवं अन्य राज्य योजना, ग्रामीण टोला सम्पर्क निश्चय योजना, ग्रामीण पथों केनवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य आदि कार्यों की अद्यतन जानकारी दी। उन्होंने वितीय वर्ष 2024-25 में विभागीय योजनाओं की भौतिक एवं वितीय स्थिति एवं आवश्यकता के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।




## संक्षिप्त समाचार

### महाविद्यालय में दिया स्पोकन इंग्लिश का प्रशिक्षण

**हल्द्वानी, एजेंसी।** एमबीपीजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं को स्पोकन इंग्लिश और साक्षात्कार का प्रशिक्षण संपन्न हो गया। इसका मुख्य उद्देश्य जीवनशैली में शिक्षा के साथ-साथ स्किल्स ट्रेनिंग को बढ़ावा देना है। एंफेसिस फाउंडेशन के सहयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी को मोमेंटो भेंट किया। प्राचार्य का कहना है कि स्पोकन इंग्लिश और इंटरव्यू की तैयारी के लिए नई वर्कशॉप 25 अगस्त से शुरू होने जा रही है। इच्छुक छात्र-छात्राएं इसके लिए पंजीकरण करा सकते हैं।

### शिव गणेश बने बसपा जिलाध्यक्ष, गजेंद्र बने महासचिव

**हल्द्वानी, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के निर्देशों के तहत मंगलवार को नैनीताल की नई जिला कमेटी का गठन किया गया। इसमें डॉ. एमआर आर्य और राजकुमार टम्टा को जिला प्रभारी बनाया गया। शिव गणेश को जिलाध्यक्ष, गजेंद्र पाल सिंह को जिला महासचिव, चंद्र प्रकाश जिला सचिव और नसीम सलमानी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। जिला कार्यकारिणी सदस्य गोपाल राम ग्वासीकोटी, मोहन लाल टम्टा, बीवीएफ शोभित कुमार और बामसेफ संयोजक संजय को बनाया गया। प्रभारी प्रदेश कार्यालय धर्म सिंह ने नई जिला कार्यकारिणी के गठन की घोषणा की।

### 64 विद्यालयों में लगेंगे स्मार्ट टीवी और कंप्यूटर

**हल्द्वानी, एजेंसी।** नैनीताल जिले के 64 विद्यालयों में स्मार्ट टीवी और कंप्यूटर लगाए जाएंगे। समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिले दो करोड़ रुपये से स्कूलों में नवाचार को बढ़ावा देने के साथ ही भवनों, कक्षा-कक्षों के सुदृढ़ीकरण के कार्य भी किए जाएंगे। जिले के 32 प्राथमिक और 32 माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं के संचालन के लिए स्मार्ट टीवी लगेंगे। जिले में करीब 100 विद्यालयों को कंप्यूटर से आच्छादित किया जाएगा। मुख्य शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा ने बताया कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्मार्ट टीवी लगाने के साथ भवनों और कक्षा-कक्षों के सुधारीकरण के कार्य होंगे। एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी में अंग्रेजी विभाग में रचनात्मक लेखन, पोस्टर प्रदर्शनी प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। रचनात्मक लेखन में माही जोशी, और पोस्टर प्रतियोगिता में संचिता मिश्रा ने प्रथम स्थान पाया। यहां प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी, प्रो. पूर्णिमा भटनागर, सेवानिवृत्त प्रो. महेश कुमार, प्रो. प्रभा पंत, प्रो. अंजू बिष्ट आदि रहीं।

### पांच दिनी मौन पालन प्रशिक्षण शुरू

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण एवं सतत विकास संस्थान की ओर से हवालबाग विकासखंड के दुगालखोला में पांच दिनी मौन पालन प्रशिक्षण शुरू हो गया है। प्रशिक्षकों ने मधुमक्खी के श्रम विभाजन, परागण प्रक्रिया, बीमारियां, मौसमी प्रबंधन, विपणन, आर्थिक आगणन की जानकारी दी। मुख्य अन्वेषक शंभू दत्त जोशी ने मौन पालन की जानकारी दी। सह अन्वेषक डॉ. गोपाल दत्त ने कहा कि महिलाएं मौन पालन कर आय बढ़ा कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। भीम सिंह बगड़वाल ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में दुगालखोला और मालगांव की 25-25 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहां पर महिला समूह की अध्यक्ष दीपा पांडे, ज्योति जोशी, प्रशिक्षक नमिता बिष्ट, दीपा जोशी आदि मौजूद रहीं।

### नियमित कराएं कल्याणी नदी की सफाई

**रुद्रपुर, एजेंसी।** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने वीसी के माध्यम से राज्य गंगा समिति की बैठक ली। इसमें नमामि गंगे के कार्यों की निगरानी कर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस पर डीएम ने ईई सिंचाई को नमामि गंगे योजना के तहत कल्याणी नदी का पुनर्जीवीकरण कार्य के साथ ही नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए। मंगलवार को वीसी के बाद डीएम उदयराज सिंह ने जिला गंगा समिति की बैठक लेते हुए नगर निगम काशीपुर की एसटीपी कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# कोसी नदी में पैर फिसलने से बुजुर्ग की मौत, मछली पकड़ने गए थे



**नैनीताल , एजेंसी।** गरमपानी में ताड़ीखेत ब्लॉक के चापड़ गांव निवासी एक बुर्जुग की रानीखेत पुल के पास कोसी नदी में मछली मारते समय पैर फिसलने से नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

नैनीताल जिले के गरमपानी में ताड़ीखेत ब्लॉक के चापड़ गांव निवासी एक बुर्जुग की रानीखेत पुल के पास कोसी नदी में मछली मारते समय पैर फिसलने से नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बुर्जुग बृहस्पतिवार को मछली मारने के लिए कोसी नदी पर गए थे। घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन की थी पर उनका पता नहीं चल सका। शुक्रवार की सुबह रानीखेत पुल के पास कोसी नदी में एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़े होने की सूचना एक शिक्षक ने खैरना पुलिस को दी। एसआई धमेंद्र कुमार ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर बुजुर्ग की शिनाख्त अल्मोड़ा जिले के ताड़ीखेत ब्लॉक के चापड़ गांव निवासी गोधन सिंह (68) पुत्र दीवान सिंह के रूप में की। पुलिस ने हादसे की सूचना परिजनों को दी। परिजनों के अनुसार गोधन सिंह बृहस्पतिवार की रात घर नहीं पहुंचे थे। वह मछली मारकर अपना गुजारा करते थे। कई बार इस वजह से वह समय पर घर नहीं पहुंच पाते थे। भवाली कोतवाल डीआर वर्मा ने बताया कि बुजुर्ग के सिर में लगी चोट को देखते हुए पत्थर से पांव फिसलने से मौत का अंदेशा लगाया जा रहा है।

# गंगा नदी में अचानक आए तेज बहाव में डूबा 21 वर्षीय युवक, जांच में जुटी एसडीआरएफ की टीम

**ऋषिकेश, एजेंसी।** उत्तराखंड के ऋषिकेश में गंगा नदी में लोगों का बहने का सिलसिला अभी भी थमा नहीं है। प्रशासन द्वारा बार-बार अलर्ट किए जाने के बाद भी लोग सतर्कता नहीं बरत रहे। इसमें आए दिन लोगों के डूबने की खबर सामने आती है। इसी बीच मध्य प्रदेश का 21 वर्षीय युवक ऋषिकेश में स्थित गंगा नदी की आगोश में समा गया। वहीं सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम युवक की खोजबीन में जुटी हुई है।

दरअसल, ऋषिकेश में ब्रह्मपुरी के पास आठ लोगों का दल मध्य प्रदेश से घूमने आया था। बताया जा रहा है कि ब्रह्मपुरी स्थित एक आश्रम मे तीन दिन की पूजा के लिए सभी आए हुए थे। इसी बीच बीती रात यानि शुक्रवार लगभग साढ़े आठ बजे दल का एक सदस्य अमन शर्मा नदी किनारे खड़ा था। तभी अचानक से गंगा के तेज बहाव में आकर गंगा की आगोश में समा गया है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ सर्चिंग में जुटकर गंगा की खाक छान रही है, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली है।



# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में होटल संचालक गिरफ्तार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** नाबालिग से दुष्कर्म संबंधी मामले में पुलिस ने एक होटल संचालक को भी गिरफ्तार किया है। होटल संचालक ने बिना जानकारी व आईडी लिए आरोपी युवक को होटल में कमरा दिया था। आरोपी युवक ने होटल के इसी कमरे में नाबालिग से दुष्कर्म किया था।

बीते 7 अगस्त को थाना मुनि की रेती क्षेत्र में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी। उक्त व्यक्ति ने पुलिस को बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी को अज्ञात युवक बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज करने के कुछ ही घंटों के बाद नाबालिग को एक युवक के साथ बरामद कर लिया था। पुलिस ने आरोपी युवक रविंद्र मिश्रा निवासी शिवाजी नगर के खिलाफ पॉक्सो के तहत अपहरण, दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया था। पुलिस जांच में स्पष्ट हुआ था कि आरोपी युवक शिवाजी नगर स्थित डिवाइन रेजीडेंसी होटल में लेकर आया था। होटल संचालक अंकुश यादव ने युवक की आईडी ली, लेकिन नाबालिग की आइडी दिए बिना कमरा दे दिया।

# आसमान में उठा धुएं का गुबार...कंपनी के गोदाम में लगी आग

**रुड़की , एजेंसी।**
ऋश्शहक्ष्मद्दद्ग स्त्रद्बह्द्ग हद्ग2ह्य~ रुड़की के भगवानपुर के रायपुर क्षेत्र स्थित एटेरो कंपनी के गोदाम में आग लगने से आफरातफरी मच गई।

रुड़की में भगवानपुर के रायपुर क्षेत्र स्थित एटेरो कंपनी के गोदाम में आग लगने से आफरा तफरी मच गई। गोदाम में मौजूद कर्मचारियों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम और पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया है।

पुलिस के अनुसार, कंपनी के गोदाम में करीब 11 बजे अचानक आग लग गई। आग लगता देखकर कर्मचारियों ने सूचना कंपनी प्रबंधन को दी। साथ ही आग पर काबू करने की कोशिश की लेकिन देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आग तेजी से फैलने लगी।



कंपनी प्रबंधन में आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही भगवानपुर, रुड़की, मंगलौर और लक्सर से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाना शुरू कर दिया है। घटनास्थल पर पुलिस भी मौजूद है। वहीं, बताया जा रहा है कि कंपनी में इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाया जाता है।

# पूछड़ी के ग्रामीणों ने डीएफओ दफ्तर घेरा



**रामनगर (नैनीताल), एजेंसी।** वन ग्राम पूछड़ी में वन विभाग की ओर से सात सौ से अधिक परिवारों को हटाए जाने के नोटिस के खिलाफ ग्रामीणों ने बुधवार को तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ कार्यालय का घेराव किया। बाद में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर लखनपुर चौराहे पर सामूहिक भूख हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी।

वन ग्राम पूछड़ी में गरीबों के घरों को तोड़े जाने पर रोक लगाने, जो व्यक्ति जहां पर निवास कर रहा है उसे वहीं पर मालिकाना हक देने, वन ग्रामों को राजस्व ग्राम बनाए जाने आदि मांग को लेकर लोगों ने जुलूस निकाला। बाद में डीएफओ और एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और पौड़ी सांसद के नाम ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को हर घर तिरंगा लगाने का आह्वान किया है लेकिन जब हमारे घर ही नहीं रहेंगे तो हम झंडा कहां फहराएंगे। ग्रामीणों ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर हमारे घरों के चूल्हे नहीं जलेंगे और सभी ग्रामीण सुबह 10 बजे से लखनपुर चौराहे पर सामूहिक भूख हड़ताल पर बैठकर धरना देंगे।

प्रदर्शन करने वालों में मो. ताहिर, रेनू, मधु चौधरी, सरस्वती जोशी, प्रिया, सुमित लोहनी, चंदन राम, पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी, वन ग्राम विकास संघर्ष समिति के एस लाल, महिला एकता मंच की ललिता रावत, संयुक्त संघर्ष समिति के ललित उप्रेती, समाजवादी लोकमंच के मुनीष कुमार, गुलाबी मजदूर केंद्र के रोहित रहेला, उपपा नेता प्रभात ध्यानी आदि शामिल रहे।

### पड़े-पड़े जंक खा रहे कूड़ा उठाने वाले वाहन

**ऋषिकेश, एजेंसी।** नगर पंचायत स्वर्गाश्रम जौंक में सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। निकाय को कुंभ मेले (वर्ष 2021) में करीब 15 लाख रुपये की लागत से छह कूड़ा ई-रिक्शा वाहन मिले थे, लेकिन आज तक उनका उपयोग नहीं किया गया। निकाय परिसर में पड़े-पड़े ई-रिक्शा वाहन जंक खा रहे हैं। ई-रिक्शा वाहनों की बैटरियां भी गायब हो गई हैं। कुंभ मेले में सफाई व्यवस्था के लिए मेला प्रशासन की ओर से नगर पंचायत स्वर्गाश्रम जौंक को करीब ढाई-ढाई लाख के छह कूड़ा ई-रिक्शा मिले थे। निकाय के अधिकारियों ने मेले के दौरान इसका उपयोग नहीं किया।

करीब तीन वर्ष से वाहन निकाय परिसर में पड़े-पड़े जंक खा रहे हैं। शीशा टूट गया हैं। बैटरियां गायब हो गई है। स्थानीय नागरिक शिवचंद राय ने बताया कि निकाय इन रिक्शों का सदुपयोग कर सकती थी। संकरी और तंग गलियों में ई-रिक्शा आसानी से चले जाते।

# रुद्रप्रयाग: विद्यालयों ने मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय से निकाली प्रभात फेरी

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में 78 वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज प्रात~ सात बजे से जनपद मुख्यालय में समस्त विद्यालयों ने मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय से बद्रीनाथ मार्ग पेट्रोल पंप तक प्रभात फेरी निकाली। वहीं इसी बीच विद्यालयों के छात्र छात्राएं देश भक्ति के गीत के साथ तिरंगे में रंगे नजर आए।

रुद्रप्रयाग में 78वां स्वतंत्रता दिवस उल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बच्चे से लेकर बूढ़े तक सभी आजादी दिवस को मनाते हुए दिखाई दे रहे है। साथ ही जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षण संस्थानों में भी धूमधाम के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया जा रहा है। जनपद के राजकीय संस्थानों में भी झंडारोहण के साथ देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों ुमन अर्पित की गई। इसके अतिरिक्त मिष्ठान वितरण कर एक दूसरे को स्वतंत्रता की बधाइयां दी।

वहीं जिलाध्यक्ष भाजपा, महावीर सिंह पंवार ने सभी को 78 वे स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन समस्त देशवासियों के लिए महत्वपूर्ण है। इसी दिन के लिए कई वीर बहादूरों ने अपनी जान न्योछावर करके देश को आजादी दिलाई थी।



# 181 सालों बाद सात योग में मनेगा रक्षाबंधन, इस समय तक रहेगा भद्रा का साया



**रुड़की, एजेंसी।** 181 वर्षों बाद सात शुभ योग में रक्षाबंधन मनाया जाएगा। आईआईटी रुड़की स्थित श्री सरस्वती मंदिर के पुजारी आचार्य पंडित राकेश शुक्ला ने बताया कि इस बार रक्षाबंधन 19 अगस्त को है। इस वर्ष रक्षाबंधन की खास बात यह है कि 181 वर्षों के बाद सात विशेष योग पड़ रहे हैं।

इसमें लक्ष्मी नारायण योग, बुधादित्य योग, शुक्र आदित्य योग, शशनामक राजयोग, सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग हैं। इन योगों से मां सरस्वती के साथ मां लक्ष्मी की विशेष कृपा रहेगी। भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होगी।

इस दौरान किए गए सभी शुभ कार्यों में सिद्धि प्राप्त होगी। वहीं लक्सर के ज्योतिषाचार्य विपिन शर्मा व पंडित संदीप भारद्वाज शास्त्री ने बताया कि रक्षाबंधन के पर्व के दिन सावन महीने का अंतिम सोमवार भी होगा। रक्षाबंधन के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है।

इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया होने से समय को लेकर के बड़ी असमंजस की स्थिति बन रही है। ज्योतिषाचार्य पंडित राकेश शुक्ला ने बताया कि पूर्णिमा तिथि के प्रारंभ होने के साथ ही भद्रा का भी प्रारंभ हो जाएगा जो अपराह्न 1~30 तक रहेगी।

ऐसा कहा जाता है कि भद्रा काल के दौरान शूर्पणखा ने अपने भाई रावण को रक्षासूत्र बांधा था, इसलिए भगवान श्री राम द्वारा उसका सर्वनाश हो गया था।

# हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार से हरिद्वार का संत समाज गुस्से में

**हरिद्वार, एजेंसी।**
बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और हमलों के विरोध में तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर शुक्रवार को संत समाज ने हरकी पैड़ी से आक्रोश रैली निकाली। रैली निकालने से पूर्व उन्होंने हरकी पैड़ी पर गंगा पूजन कर मां गंगा से हिंदुओं की रक्षा की प्रार्थना की और आशीर्वाद लिया।

इस मौके पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के पूर्व प्रवक्ता और अखिल भारतीय संत समिति के प्रवक्ता बाबा हठयोगी ने कहा कि बांग्लादेश में जो लोग भी आंदोलनकारी हैं, उनका आक्रोश वहां की सरकार के प्रति और प्रधानमंत्री के प्रति था। उनका आंदोलन भी उसी के खिलाफ था। परंतु आश्चर्यजनक है कि जब वहां पर उनकी मांग पूरी हो गई और प्रधानमंत्री इस्तीफा देकर देश छोड़कर चली गई, सरकार बदल गई तो उनके निशाने पर हिंदू आ गए। ऐसा क्यों, आरोप लगाया कि ऐसा जानबूझकर किया



गया और सनातन विरोधी तत्वों ने आंदोलन का सहारा लेकर हिंदुओं को अपने निशाने पर रखा। उन्होंने बांग्लादेश की नवनियुक्त सरकार और उसके मुखिया से मांग की कि ऐसे सामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। संतों ने भारत सरकार से इस मामले में बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करवाने की मांग की।

# दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे रेजिडेंट डॉक्टर, मरीज परेशान

**ऋषिकेश, एजेंसी।** एम्स में रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। इसकी वजह से स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई। दूर-दूर से आए मरीज परेशान हुई। कई बिना उपचार कराए वापस लौट गए। रेजिडेंट डॉक्टरों का कहना है कि जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती, कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। ट्रॉमा व आपातकालीन विभाग में सामान्य दिनों की तरह कामकाज हुए।

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक महिला रेजिडेंट डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। जिसके विरोध में देश भर के रेजिडेंट डॉक्टर बीते मंगलवार से हड़ताल पर हैं। एम्स के रेजिडेंट डॉक्टर भी आक्रोशित हैं और पिछले दो दिन से हड़ताल पर हैं।

बुधवार को रेजिडेंट डॉक्टरों ने एम्स परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। आरडीए के अध्यक्ष डॉ. सावन व महासचिव डॉ. कार्तिक ने बताया कि संबंधित मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को निलंबित किए जाने, पीड़ित परिवार को मुआवजा दिए जाने व जल्द न्याय दिए जाने की मांग के लिए रेजिडेंट डॉक्टर कार्य बहिष्कार पर हैं।

जब तक मांगे पूरी नहीं होंगी, कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। रेजिडेंट डॉक्टरों के कार्य बहिष्कार के चलते मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई मरीजों के ऑपरेशन भी नहीं हो पाए।

# देश भर में मनाया गया काम की राजनीति के सूत्रधार केजरीवाल का जन्मदिन

## तिहाड़ जेल के बाहर आप नेताओं-कार्यकर्ताओं ने केक काटकर सीएम केजरीवाल को जन्मदिन की दी बधाई

- दिल्ली की लाखों माताओं-बहनों और बुजुर्गों ने अपने बेटे-भाई केजरीवाल की लंबी उम्र और जल्द बाहर आने की ईश्वर से प्रार्थना की

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



देश में काम की राजनीति के सूत्रधार, आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जन्मदिन शुक्रवार को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात समेत देशभर में आम आदमी पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, केरल के सीएम पिनरई विजयन, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत कई दलों के नेताओं ने सीएम केजरीवाल को जन्मदिन की बधाई दी। दिल्ली में लाखों माताओं-बहनों और बुजुर्गों ने अपने बेटे व भाई अरविंद केजरीवाल की लंबी उम्र और उन्हें जल्द बाहर आने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। जबकि आप कार्यकर्ताओं ने तिहाड़ के बाहर केक काटकर मुख्यमंत्री को उनके जन्मदिन पर बधाई दी।

आम आदमी पार्टी का कहना है कि आजादी के 75 वर्षों में देश में पहली बार ऐसा नेता आया, जिसने काम की राजनीति की शुरूआत की। अरविंद केजरीवाल देश में काम की राजनीति के सूत्रधार हैं। उन्होंने देश को शानदार बिजली-पानी, शिक्षा-स्वास्थ्य का मॉडल देकर पूरी दुनिया में भारत का नाम ऊंचा किया। दिल्ली में माताओं-बहनों को मुफ्त बस सफर और बुजुर्गो को तीर्थयात्रा कराने वाले सीएम केजरीवाल आज अपने जन्मदिन पर एक साजिश के तहत तानाशाह की कैद में हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल के जन्मदिन पर उनकी धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, दिल्ली के लोग अपने सीएम अरविंद केजरीवाल के जन्मदिन पर बधाई भेज रहें हैं। सभी को बहुत धन्यवाद। इस राजनैतिक षड्यंत्र में मुझे पूरा विश्वास है कि देश का संविधान अभी कायम है। सुप्रीम कोर्ट लोकतंत्र की रक्षा करते हुए जल्द ही न्याय देगा।

आप नेताओं-मंत्रियों ने केजरीवाल को दी जन्मदिन की बधाई

आप के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सीएम अरविंद केजरीवाल के जन्मदिन पर केजरीवाल के लिए बने गाने बंदे में है दम, वंदे मातरम को पोस्ट किया और लिखा, देश में तानाशाही के खिलाफ सबसे कठिन लड़ाई लड़ने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री, मेरे प्रिय मित्र और राजनीतिक गुरु अरविंद केजरीवाल को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं। हमें गर्व है कि हम एक ऐसे देशभक्त और क्रांतिकारी नेता के सिपाही हैं, जिन्होंने तानाशाह के सामने घुटने टेकने के बजाय जेल जाना चुना। अरविंद केजरीवाल के रूप में आज देश का लोकतंत्र जेल में कैद है।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपने एक्स हैंडल से अरविंद केजरीवाल को जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा कि देश की राजनीति को नई दिशा देने वाले क्रांतिकारी नेता और आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्य सभा सदस्य संजय सिंह ने अरविंद केजरीवाल को जन्मदिन की बधाई देते हुए अपने एक्स अकाउंट से चंद पंक्तियां पोस्ट करते हुए लिखा कि हम अमन चाहते हैं, मगर जुल्म के खिलाफ। गर जंग लाजमी है, तो फिर जंग ही सही। अरविंद केजरीवाल की बहादुरी को सलाम, जन्म दिन की ढेर सारी शुभकामनाएं।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ. संदीप पाठक ने सीएम केजरीवाल को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि उनका जन्मदिन हमारे और इस देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। देश में घिसी-पिटी पुरानी राजनीति चल रही थी, उसे ध्वस्त कर एक नई राजनीति को देने का काम हरियाणा के शिवानी के बेटे अरविंद केजरीवाल ने किया है। आज पूरा देश और दुनिया अरविंद केजरीवाल की तरफ देख रही है। आज षड्यंत्र कर उनको जेल में डाला गया है। आजकल दुराचारी लोग राजनीति में आगे बढ़ रहे हैं और ईमानदार आदमी को जेल में डाला जा रहा है। अरविंद केजरीवाल जल्द ही जेल से बाहर आएंगे और हरियाणा में चुनाव प्रचार कर बदलाव का आवाज करेंगे। आप दिल्ली के प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने ट्वीट कर लिखा, ह्वन सिर झुका है कभी, और न झुकने देंगे कभी, जो अपने दम पर जिएं, सच में जिंदगी है वही। देश की राजनीति को नई दिशा देने वाले हम सबके आदर्श दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

आप के वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया पर लिखा, आज हमारे नेता अरविंद केजरीवाल का जन्मदिन है और वे एक झूठे मामले में सलाखों के पीछे हैं। हनुमान जी से प्रार्थना है कि वे अपने भक्त अरविंद केजरीवाल जी के संकट को जल्द दूर करें।

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और मंत्री आतिशी ने ह्वएक्सह्व पर लिखा कि आज आधुनिक भारत के क्रांतिवीर अरविंद केजरीवाल का जन्मदिन है, जिन्होंने अपने शासन मॉडल से दिल्ली की दिशा बदल दी। अपनी ईमानदारी की राजनीति से दिल्ली के लोगों को नई उम्मीद दी। तानाशाही से लड़ते हुए लाखों लोगों के भविष्य को संवारने वाले अरविंद जी आज झूठे केस में जेल में बंद हैं। लेकिन सच्चाई की जीत होगी, दिल्लीवालों के चहेते मुख्यमंत्री बाहर आएंगे। आप के वरिष्ठ नेता और मंत्री इमरान हुसैन ने एक्स पर कहा, दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। मैं आपके अच्छे स्वास्थ्य, लंबे जीवन और दिल्ली व देश की सेवा में निरंतर सफलता के लिए दुआ करता हूं।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने अरविंद केजरीवाल को जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए एक भावुक संदेश लिखा। उन्होंने कहा कि आज, हम केवल एक व्यक्ति का जश्न नहीं मना रहे हैं, बल्कि एक घटना का जश्न मना रहे हैं। अरविंद केजरीवाल, आपने साबित किया है कि ईमानदारी और सेवा राजनीति का केंद्र हो सकती है। आप एक आधुनिक भारत के स्वतंत्रता सेनानी हैं

# शकूरबस्ती रेलवे दिल्ली के रेलवे स्काउट एंड गाइड शकूरबस्ती द्वारा 78वां स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




दिल्ली पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी समर्थ सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर पूर्व जीएफओ आर के मेहता, मादीपुर पंचायत प्रमुख सुधीर शर्मा, पूर्व रेलवे यूनियन के रमेश यादव, प्रदीप कोषाध्यक्ष रेलवे यूनियन नार्थ, सवित उपाध्यक्ष व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। बच्चों ने संस्कृतिक, देशभक्ति का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की हमारे वीर जवान देश की रक्षा के लिए सीमाओं पर मुस्तैद है।ओर देश के अंदर शान्ति व सौहार्द के लिए दिन रात तत्पर रहते है। वहीं आज हमें पर्यावरण को बचाने के लिए प्रधानमंत्री जी के आवाहन एक पेड़ मां के नाम को सार्थक करने के लिए आगे आना होगा। सभी प्रण लें की हम एक पेड़ अवश्य लगाएंगे। और इस धरा व आने वाले पीढ़ी को बचाने के लिए पर्यावरण पर जोर देंगे। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी समर्थ सिंह ने कहा आओ हम सब मिलकर देश के लिए सामाजिक और संस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें ओर आगे बढ़ाए।

कार्यक्रम के संयोजक आर के मेहता ने सभी मुख्य अतिथियो का स्वागत किया ओर सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

इस मौके पर पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव व रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी समर्थ सिंह ने बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए।

# दिल्ली विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय श्री चरती लाल गोयल को आठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में दिल्ली विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व.श्री चरती लाल गोयल जी की आठवीं वीं पुण्यतिथि पर उन्हें उनके लाखों चाहने वालों की ओर से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा चरती लाल गोयल जी एक नेकदिल इंसान, कुशल प्रशासक, लोकप्रिय जननेता थे। वे मेरे पिता तुल्य थे। उनके सानिन्ध्य में बरसों तक उनके स्नेह की शीतल छाया में पुष्पित और पल्लवित होने का मुझे सौभाग्य मिला।

## पिटाई का बदला लेने के लिए युवक की हत्या, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। जाफराबाद के चौहान बांगर इलाके में पिटाई का बदला लेने के लिए युवक की हत्या मामले में पुलिस ने गुरुवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उत्तर पूर्वी जिला एएटीएस को इनके पास से दो सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, पांच कारतूस और स्कूटी बरामद हुई है। इनमें से एक पिस्टल और स्कूटी हत्या की वारदात में इस्तेमाल की गई थी। पकड़े गए आरोपियों की पहचान चौहान बांगर निवासी सुहैल और ब्रह्मपुरी निवासी मेहरान के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी मेहरान और रिजवान के बीच करीब दो महीने पहले झगड़ा हुआ था। इस दौरान रिजवान ने मेहरान की जमकर पिटाई कर दी थी। इसी का बदला लेने के लिए दोनों आरोपी रिजवान के पास गए। मेहरान ने रिजवान को बातों में उलझाया। इसी दौरान सुहैल ने रिजवान के सिर में गोली मार दी। उत्तर पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि रिजवान की हत्या 13 अगस्त को हुई थी। पूछताछ में पता चला कि दो अज्ञात लोगों ने गोली चलाई है।

# दिल्ली पुलिस ने मानी बात, प्रदर्शनकारी छात्रों ने खत्म किया धरना

नई दिल्ली। दिल्ली में 27 जुलाई को यूपीएससी की तैयारी करने वाले तीन छात्रों की बेसमेंट में डूबने से मौत हो गई। जिसके अगले दिन से लगातार छात्र न्याय की मांग करते हुए ओल्ड राजिंदर नगर में विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे। गुरुवार को छात्रों ने तब अपना धरना स्थगित कर दिया, जब दिल्ली पुलिस ने उनके मुद्दों पर ध्यान देने के लिए छात्र शिकायत केंद्र स्थापित करने पर सहमति जताई। इससे पहले दिन में छात्रों ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर धरना स्थल के पास ह्वतिरंगाह्व मार्च निकाला, जिसके बाद डिप्टी पुलिस कमिश्नर (मध्य) हर्षवर्धन ने मौके पर मौजूद छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ह्वहम विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से ही आपके साथ हैं। हमने आपकी सभी शिकायतें सुनी हैं। पटेल नगर, करोल बाग और राजिंदर नगर में हमारे बीट अधिकारियों ने मुद्दों को समझने के लिए आप में से 2,000 लोगों से बात की है। हमने आपको होने वाली किसी भी समस्या से निपटने के लिए यहां एक छात्र शिकायत केंद्र स्थापित करने का फैसला किया है। बूथ को जल्द ही स्थापित किया जाएगा।ह्व डीसीपी ने कहा कि बूथ पर छात्रों के लिए एक रजिस्टर रखा जाएगा, जिसमें वे अपनी शिकायतें लिख सकते हैं। उन्होंने कुछ दिनों के अंदर इन शिकायतों पर कार्रवाई करने का वादा किया। 28 साल के संस्कार जैन नामक प्रदर्शनकारी ने कहा कि उन्होंने अस्थायी रूप से विरोध प्रदर्शन बंद कर दिया है, क्योंकि उन्हें अक्टूबर में परीक्षा देनी है। उन्होंने कहा, ह्वहम सभी को पढ़ाई करनी है। हमारी शिकायतें सुनी गईं और कुछ पर कार्रवाई भी की गई। अगर हमें लगेगा कि कोई उदासीन रवैया अपनाया जा रहा है, तो हम फिर से प्रदर्शन शुरू करेंगे।ह्व 27 जुलाई की रात को, सिविल सेवा की तैयारी करने वाले तीन छात्र- 22 साल की तान्या सोनी, 25 साल की श्रेया यादव और 29 साल के नेविन डेल्विन, की राव कोचिंग के बेसमेंट में डूबने से मौत हो गई थी। तीनों कोचिंग सेंटर का गेट टूटने के बाद बेसमेंट में पानी भरने की वजह से फंस गए थे, जहां कथित तौर पर लाइब्रेरी चल रही थी। जब पानी भरी सड़क से इमारत के अंदर पानी घुसा, तो वे तीनों अंदर फंस गए और डूबने से काल के गाल में समा गए।

# देश के प्रति कर्तव्यों की याद दिलाकर फहराया तिरंगा







प्रात : किरण संवाददाता

पश्चिमी दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पंचकोसी फाउंडेशन द्वारा विकासपुरी विधानसभा के जय विहार में आयोजित स्वतंत्रता दिवस उत्सव में तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष सुशील कुमार देव ने कहा, ह्वदेश हमारे लिए बहुत कुछ करता है, मगर हम देश के लिए क्या कुछ कर पाते हैं, इस पर हमें विचार करना चाहिए। हम अपने अधिकारों को तो याद रखते हैं, लेकिन कर्तव्य अक्सर भूल जाते हैं। समाज और देश सर्वोपरि हैं, और हमें इनके लिए भी थोड़ा समय निकालकर योगदान देना चाहिए। पंचकोसी पिछले 10 वर्षों से लगातार स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। बच्चों के लिए देशभक्ति क्विज प्रतियोगिता विशेष तौर पर आयोजित होता है। इस वर्ष भी बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों और स्थानीय बुद्धिजीवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से देशभक्ति भाषण,कविता पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल रहे। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी कला से देशभक्ति का रंग बिखेरा और जोशीले भाषण, कविताएं और मनमोहक नृत्यों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर सरहद पर मिटने वाले शहीद सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और सीमाओं पर तैनात वीर जवानों को याद किया गया। समारोह में मुख्य रूप से सुनील तिवारी, उमाशंकर, अंकित पंडित, राजेंद्र प्रधान, जीतेंद्र लाल, एसके वर्मा, विनोद सिंह, राजू विश्वकर्मा, राजू दूबे और स्थानीय सर्वसमाज रामलीला कमेटी से विनोद पंत और आनंद बिष्ट समेत कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

# सभी विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंचेगी कांग्रेस, 100 दिन के अभियान का आगाज

नई दिल्ली । कांग्रेस ने दिल्ली में 100 दिवसीय संविधान रक्षा अभियानह्व शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य भारत के संविधान की रक्षा करना और पूरे देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। साथ ही इस अभियान का मकसद एससी/एसटी समुदाय का समर्थन जुटाना भी है। अभियान का उद्घाटन एआईसीसी के कोषाध्यक्ष और सांसद अजय माकन और एआईसीसी के अनुसूचित जनजाति विभाग के अध्यक्ष राजेश लिलोठिया ने किया। दिल्ली के सभी विधानसभा क्षेत्रों को लक्षित करते हुए 27 नवंबर तक यह अभियान चलेगा।

अजय माकन ने घोषणा की कि अभियान ने अब तक देश भर में 300000 संविधान रक्षक जुटाए हैं। अब यह अभियान विशेष रूप से दिल्ली में शुरू किया गया है। अगले 100 दिनों में दिल्ली के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर इन रक्षकों को स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं भी एक संविधान रक्षक हूं, जिसके लिए मैं आभारी हूं। अभियान के लॉन्चिंग के दौरान माकन ने शांति और स्थिरता बनाए रखने में भारत के संविधान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इसकी तुलना उन पड़ोसी देशों से की, जहां लोकतांत्रिक मूल्य कम हो गए हैं। कहा कि हमारा संविधान हमारे देश को हमारे पड़ोसियों से अलग बनाता है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि जहां पड़ोसी देशों में अराजकता है, वहीं भारत में मजबूत संवैधानिक ढांचे के कारण शांति बनी हुई है। माकन ने आरोप लगाया कि कुछ ताकतें समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों की प्रगति में बाधा डालने के लिए संविधान को कमजोर करने पर आमादा हैं। ऐसी ताकतें नहीं चाहतीं कि देश के पिछड़े और वंचित वर्ग प्रगति करें, इसलिए वे हमारे संविधान पर हमला करती हैं। उन्होंने भाजपा पर दो चुनाव जीतने के बाद और 2024 के आम चुनाव शुरू होने से पहले संवैधानिक बदलाव की वकालत करने का आरोप लगाया।

# पुरानी रंजिश में युवक के सिर में मारी गोली, एएटीएस ने दो आरोपियों को पकड़ा

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली में रिजवान नाम युवक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की गुत्थी को एएटीएस ने सुलझा लिया है। एएटीएस ने हत्या में शामिल दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल दो पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया है कि पुरानी रंजिश की वजह से उन्होंने रिजवान की हत्या की है। उत्तर पूर्वी दिल्ली के डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया की आरोपी की पहचान सुहैल(22) और मेहरान(22) के तौर पर हुई है।

डीसीपी ने बताया कि 13 अगस्त को चौहान बांगर क्षेत्र में गोलीबारी की घटना के संबंध में एक जाफराबाद थाने को मिली थी। जहां रिजवान नाम का युवक खून से लत पथ हालत में मिला। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। इंस्पेक्टर योगेश वशिष्ठ के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी निगरानी, स्थानीय स्त्रोतों से खुफिया जानकारी जुटाई। क्षेत्र में लगे कैमरों की सीसीटीवी फुटेज की स्कैनिंग एवं विश्लेषण के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की गई। गुप्त सूचना के आधार पर लोनी रोड पर स्कूटी से जा रहे दोनों आरोपी सोहैल और मेहरान को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके कब्जे से 2 पिस्तौल और 5 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पूछताछ में उन्होंने ने अपना अपराध स्वीकार किया है। आरोपियों ने बताया कि मृतक के साथ उनकी पुरानी दुश्मनी थी। उन्होंने बताया कि अपराध के समय आरोपी मेहरान ने रिजवान को बातचीत में उलझाए रखा और दूसरे आरोपी सुहैल ने उसके सिर में पीछे से गोली मार दी और मौके से भाग गए।

# रेलवे ट्रैक के आसपास मच्छर रोधी दवा का छिड़काव

नई दिल्ली। रेलवे की ओर से नई दिल्ली क्षेत्र में मच्छर मारने के लिए विशेष ट्रेन चलाई गई है। दिल्ली क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के किनारे मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए शुक्रवार से एक विशेष ट्रेन मॉस्किटो टर्मिनेटर ऑन व्हील्स का संचालन शुरू किया गया है। ये मॉस्किटो टर्मिनेटर ऑन व्हील्स ट्रेन प्रत्येक फेरे में लगभग 75 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इस दौरान रेल की पटरियों के किनारे एंटी लार्वा का छिड़काव करेगी। इससे गड्ढों एवं रेल की पटरियों के आसपास एकत्रित पानी में मच्छर नहीं पैदा होंगे। मच्छरों को पनपने से रोकने, उन्हें नियंत्रित करने तथा लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह मच्छर मार विशेष रेलगाड़ी चलाई गई है। दिल्ली नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराए गए एक ट्रक माउंटेड पावर स्प्रेयर को रेलगाड़ी के वैगन पर लोड किया गया है, यह ट्रेन आवाजाही के दौरान करीब 50 से 60 मीटर की दूरी तक के क्षेत्रों में मच्छरों को मारने के लिए एंटी लार्वा स्प्रे का छिड़काव कर रही है। यह विशेष ट्रेन शुक्रवार को आदर्श नगर, बादली के रास्ते राठधना से गुजरते हुए नई दिल्ली लौटी। कार्यक्रम के अनुसार आगामी दिनों में 21 अगस्त तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तथा अन्य क्षेत्रों में ट्रेन से एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाएगा।

मच्छरों के प्रजनन के चरम मौसम को कवर करने के लिए प्रत्येक सप्ताह 6 सप्ताह में कुल 12 राउंड छिड़काव (प्रत्येक मार्ग पर दो राउंड) किया जाएगा। इससे मच्छरों के लार्वा के प्रजनन और मच्छरों के खतरे के प्रसार में कमी आएगी और इनसे फैलने वाली बीमारियों का संकट कम होगा। रेलवे कॉलोनियों और रेलवे भूमि में मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए रेलवे आवश्यक उपाय कर रहा है। इसके अतिरिक्त रेलवे की ओर से ओवरहेड टैंकों की सफाई और पानी की टंकियों के गायब या क्षतिग्रस्त ढक्कनों की जगह नए ढक्कन लगाए जा रहे हैं। मेयर के पहुंचने से पहले ट्रेन की गई रवानाः आम आदमी पार्टी की ओर से आरोप लगाया जा रहा है कि हर साल मॉस्किटो टर्मिनेटर ऑन व्हील्स ट्रेन को दिल्ली नगर निगम के मेयर द्वारा हरी झंडी दी जाती है। इस बार मेयर शैली ओबराय को 11:25 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी देनी थी। आरोप है कि उनके पहुंचने से पहले ही शुक्रवार सुबह 10:45 बजे ट्रेन को रवाना कर दिया गया। इस मामले में रेलवे दिल्ली डिवीजन के सीनियर पीआरओ अजय माईकल का कहना है कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

किस दिन कहां पर होगा छिड़काव ह्ल17 अगस्त व 13 सितंबर को नई दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन, लाजपत नगर, सेवा नग, लोधी कालोनी, सफदरजंग, पटेल नगर, दिल्ली किशनगंज, दिल्ली सदर बाजार, 23 अगस्त व 14 सितंबर को नई दिल्ली से सदर बाजार, पुरानी दिल्ली से सदर बाजार, सराय रोहिल्ला से पटेल नगर, दिल्ली कैंट से पालम गुरुग्राम तक छिड़काव होगा। 24 अगस्त व 14 सितंबर को नई दिल्ली से पुरानी दिल्ली के बीच, पुरानी दिल्ली से शहदरा, तिलकब्रिज से नई दिल्ली के बीच छिड़का किया जाएगा।

30 अगस्त व 20 सितंबर को नई दिल्ली से पुरानी दिल्ली, पुरानी दिल्ली से शहदरा- हेबटा हाजीपुर, नोली और वापी में नई दिल्ली तक छिड़काव होगा।

31 अगस्त व 30 सितंबर को नई दिल्ली से हजरत निजामुद्दीन, ओखला, तुकलगाबाद, फरीदाबाद तक और इसके बाद वापसी में नई दिल्ली तक।

06 सितंबरः नई दिल्ली से रथधाना तक आदर्श नगर और बादली तक एटी लार्वा का छिड़काव किया जाएगा।

07 सितंबरः नई दिल्ली से हजरत निजामुद्दीन तक, लाजत नगर, सेवा नगर, लोधी कालोनी में एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाएगा।

# जनकपुरी में आप नेताओं और कार्यकताओं ने मनाया सीएम केजरीवाल का जन्मदिन

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का आज जन्मदिन है। यह पहला उनका जन्मदिन है जब वो तिहाड़ जेल में बंद हैं। इसके बावजूद दिल्ली में जगह-जगह आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने केजरीवाल के जन्मदिन को पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया। इस मौके कार्यकताओं ने केक भी काटा है। कार्यकताओं ने केक को खास तौर पर ऐसा बनाया, जिस पर अरविंद केजरीवाल की तस्वीर लगाई गई है। यह लोग अरविंद केजरीवाल के 56वें जन्मदिन को उसी जोश और उत्साह के साथ मनाया, जैसा उनके जेल जाने से पहले हर साल मनाया करते थे।

इस मौके पर आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश कुमार का साफतौर पर कहना है कि वह भले ही जेल में हो लेकिन पार्टी के कार्यकताओं के मन में कोई उत्साह में कमी नहीं है।

सुरेश कुमार ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि वह जल्द जेल से बाहर आएंगे। इतना ही नहीं पत्रकारों ने जब पूछा कि कुछ महीनों बाद दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में अगर केजरीवाल जेल में रहते हैं तो चुनाव पर क्या असर पड़ेगा? इस बारे में कार्यकताओं का साफ कहना है कि अगर केजरीवाल जेल से बाहर नहीं भी आते हैं तब भी इस बार चुनाव में हालात एक तरफ होगा। दिल्ली की सभी विधानसभा आम आदमी पार्टी जीतेगी। बता दें, सीएम केजरीवाल अभी शराब घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं। ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को हिरासत में लिया। उन्होंने मई में 21 दिन की अंतरिम जमानत हासिल की, जिसे लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए शीर्ष अदालत ने मंजूर किया था। वहीं 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने ईडी मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी थी। हालांकि, इसी मामले में 26 जून को सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी के बाद से केजरीवाल हिरासत में ही हैं।

# केजरीवाल सरकार पर सीएजी रिपोर्ट दबाने का आरोप, विधानसभा में पेश करने के लिए एलजी ने स्पीकर को लिखा पत्र

## दिल्ली सरकार की विवादास्पद दिल्ली आबकारी नीति और उसकी ऑडिट रिपोर्ट काफी महत्वपूर्ण है।

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली सरकार पर अलग-अलग विभागों के कुल 11 सीएजी रिपोर्ट दबाने का आरोप लगाया है। उपराज्यपाल ने शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल को पत्र लिखकर सीएजी रिपोर्ट विधानसभा में सदन पटल पर रखने को कहा है।

पत्र में एजी ने सरकार के वित्त, प्रदूषण, दिल्ली में शराब के विनियमन और आपूर्ति, सार्वजनिक उपक्रमों और सामाजिक और सामान्य क्षेत्रों से संबंधित विभागों के खातों और शेल्टर होम से संबंधित कुल 11 सीएजी रिपोर्ट वित्त मंत्री आतिशी के पास लंबित होने की बात कही है। इनमें से कुछ रिपोर्ट 2022 से लंबित हैं।

उपराज्यपाल ने पत्र में लिखा है कि वर्ष 2017-18 से 2021-22 की अवधि के दौरान दिल्ली में शराब की खरीद-बिक्री से संबंधित ऑडिट पर सीएजी की रिपोर्ट 4 मार्च 2024 को दिल्ली सरकार को भेजी गई थी, और यह 11 अप्रैल 2024 से मंत्री आतिशी के पास लंबित है। दिल्ली सरकार की विवादास्पद दिल्ली आबकारी नीति और उसकी ऑडिट रिपोर्ट काफी महत्वपूर्ण है। इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। जिसे बाद में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद केजरीवाल सरकार ने रद्द कर दिया था।

उपराज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को लिखा है कि 18 जुलाई 2024 को दिल्ली के लेखा नियंत्रक ने एलजी सचिवालय को सूचित किया कि उपरोक्त सभी सीएजी ऑडिट रिपोर्ट वित्त मंत्री आतिशी के पास लंबित है। एलजी ने पत्र लिखकर आग्रह किया है कि इन रिपोर्टों को जल्द से जल्द विधानसभा में पेश किया जाए।

मुख्यमंत्री से भी किया था अनुरोधः उपराज्यपाल सचिवालय ने बताया कि 22 फरवरी को उपराज्यपाल ने सभी लंबित 11 सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा में पेश किए जाने में देरी के संबंध में सीएम अरविंद केजरीवाल को भी लिखा था। तब उनसे अनुरोध किया था कि वे वित्त मंत्री को सलाह दें कि वे इन्हें विधानसभा के समक्ष पेश करें।

क्या है नियमः दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991 की धारा 48 के साथ संविधान के अनुच्छेद 151 और दिल्ली सरकार के नियम 210 के अनुसार, राज्य के वित्त और दिल्ली में शासन से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों के प्रदर्शन पर सीएजी रिपोर्ट रखना संवैधानिक जनादेश है। उपराज्यपाल ने कहा, ह्लसीएजी रिपोर्ट को विधानसभा में न रखकर, दिल्ली सरकार विधानसभा और बड़े पैमाने पर जनता की जांच से बच रही है, जो लोकतांत्रिक जवाबदेही के आधार को कमजोर कर रही है। एलजी ने कहा, लंबित रिपोर्ट को दिल्ली विधानसभा के समक्ष रखने के मामले में दिल्ली सरकार द्वारा इस तरह की चूक उनके संवैधानिक दायित्वों की घोर उपेक्षा है। बता दें, इससे पहले भी दिल्ली जल बोर्ड और दिल्ली में निजी बिजली डिस्कॉम के कामकाज सहित कई सीएजी रिपोर्टों को आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा जानबूझकर कई वर्षों तक लंबित रखा गया था।


**CATVISION LIMITED**

CIN: L92111DL1985PLC021374

Regd. Office : H-17/202, Second Floor, Main Vikas Marg, Laxmi Nagar, Delhi-110092

Tel.:+91(120) 4936750, Website: www.catvisionindia.com Email: catvision@catvisionindia.com

Extract of Un-audited Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter ended 30th June, 2024

(Rs. in lakhs)

| S. No. | Particulars | Standalone | | | | Consolidated | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended 30.06.2024 (Un-audited) | Quarter ended 31.03.2024 (Audited) | Quarter ended 30.06.2023 (Un-audited) | Year ended 31.03.2024 (Audited) | Quarter ended 30.06.2024 (Un-audited) | Quarter ended 31.03.2024 (Audited) | Quarter ended 30.06.2023 (Un-audited) | Year ended 31.03.2024 (Audited) |
| 1 | Total Income from operations | 480.46 | 496.98 | 512.02 | 2,009.20 | 480.46 | 496.98 | 512.02 | 2,009.20 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 11.23 | 0.36 | (3.19) | (35.56) | 11.23 | 0.36 | (3.19) | (35.56) |
| 3 | Net Profit for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 11.23 | 649.35 | (3.19) | 613.43 | 12.42 | 641.57 | 1.60 | 603.45 |
| 4 | Net Profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 11.23 | 645.79 | (3.19) | 609.86 | 12.42 | 638.01 | 1.60 | 599.89 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)] | 11.23 | 645.30 | (3.19) | 609.37 | 12.42 | 637.52 | 1.60 | 599.40 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face Value of Rs. 10/- each) | 545.36 | 545.36 | 545.36 | 545.36 | 545.36 | 545.36 | 545.36 | 545.36 |
| 7 | Earnings Per Share (Face Value of Rs. 10/- each) Basic: (in Rs.) Diluted: (in Rs.) | 0.21 0.21 | 11.83 11.83 | (0.06) (0.06) | 11.17 11.17 | 0.23 0.23 | 11.69 11.69 | 0.03 0.03 | 10.99 10.99 |

Note:
1) The above is an extracts of Un-audited Standalone & Consolidated Financial Results which were reviewed by the Audit Committee and thearefter approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 14th August, 2024.
2) The above results are prepared in accordance with the Indian Accounting Standards as prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with the relevant rules issued thereunder, as amended.
3) The above is an extract of the detailed format of the Un-audited Standalone & Consolidated Financial Results for the quarter ended 30th June, 2024 filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the above financial results are available on the website of the Stock Exchange www.bseindia.com and on the Company's website www.catvisionindia.com.

For and on behalf of the Board of Directors
Sd/-
Syed Athar Abbas
Managing Director
DIN: 00770259

Place: Noida, U.P
Date: 14.08.2024

## संक्षिप्त खबरें

### गिद्धौर प्रखंड कार्यालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

गिद्धौर ।प्रखंड मुख्यालय गिद्धौर का औचक निरीक्षण शुक्रवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार के द्वारा किया गया। इस दौरान डीएम की गाड़ी देख कर्मियों एवं पदाधिकारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान डीएम राकेश कुमार ने आरटीपीएस काउंटर का निरीक्षण किया एवं कर्मियों को शख्त हिदायत देते आमजनों को आरटीपीएस से जुड़ी सेवाओं का अक्षरसः लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया। इधर निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी को अपने जमीन से जुड़े समस्याओं से उन्होंने अवगत कराया।इस दौरान गिद्धौर के पतसंडा निवासी गोपाल रावत,अरुण यादव सहित अन्य फरियादी द्वारा जमीन परिमार्जन को लेकर विगत छः माह से अंचल कार्यालय के कर्मियों एवं पदाधिकारियों द्वारा चक्कर लगवाने एवं कार्य निष्पादन नही किये जाने की डीएम से शिकायत की।जिसपर जिलाधिकारी ने आम जनमानस के कार्यों को प्राथमिकता दे उनका अविलंब निदान करने का अधिकारियों को निर्देश दिया।उन्होंने निरीक्षण के क्रम में कहा कि अगर बिचोलिया गिरी एवं दलालों की बात सामने आती है तो हमें सूचित करें संबंधित विभागीय कर्मी एवं अधिकारी पर कारवाई की जाएगी। इस मौके पर प्रखंड के कई अधिकारी मौजूद थे।

### महिला के साथ हुआ दुष्कर्म, प्राथमिकी हुई दर्ज

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के सर्किल नंबर एक बोड़वा क्षेत्र में एक दातुन बेचने वाली महिला के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। जिसको लेकर पीड़िता के ब्यान पर थाना में प्राथमिकी दर्ज कि गई है। दर्ज आवेदन में पीड़िता ने बताया कि वह क्षेत्र में दातुन बेचने के लिए जा रही थी कि तभी रास्तें में सुनसान जगह पर पागो तुरी ने अपनी बातों में फंसाकर झाड़ियों में जबरन ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और किसी से कहे जाने पर अंजाम बूरा होने की धमकी दिया। इस संदर्भ में महिला के द्वारा दर्ज कराए गए आवेदन के आधार पर पुलिस नामजद के खिलाफ आगे की कार्रवाई करने में जुट चुकी है।

# लक्ष्मीपुर प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 78 वां स्वतंत्रता दिवस

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई /लक्ष्मीपुर प्रखंड में 78 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यालय में प्रखंड प्रमुख बिन्दु देवी, लक्ष्मीपुर थाना में थानाध्यक्ष आलोक कुमार , मनरेगा कार्यालय में पीओ कौशलेंद्र कुमार, प्रखंड संसाधन केन्द्र लक्ष्मीपुर में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तारकेश्वर मिश्र, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में अंचलाधिकारी रविकांत,बाल विकास परियोजना कार्यालय में सीडीपीओ सरोज हांसदा, रेफरल अस्पताल लक्ष्मीपुर में चिकित्सा प्रभारी डा०धीरेन्द्र कुमार धुसिया और थाना परिसर में थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने निर्धारित समय पर झंडोत्तोलन किया। वहीं जनप्रतिनिधि भवन में जमुई वार्ड संघ के जिला अध्यक्ष मनोज सिंह ने हर्षोल्लास के साथ झंडोत्तोलन किया।इसके पूर्व प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित स्वतंत्रता सेनानियों और बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर लोगों ने नमन किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम प्रकाश के नेतृत्व में सीओ रविकांत, प्रखंड प्रमुख बिन्दु देवी, थानाध्यक्ष आलोक कुमार, चिकित्सा प्रभारी डा०धीरेन्द्र कुमार धुसिया, सीडीपीओ सरोज हांसदा,बीईओ तारकेश्वर मिश्र,बीएओ कपिल देव पासवान,बीपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार,पीओ कौशलेंद्र कुमार,नजारी पैक्स अध्यक्ष श्याम सुंदर दास,ललन दास एवं अन्य ने माल्यार्पण कर नमन किया।

वहीं तमाम सरकारी माध्यमिक,उच्चतर माध्यमिक,मध्य एवं प्राथमिक विद्यालय में संबंधित विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक,बैंक शाखाओं में शाखा प्रबंधक द्वारा सौहार्दपूर्ण वातावरण में स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्राभिनंदन करते हुए झंडोतोलन कर विधिवत रूप से हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इसके अलावे भी अन्य कई सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में झंडोतोलन कार्यक्रम आयोजित कर स्वतंत्रता दिवस सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। साथ ही देश की आजादी में महती भूमिका निभाने वाले वीर सपूतों को नमन कर उन्हें याद किया गया। वही इस मौके पर प्रखंड प्रमुख बिन्दु देवी,बीडीओ प्रेम प्रकाश अंचलाधिकारी रविकांत, थानाध्यक्ष आलोक कुमार,पीओ कौशलेंद्र कुमार,बीपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, सीडीपीओ सरोज हांसदा, चिकित्सा प्रभारी डा०धीरेन्द्र कुमार धुसिया, जदयू अध्यक्ष करुणा देवी, पूर्व अध्यक्ष पवन रंजन ,पुर्व प्रखंड प्रमुख कामदेव यादव, एवं सभी कार्यालयों के कर्मचारीगण, सम्मानित जनप्रतिनिधिगण सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## 19 अगस्त को मनाया जायेगा रक्षाबंधन : पंडित अनिल मिश्रा



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/चकाई भाई बहन का पवित्र त्यौहार रक्षा बंधन श्रावन पूर्णिमा को मनाया जाता है जिसे राखी पूर्णिमा भी कहा जाता है।जो इस वर्ष आगामी 19अगस्त दिन सोमवार को मनाया जायगा, लेकिन पूर्णिमा के सूर्योदय काल से हीं भद्रा की साया रहेगी जो अपराहन 1 बजकर 33मिनट तक रहेगी। भद्रा काल मे रक्षा बंधन करना निषेध एवं अशुभ पल देने वाला माना गया है। इसलिये अपराहन एक बजकर तेतिस मिनट के बाद हीं रक्षा बंधन करना श्रेष्कर है।

उक्त बाते हेठचकाई निवासी पंडित अनिल मिश्रा ने बतायी। श्री मिश्रा ने बताया की शास्त्रों के अनुसार भद्रा काल मे कोई शुभ कार्य करने को बर्जित बताया गया है।। इस संबध में ऐसी मान्यता है कि भद्रा शनि देव की बहन है और इसे ब्रह्मा जी के द्वारा श्राप मिला है की भद्राकाल में जो भी शुभ एवं मांगलिक कार्य करेगा वो अशुभ एवं बिनाश कारी होगा।इस संबध में मुहूर्त चिंतामनी में लिखा गया है की स्वर्गे भद्रा शुभम कुर्यात, पातालेश्च *धनागमः, मृतलोके स्थिता भद्रा सर्व *कार्य विनाशिनी।* अर्थात भद्रा जब स्वर्गलोक में निवास करती है तो शुभ फल देने वाली, पाताल लोक में निवास करने के समय धन संचय कराती है लेकिन मृतलोक मे निवास करते समय अशुभ फल देने वाली बताया गया है। इसलिये पूर्णिमा के दिन अपराहन वेला के बाद हीं रक्षा बंधन करना श्रेष्कर है।

## गिद्धौर प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया 78 वां स्वतंत्रता दिवस

प्रात : किरण संवाददाता



गिद्धौर /जमुई गिद्धौर प्रखंड में 78 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यालय में प्रखंड प्रमुख प्रमुख पंकज कुमार,गिद्धौर थाना में थानाध्यक्ष रीता कुमारी,कुमार सुरेंद्र सिंह स्टेडियम में जदयू नेता शैलेन्द्र कुमार,गिद्धौर सेंट्रल स्कूल में अमर सिंह,सत्य साई पब्लिक स्कूल में संतोष केशरी,विनोबा भावे पब्लिक स्कूल में विश्वास कुमार,ग्रेट बुद्धा इंटरनेशलन स्कूल में संतोष सिंह,जदयू कार्यालय में विवेका सिंह द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। वहीं पतसंडा पंचायत भवन में मुखिया ललीता कुमारी,सेवा पंचायत में मुखिया रामाशीष साह,मौरा में धनराज यादव,गंगरा में अंजनी सिंह, रतनपुर में भोला यादव,पूर्वी गुगुलडीह में सुनीता देवी सहित संबंधित वार्ड में वार्ड सदस्यों द्वारा ग्रामीण बुद्धिजीवीयों एवं समाजसेवियों की देखरेख में झंडोतोलन किया गया।वहीं तमाम सरकारी माध्यमिक,उच्चतर माध्यमिक,मध्य एवं प्राथमिक विद्यालय में संबंधित विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक,बैंकों शाखाओं में शाखा प्रबंधक द्वारा आजादी स्वतांत्रता दिवस सौहार्दपूर्ण वातावरण में झंडोतोलन कर विधिवत रूप से मनाया गया। इसके अलावे भी अन्य कई सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में झंडोतोलन कार्यक्रम आयोजित कर स्वतंत्रता दिवस सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। साथ ही देश की आजादी में महती भूमिका निभाने वाले वीर सपूतों को नमन कर उन्हें याद किया गया। वही इस मौके पर बीडिओं सुनील कुमार,अंचलाधिकारी आरती भूषण पीओं विपिन कुमार,बीपीआरओ अपराजिता,पुर्व प्ररवंड प्रमुख श्रवण यादव,संतोष रजक,दुःखन यादव,सुनील राम,ठकुरी मांझी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## चार सूत्री मांगों को लेकर 22 अगस्त को भाकपा माले के बैनर तले किया जाएगा प्रदर्शन- मनोज

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/चकाई भाकपा माले प्रखंड इकाई चकाई की ओर से अंचल कार्यालय के समक्ष चकाई की जनता के विभिन्न मांगों को लेकर आगामी 22 अगस्त को प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। उपरोक्त बातें भाकपा माले के प्रखंड सचिव मनोज पांडेय ने विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने जारी विज्ञप्ति में लिखा है कि 1-सभी गरीबों जैसे मनरेगा मजदूर,बीडी मजदूर,विद्यालय रसोईया,निर्माण मजदूर,खेत मजदूर एवं तमाम बीपीएल कार्ड धारकों का आय प्रमाणपत्र 72000(बहत्तर हजार) से नीचे बनाना होगा 2-अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार जैसे दाखिल-खारिज में मनमानी एवं भूमि संबंधी मामले में राजस्व कर्मचारी के मनमानी पर रोक 3-बिहार उद्यमी योजना के तहत तमाम गरीबों को रोजगार के लिए बिहार सरकार द्वारा घोषित दो लाख रुपए को तत्काल प्रभाव से लागू करने 4- चकाई प्रखंड के बीडीओ एवं सीओ चकाई सरकारी आवास छोड़कर देवघर में आशियाना बनाने के विरुद्ध प्रदर्शन किया जायेगा।

## आन बान और शान से लहराया तिरंगा

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/चकाई चकाई प्रखंड के प्रत्येक गांवों में स्थित विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, पंचायत मुख्यालयों, कार्यालयों तथा स्वास्थ्य उपकेन्द्रों के अलावा स्वयंसेवी संस्थाओं एवं अन्य कार्यालयों में उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। प्रखंड के विद्यालयों में भी शिक्षकों एवं बच्चों के साथ-साथ ग्रामीणों ने भी झंडोत्तोलन किया तथा बच्चों के बीच टाफियां बांटी गयी ।प्रातः चकाई की मुख्य सड़क पर स्कूली बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर प्रभात फेरी निकाली।

इस अवसर पर विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं ने अपने अपने कार्यक्रमों से संबंधित झांकियां प्रदर्शित की। कस्तुरवा विद्यालय के बैंड की धुन के साथ चकाई पुलिस की सशस्त्र वाहिनी की अगुआइ में एनसीसी, स्काउट एण्ड गाइड्स व विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भव्य परेड का प्रदर्शन किया।

इससे पहले प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, अंचल कार्यालय में सीओ राजकिशोर साह, निबंधन कार्यालय में रजिस्टार नवलेश कुमार रजक, बीआरसी व शिक्षक संघ में बीईओ शमसुल होदा, चकाई थाना परिसर में थानाध्यक्ष राकेश कुमार, चंद्रमंडीह थाना परिसर में थाना थानाध्यक्ष सुबोध यादव, भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष सूरजमल , जदयू कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष बिंदेश्वरी वर्मा, कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मनोज उपाध्याय, फाल्गुनी प्रसाद महाविद्यालय में पूर्व विधायक सावित्री देवी, रेफरल अस्पताल में प्रभारी डा. सुधांशु कुमार ने ज्ण्डोत्तोलन किया। इसके अलावा संत जोसेब स्कूल,बट्स पैराडाइज व अन्य सभी विद्यालयों में उनके प्रधानाध्यापकों तथा संस्थाओं में उनके प्रमुखों ने झंडोत्तोलन किए।

## प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ 78 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया और आन बान शान से राष्ट्रीय ध्वज फहराया




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/ई० अलीगंजः-इस्लामनगर अलीगंज प्रखंड में 78 वां स्वतंत्रता दिवस गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय एवं थाना में पूरे धूमधाम से मनाया गया। वहीं प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी, चन्द्रदीप थाना में थानाध्यक्ष राजेंद्र साह, किसान भवन अलीगंज में कृषि पदाधिकारी संजय कुमार ,बाल विकास परियोजना कार्यालय में सुपरवाइजर प्रीति सिंह, बीआरसी में बीईओ हरीश चंद्र सिंह,अलीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी साजिद हुसैन, तहसील कचहरी में सीओ रंजन कुमार दिवाकर,अलीगंज ग्राम कचहरी में सरपंच राधा देवी,अलीगंज पंचायत भवन मुखिया गायत्री देवी,अलीगंज वार्ड नंबर 12 में वार्ड सदस्य नरसिंह महतो,अलीगंज नमन विद्या पब्लिक स्कूल में वेदप्रकाश, विवेकानंद विद्यापीठ कंसेप्ट स्कूल में मोहित कुमार, फोनिक्स वर्ल्ड स्कूल में डॉक्टर एस कुमार, डीएम एम सी कोचिंग सेंटर में राहुल कुमार, मिजार्गंज राठोर एलेमंट्री स्कूल में प्रियांशु राठोर,आनंद विद्या निकेतन में आनंद लाल पाठक,संत सरस्वती स्कूल मिर्जगंज में अशोक कुमार,लोजपा कार्यालय में बखोरी पासवान, जदयू कार्यालय में शीतल मेहता, अलीगंज प्लस टू हाईस्कूल अलीगंज में प्रभारी प्रधानाध्यापक भुनेश्वर प्रसाद यादव, हाईस्कूल सोनखार में सतीश कुमार , प्लस टू हाईस्कूल कैयार मे साकेत कुमार, एम आर पूरी हाई स्कूल ताजपुर राणा राजीव कुमार, आढा हाई स्कूल में प्रभारी उदय शंकर कुमार, पल्सा खुर्द मदरसा में कारी इम्तियाज साहब,कोदवरिया पंचायत में मुखिया गीता सम्राट, कैथा पंचायत में मुखिया देवनंदन यादव, आढा पंचायत में मुखिया हेना कौसर, कोल्हाना पंचायत में मुखिया सत्यम कुमार,सहोडा पंचायत में मुखिया रेखा देवी,दीननगर पंचायत भवन में मुखिया जनार्दन यादव,अब्गिला पंचायत सरकार भवन में मुखिया कोमल कुमारी, इस्लामनगर पंचायत सरकार भवन मे मुखिया दिलीप रावत,दरखा पंचायत भवन में मुखिया निर्मला देवी,मिजार्गंज पंचायत भवन में मुखिया मथुरा मांझी,अलीगंज अल्फलाह मुस्लिम कमिटी मदरसा में मोहम्मद दिलसाद,वहीं के अलावा सभी सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में शान से ध्वजारोहण किया गया। वहीं अलीगंज बाजार में कई स्कूल द्वारा प्रभात फेरी एवं भव्य झांकी निकली गई एवं कई स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया।

## स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सोनो प्रखंड में झंडोत्तोलन कार्यक्रम हर्षोल्लास पुर्वक सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता



सोनो जमुई : आजादी के अमृत महोत्सव के पावन पर्व पर अपने महान राष्ट्र की समृद्धि ओर एकता की रक्षा करने का संकल्प लेते हुए जमुई जिले के सोनो प्रखंड क्षेत्रों में 78 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह पुर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।सोनो थाना परिसर में थानाध्यक्ष दीनानाथ सिंह एवं बटिया थाना परिसर में थानाध्यक्ष नितु कुमारी के द्वारा हर्षोल्लास पुर्वक झंडोत्तोलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।झंडोत्तोलन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थाना के जवानों ने परैड कर लहलहाते तिरंगे को सलामी दी ।तत्पश्चात राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत कर देश के लिए अपने जान न्योछावर करने वाले बीर जवानों को याद करते हुए अमर रहे का नारा बुलंद किया गया ।नव स्थापित बटिया थाना परिसर में पहली बार स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद समाज सेवियों और ग्रामीण जनों को प्रसाद वितरण किया गया ।इसी प्रकार बिड़ी मजदूर संघ के प्रमुख कार्यालय बटिया मे झामुमो नेता सह झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ओंकारनाथ बरनवाल , सरकारी भवन बटिया में लोजपा राम विलास के युवा नेता दिलीप कुमार पासवान , दहियारी मोड़ स्थित होटल के प्रांगण मे पुर्व मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार पासवान , सरस्वती शिशु विधा मंदिर बटिया में विद्यालय सचिव यमुना प्रसाद यादव , पंचायत भवन ढोंढरी में मुखिया राम ठाकुर , पंचायत भवन डुमरी में लखन किआरी पंचायत के मुखिया सौनी देवी , गंदर पंचायत के महुगांय गाँव स्थित पंचायत भवन में मुखिया अनीता देवी के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के मौके पर झंडोत्तोलन कर लहलहाते तिरंगे को सलामी दी गई है ।ज्ञात हो कि बिड़ी मजदूर संघ के प्रमुख कार्यालय बटिया में आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में समाज सेवी बिनोद बरनवाल , लललू कुमार बरनवाल , ललन बरनवाल , महावीर साह , पुर्व वार्ड सदस्य श्याम बरनवाल , नरेश बरनवाल एवं सरकारी भवन बटिया मे सुखदेव प्रसाद यादव , महेंद्र यादव , मोहन प्रसाद यादव , बासुकी यादव , गुलटन पासवान , केदार मंडल , चंदन पासवान तथा पंचायत भवन डुमरी मे मुखिया प्रतिनिधि दिगंबर पॉडेय , जमुई से आये पिरामल फाउंडेशन संस्था के सिनीयर प्रोग्राम लीड शौरभ कुमार , कार्यपालक सहायक प्रगति सागर एवं अभिनव कुमार , समाज सेवी प्रदीप मंडल , अजय पांडेय , बाबुराम मंडल , प्रदीप पांडेय , कमलेश्वरी मंडल , टुनटुन पांडेय तथा सुरेंद्र मंडल सहीत बड़ी संख्या में समाज सेवी , जन प्रतिनिधि ओर ग्रामीण जन मौजूद थे ।

## गिद्धौर के फल व्यवसाई संजय कुमार केशरी का निधन



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। गिद्धौर प्रखंड के पतसंडा पंचायत निवासी फल व्यवसाई संजय कुमार केशरी का बीते गुरुवार की सुबह 10 बजे निधन हो गया। वो करीब 42 वर्ष के थे। बीते माह गिद्धौर के लॉर्ड मिंटो टावर चौक परिसर में अपने फल दुकान पर फिसल गए थे, जिसमें उनके गर्दन में चोट आई थी। जिसके बाद से वे पटना के एक अस्पताल में भर्ती होकर इलाजरत थे एवं बीते शनिवार को उन्हें पटना स्थित आईजीआईएमएस में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान स्वास्थ्य सुधार में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा था। लेकिन गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे आईजीआईएमएस में उन्होंने अंतिम सांस ली। वहीं संजय कुमार केशरी के निधन पर पूरे गिद्धौर में शोक का माहौल है। उनके पीछे परिवार में उनकी पत्नी एवं तीन बेटियां रह गई हैं। संजय कुमार केशरी के निधन पर उनके भाई एवं पूर्व प्रमुख शंभू कुमार केशरी, सामाजिक कार्यकर्ता सुशांत साईं सुंदरम,पतसंडा पंचायत की मुखिया ललिता देवी,उप मुखिया रूबी कुमारी,पतसंडा पैक्स अध्यक्ष राजीव कुमार साव उर्फ पिंकू,राजद किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष रतन राम, सेवा पंचायत के मुखिया रामाशीष साह,मौरा पंचायत के मुखिया धनराज यादव,सेवा पंचायत के पूर्व मुखिया परमेश्वर पंडित,पूर्व प्रमुख श्रवण यादव,शिक्षक राजीव कुमार वर्णवाल,जमुई न्यायालय के पेशकार कुंदन कुमार सिन्हा,पत्रकार जितेंद्र कुमार पिंटू,आनंद कंचन सिंह, अजीत कुमार यादव,विक्की कुमार,व्यवसाई शिवशंकर केशरी,गौतम केशरी,बमबम केशरी, भोला केशरी,राजवंश केशरी,गुड्डू वर्णवाल,अजय वर्णवाल,विजय वर्णवाल,अशोक केशरी,समाजसेवी गौरव सिंह राठौड़ सहित अन्य ने अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

## गिद्धौर थाना अध्यक्ष को एसपी शौर्य सुमन ने किया निलंबित, अपने प्राइवेट चालक से अवैध बालू तस्करी करने का आरोप, 2 दिन में स्पष्टीकरण देने का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



गिद्धौर जमुई एसपी डॉक्टर शौर्य सुमन ने गिद्धौर थाना अध्यक्ष रीता कुमारी को निलंबित कर दिया है साथ ही उन्हें दो दिन के अंदर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है गिद्धौर थाना के थाना अध्यक्ष रीता कुमारी पर अपने प्राइवेट चालक से अवैध बालू की तस्करी करने का आरोप है 15 अगस्त की देर शाम गिद्धौर थाना के प्राइवेट चालक और उसके दो सहयोगियों को झाझा थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने गुप्त सूचना के आधार पर तीनों को अवैध बालू की तस्करी करते पकड़ा झाझा थाना की पुलिस ने तीनों बालू तस्करों से शक्ति से जब पूछताछ की तो प्राइवेट चालक ने बताया कि पूरा खेल गिद्धौर थाना अध्यक्ष रीता कुमारी के निर्देश पर ही किया जा रहा है। एसपी ने पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए गिद्धौर थाना अध्यक्ष रीता कुमारी को निलंबित करते हुए पुलिस लाइन भेज दिया है। साथी उनसे दो दिन के अंदर स्पष्टीकरण भी मांगा है बता दे की कुछ दिन पहले गिद्धौर थाना क्षेत्र के गंगरा गांव के रहने वाले युवक ने थाना अध्यक्ष पर अवैध बालू की तस्करी करवाने का वीडियो भेजा था। थाना अध्यक्ष रीता कुमारी पर अवैध बालू की तस्करी करने का आरोप लगाया था। इसके बाद से ही एसपी ने एक जांच टीम बनाई गई थी। और थाना अध्यक्ष पर नजर रखी जा रही थी। पुख्ता सबूत मिलते ही एसपी ने कार्रवाई की है और पूरे मामले को लेकर एसपी डॉक्टर शौर्य सुमन ने बताया कि प्राइवेट चालक की गिरफ्तारी के बाद पूरा मामला संज्ञान में आया था। फिलहाल थाना अध्यक्ष को निलंबित करते हुए दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है। सही जवाब नहीं मिलने पर विभागीय कार्रवाई भी की जा सकती है ।

## दो अभियुक्त की हुई रंगदारी मांगने के मामलें में गिरफ्तारी, एसडीपीओ ने दी पूरी जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] एक लाख साठ हजार रूपए रंगदारी मांगने के मामलें में दो अभियुक्त को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए जाने के मामलें में एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ राजेश कुमार के द्वारा पीसी किया गया। एसडीपीओ ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि चकाई थाना में बीते 12 अगस्त को गादी सिमरिया के रहने वाले दिलीप दास ने रंगदारी मांगे जाने का प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस संदर्भ में जमुई पुलिस अधीक्षक डॉ.शौर्य सुमन के दिशानिर्देश पर मेरे अगुवाई में पुलिस टीम गठित किया गया और पुलिस ने कांड संख्या 142/24 में दो लोगों को गिरफ्तार किया जिसमें एक की पहचान शिवशंकर दास साकिन गादी सिमरिया और दूसरा कलामउद्धीन अंसारी साकिन कुषमाहा थाना बिचकोड़वा के रूप में हुई है। एसडीपीओ ने बताया कि दर्ज आवेदन में प्राथमिकी अभियुक्त शिवशंकर दास दो मोबाइल नंबर का उपयोग करता था दूसरा रंगदारी मांगता था। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार चकाई थानाध्यक्ष राकेश कुमार और पुलिस टीम लगातार इस मामले को लेकर तकनीकी मदद से अनुसंधान किया जा रहा था जिसमें दोनो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दोनो को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस भारतीय इतिहास का स्वर्णिम पृष्ठः डॉ. गौरी शंकर

प्रात : किरण संवाददाता




जमुईः-स्वतंत्रता दिवस के 78 वें वर्षगांठ पर केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.गौरी शंकर पासवान ने संपूर्ण जमुई वासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस भारतीय इतिहास का स्वर्णिम पृष्ठ है, जहां से आजादी का अभिनव अध्याय खुला था और शताब्दियों की गुलामी की जंजीरें टूटी थीं। पराधीनता रूपी पिशाचिन पूतना का वध हुआ था तथा बंदिनी भारत माता अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त हुई थी। 15 अगस्त आनंद और त्याग का मंगल पर्व है। यह हमारी वेदना, आत्म दर्शन और आत्मपरीक्षण का स्मारक दिवस है। स्वतंत्रता की महता पर इसरगोल ने कहा था कि जिस प्रकार नेत्रों के लिए प्रकाश, फेफड़ों के लिए वायु और हृदय के लिए प्यार है,उसी प्रकार मनुष्य के लिए स्वतंत्रता है। उन्होंने कहा कि इस खोई हुई स्वतंत्रता को प्राप्त करने के लिए हमारे देश के लाखों नौजवानों ने फांसी के तख्ते पर हंसते-हंसते झूल गए.कितनी माताओं ने अपनी नवनिहालों को ममता की गोद से उछालकर भाला की नोकों पर टंग जाने के लिए हृदय पर पत्थर रख लिया, न जाने कितनी भी बहनों ने अपने माथे में सिंदूर के बदले राख का टीका लगाना स्वीकार किया।आजादी की इतिहास लिखने में काली स्याही कभी सक्षम नहीं हो पाती,उसे लिखने के लिए स्वतन्त्रता की देवी खून मांगती है। यही कारण है कि आजादी को पाने के लिए लाखों लोग कुर्बान हो गए। जिस कुर्सी पर प्रधानमंत्री और सांसद बैठते हैं, उसके नीचे लाखों राष्ट्र भक्तों की लाशें हैं। इसलिए कोई भी योजनाएं बने, कानून बने, राष्ट्र हित में हो तभी देश विकसित राष्ट्र बन सकता है और भारत की स्वतंत्रता कायम रह सकती है। प्रो.पासवान ने कहा कि हमें स्मरण रखना होगा कि शताब्दियों की साधना का यह पौधा अक्षयबट तभी बन सकता है, जब हम अपने स्वार्थ के कीटाणुओं को सदा के लिए खत्म कर दें। राष्ट्र प्रेम की भावना हर नागरिकों के रोम रोम में प्रस्फुटित हों, स्वतंत्रता की संरक्षण और संवर्धन के लिए हमें त्याग और तपस्या की अग्निपथ पर चलना निरंतर जारी रखना होगा।

सम्पादकीय

## भारी पड़ती सुविधाओं के नाम पर बैंकों की वसूलियां

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

पिछले पांच सालों में एसबीआई को छोड़ शेष 11 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने केवल और केवल मिनिमम बैलेंस के नाम पर 8 हजार 500 रुपए करोड़ रुपए की कमाई की है। इसका साफ साफ अर्थ है कि गरीब आदमी के खातों से साढ़े आठ हजार करोड़ रुपए तो इन बैंकों में न्यूनतम बैलेंस ना रख पाने के कारण गवाने पड़े है। यह तो तब है जब देश के सबसे बड़े बैंक ने 2019-20 में न्यूनतम बैलेंस की पैनेल्टी के रुप में 640 करोड़ जुमार्ना के रुप में वसूलने के बाद न्यूनतम बैंलेंस पर पेनेल्टी लगाने का आदेश वापिस ले लिया। 12 में से 11 बैंकों की साढ़े 8 हजार करोड़ की पांच साल में पेनेल्टी वसूली रही है तो कल्पना की जा सकती है कि निजी क्षेत्र के बैंकों ने इस तरह के जुमार्ने से कितना खजाना भरा होगा। साढ़े 8 हजार करोड़ रुपए की जुमार्ना राशि का आंकड़ा किसी भी तरह से कपोल कल्पित या अतिशयोक्ति पूर्ण नहीं हैं क्योंकि यह जानकारी अधिकृत रुप से संसद में केन्द्रीय वित राज्य मंत्री पंकज चौधरी द्वारा दी गई है। एक मोटे अनुमान के अनुसार देश में बैंकों में मार्च, 23 में 294 करोड़ से अधिक खाते हैं। अब यह स्पष्टीकरण देने का कोई मतलब नहीं कि यह पैसा गरीब खातेदारों के अकाउंट्स से ही गया हैं क्योंकि पैसे वाले खाताधारकों के खातों में तो न्यूनतम बैलेंस रहता ही है।

देश में बैंकिंग नेटवर्क का इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, 22 निजी क्षेत्र के बैंक, 44 विदेशी बैंक, 56 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, 1485 अरबन कोआपरेटिव बैंक और हजारों की संख्या में ग्रामीण सहकारी बैंकिंग संस्थाएं हैं। यह तो सभी संस्थागत बैंकिंग संस्थाएं है। इसमें कोई दो राय नहीं कि बैंकिंग सेवाओं का विस्तार हुआ है। 24 गुणा 7 सेवाएं मिलने लगी है। जन धन खातों की परिकल्पना से गरीब से गरीब आदमी का बैंकों से जुड़ाव हुआ है। और अब डिजिटल लेन-देन की सुविधा ने तो सब कुछ ही बदल कर रख दिया है। आज पांच रुपए का धनिया तक पेटीएम या इसी तरह के किसी प्लेटफार्म से आसानी से भुगतान कर खरीदा जा सकता है। दिन प्रतिदिन डिजिटल पेमेंट का चलन आम होता जा रहा है। चंद मिनटों में कहीं से भी किसी को भी मोबाइल या ऑनलाइन बैंकिंग सुविधा से चंद सैकंड में भुगतान पहुंचने लगा है। यह सब बैंकिंग सेवाओं में सुधार और विस्तार का उदाहरण है तो दूसरी और नकदी लेन-देन का स्थान डिजिटल पेमेंट ने ले लिया है।

बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार निष्चित रुप से शुभ संकेत माना जाना चाहिए। यह भी साफ है कि लोगों में निश्चित रुप से अवेयरनेस आई है। यह दूसरी बात है कि साइबर ठगी के मामलें भी बहुत अधिक होने लगे हैं। पर सबसे अधिक चिंतनीय बैंकों द्वारा अपनी आय बढ़ाने के लिए सुविधाओं के नाम पर चार्जेज लगालगाकर अपनी आय बढ़ाना है। आम आदमी को किसी तरह की गलत फहमी में नहीं रहना चाहिए कि बैंक उन्हें यह सेवाएं फ्री में दे रहे हैं। आज हालात यह है कि एटीएम पोस मशीन से बड़ा बड़ा कारोबारी भुगतान लेने को तैयार नहीं होता। उसका साफ कहना होता है कि इसमें हमारे चार्जेज लग जाते हैं इसलिए डिजिटल प्लेटफार्म से ही भुगतान प्राप्त करना उचित समझते हैं। खैर चिंतनीय बात यह है कि बैंकों द्वारा सुविधाओं के नाम पर वसूली राशि बहुत अधिक होने के साथ ही आम खाताधारक के लिए भारी पड़ने लगी है।

## क्या सचमुच दाल में काला है...?

मुस्ताअली बोहरा

एक पुरानी कहावत है कि धुंआ वहीं से निकलता है जहां चिंगारी होती है। ऐसा ही कुछ हिंडनबर्ग-अडानी-सेबी के मामले भी है। हिंडनबर्ग की अडानी को लेकर जो पहली रिपोर्ट आई थी उसके कोई कार्रवाई नहीं होने की बात का जिक्र करते हुए अब नई रिपोर्ट आ गई। ताजा रिपोर्ट में निशाना सेबी पर साधा गया है। हिंडनबर्ग ने अपनी ताजा रिपोर्ट में दावा किया है कि मार्केट रेगुलेटर सेबी चीफ माधबी पुरी बुच की उन विदेशी फंडों में हिस्सेदारी है जिनका अडानी समूह इस्तेमाल करता है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आने के बाद अडानी समूह ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। अडानी समूह ने कहा है कि सेबी प्रमुख या उनके पति धवल बुच के साथ उनका कोई व्यावसायिक रिश्तास नहीं है। सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने भी संयुक्त बयान जारी कर हिंडनबर्ग के आरोपों को बेबुनियाद और सच से परे बताया है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने नई रिसर्च रिपोर्ट में दावा किया कि गौतम अडानी की कंपनियों में गड़बड़ी के खुलासे के बाद भी सेबी ने कार्रवाई नहीं की और इसके पीछे भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड चीफ माधबी पुरी बुच का स्वार्थ है। इस आरोप के बाद माधबी ने अपने पति धवल बुच के साथ संयुक्त बयान जारी कर हिंडनबर्ग के इस दावे को सिरे से नकार दिया। इसके बाद हिंडनबर्ग ने फिर पलटवार करते हुए कहा कि बुच दंपती की सफाई अपने आप में सबूत है कि दाल में कुछ काला है। इधर, हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बहाने विपक्ष को सरकार को घेरने का मौका मिल गया है। हिंडनबर्ग ने करीब डेढ़ साल पहले अडानी ग्रुप को निशाना बनाते हुए कई खुलासे किए थे। इसके बाद नई रिपोर्ट से सेबी चीफ पर हमला बोला है। सेबी ने पहली रिपोर्ट पर हिंडनबर्ग को नोटिस भेजा था। माना जा रहा है कि इसी वजह से हिंडनबर्ग ने इस बार सेबी पर ही निशाना साध दिया। नई रिसर्च रिपोर्ट में माधबी बुच और उनके पति धवल बुच पर आरोप लगाया है कि दोनों ने अडानी ग्रुप में गुप्त निवेश करके मनी लॉन्ड्रिंग में उसकी मदद की है। चूंकि माधबी और धवल दंपती के हित अडानी ग्रुप के साथ जुड़े हैं, इस कारण जब माधबी को सेबी का चेयरपर्सन बनाया गया तो उन्होंने घोटाले की रिपोर्ट के बावजूद अडानी ग्रुप के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि गौतम अडानी के भाई विनोद अडानी ने कथित तौर पर बिजली उपकरणों के ओवर-इनवॉइसिंग से अर्जित पैसे को निवेश करने के लिए विदेशी संस्थाओं का इस्तेमाल किया। अडानी के सहयोगियों से जुड़ी मॉरीशस और बरमूडा की संस्थाओं के जरिए निवेश किया गया है। रिपोर्ट कहती है कि विनोद अडानी ने जो निवेश किए, उनमें बुच दंपती की भी हिस्सेदारी थी।

इधर, इन आरोपों का जवाब देते हुए बुच दंपती ने कहा है कि हिंडनबर्ग ने उनके जिस निवेश की बात की है वो तो 2015 का है जब दोनों भारत में रह भी नहीं रहे थे। उन्होंने संयुक्त बयान में कहा कि माधबी ने उसके दो साल बाद सेबी ज्वॉइन की थी, वो भी संस्था की प्रमुख नहीं बल्कि एक पूर्णकालिक सदस्य के रूप में। जिस फंड में निवेश का जिक्र हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में किया है, उसका सुझाव धवल के दोस्त और चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर अनिल आहूजा ने दिया था। 2018 में आहूजा ने फंड के सीआईओ पद से इस्तीफा दिया तो बुच दंपती ने निवेश के सारे पैसे निकाल लिए। आहूजा के मुताबिक, बुच दंपती के पैसे कभी भी अडानी ग्रुप की किसी कंपनी में किसी भी तरीके से नहीं लगाए गए थे। हालांकि, बुच दंपत्ति के जवाब पर हिंडनबर्ग ने कहा कि बुच दंपती ने अपनी सफाई में ये तो स्वीकार किया है कि उसकी रिपोर्ट में दिए गए तथ्य सही हैं।

हिंडनबर्ग ने पूछा है कि बुच के बयान में पूर्ण पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्धता का वादा किया गया है। इसे देखते हुए क्या वह परामर्श ग्राहकों की पूरी सूची तथा सिंगापुरी परामर्श कंपनी, भारतीय परामर्श कंपनी और किसी अन्य संस्था के जरिये किए गए अनुबंधों का विवरण सार्वजनिक करेंगी, जिसमें उनका या उनके पति का हित हो सकता है? हिंडनबर्ग ने कहा, अंततः, क्या सेबी चेयरपर्सन इन मुद्दों की पूर्ण, पारदर्शी तथा सार्वजनिक जांच के लिए प्रतिबद्धता दिखाएंगी?

हिंडनबर्ग ने कहा है कि सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच अडानी समूह के ऑफशोर फंड्स में शामिल थे। रिपोर्ट ने अडानी समूह की दस कंपनियों में म्यूचुअल फंडों अथवा बिग मनी के 41, 814 करोड़ रुपये के निवेश पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च ने कहा कि दस्तावेजों के मुताबिक सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और उनके पति अडानी से जुड़ी गुप्त विदेशी कंपनियों में हिस्सेदार हैं। हिंडनबर्ग ने बताया है कि उस समय उस फंड में बुच की कुल हिस्सेदारी 872762.65 डॉलर की थी। रिपोर्ट में फर्म ने बुच और उनके पति पर आरोप लगाया कि वह अपने पति के नाम का इस्तेमाल करके दस मिलियन डॉलर का निवेश किया है। बुच ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट का खंडन किया।

# महिला डॉक्टर से दुष्कर्म-हत्या से जुड़े सवाल

**जीवन-रक्षा करने वाले अस्पतालों एवं जीवन-रक्षक डाक्टरों पर हो रहे हमले, बर्बर एवं वीभत्स घटनाएं चिन्तनीय है। यह सरकारों एवं पुलिस की असफलता, लापरवाही एवं कोताही को ही दर्शा रही है। ऐसी घटनाओं में पुलिस की भूमिका अनेक सवाल खड़े कर रही है। कोलकाता की इस घटना ने एक बार फिर इस तथ्य की ओर ध्यान खींचा है कि अस्पतालों में डॉक्टरों को किस तरह के खतरों के बीच काम करना पड़ता है। डॉक्टर अपनी सुरक्षा को लेकर भी डरे एवं सहमे हुए हैं। लेडी डॉक्टर्स ही नहीं, पुरुष डॉक्टर भी तरह-तरह के हमलों की आशंकाओं एवं असुरक्षा के बीच जीते हैं। सबसे बड़ी बात यह कि घटना के बाद भी पुलिस संतोषनक कार्रवाई नहीं कर सकी। डॉक्टरों की बुनियादी मांग यह है कि इस घटना की निष्पक्ष और विश्वसनीय जांच सुनिश्चित की जाए।**

**यह घटना दर्दनाक होने के साथ-साथ अमानवीयता एवं क्रूरता की पराकाष्ठा थी, क्योंकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में महिला डॉक्टर की आंखों, मुंह और प्राइवेट पार्ट से खून बहने के अलावा उसके शरीर पर चोट के कई निशान मिलने की बात कही गई है। इस त्रासद एवं खौफनाक घटना के विरोध में देशभर में गुस्साए और फिक्रमंद डॉक्टर बेमियादी हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे अस्पतालों में चिकित्सा सेवाएं चरमरा गयी हैं एवं सभी हिस्सों में ओपीडी सेवाएं बाधित एवं प्रभावित हो रहीं। जाहिर है, इससे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब चूंकि इस मामले का संज्ञान लेते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी है और राज्य पुलिस को सारे कागजात बुधवार 10 बजे तक सीबीआई को सौंपने की हिदायत दी है, तो उम्मीद की जानी चाहिए कि मामले की संतोषजनक जांच होगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या अस्पतालों में सिर्फ डॉक्टर ही खतरे में होते हैं? डॉक्टरों के साथ नर्स, अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं रोगी भी कहां सुरक्षित है? हालांकि हड़ताली डॉक्टरों ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को मुद्दा बनाया है, लेकिन नर्स और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों पर हमले कभी इतना बड़ा मुद्दा क्यों नहीं बनते? मसला मरीजों की सुरक्षा का भी है।**



ललित गर्ग

कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के दुराचार, बलात्कार व बर्बर हत्या पर स्वाभाविक ही देशभर के आमजन में तीखी प्रतिक्रिया एवं डॉक्टरों तीव्र रोष, गम और गुस्सा है, उसे समझा जा सकता है। जीवन-रक्षा करने वाले अस्पतालों एवं जीवन-रक्षक डाक्टरों पर हो रहे हमले, बर्बर एवं वीभत्स घटनाएं चिन्तनीय है। यह सरकारों एवं पुलिस की असफलता, लापरवाही एवं कोताही को ही दर्शा रही है। ऐसी घटनाओं में पुलिस की भूमिका अनेक सवाल खड़े कर रही है। कोलकाता की इस घटना ने एक बार फिर इस तथ्य की ओर ध्यान खींचा है कि अस्पतालों में डॉक्टरों को किस तरह के खतरों के बीच काम करना पड़ता है। डॉक्टर अपनी सुरक्षा को लेकर भी डरे एवं सहमे हुए हैं। लेडी डॉक्टर्स ही नहीं, पुरुष डॉक्टर भी तरह-तरह के हमलों की आशंकाओं एवं असुरक्षा के बीच जीते हैं। सबसे बड़ी बात यह कि घटना के बाद भी पुलिस संतोषनक कार्रवाई नहीं कर सकी। डॉक्टरों की बुनियादी मांग यह है कि इस घटना की निष्पक्ष और विश्वसनीय जांच सुनिश्चित की जाए।

यह घटना दर्दनाक होने के साथ-साथ अमानवीयता एवं क्रूरता की पराकाष्ठा थी, क्योंकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में महिला डॉक्टर की आंखों, मुंह और प्राइवेट पार्ट से खून बहने के अलावा उसके शरीर पर चोट के कई निशान मिलने की बात कही गई है। इस त्रासद एवं खौफनाक घटना के विरोध में देशभर में गुस्साए और फिक्रमंद डॉक्टर बेमियादी हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे अस्पतालों में चिकित्सा सेवाएं चरमरा गयी हैं एवं सभी हिस्सों में ओपीडी सेवाएं बाधित एवं प्रभावित हो रहीं। जाहिर है, इससे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब चूंकि इस मामले का संज्ञान लेते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी है और राज्य पुलिस को सारे कागजात बुधवार 10 बजे तक सीबीआई को सौंपने की हिदायत दी है, तो उम्मीद की जानी चाहिए कि मामले की संतोषजनक जांच होगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या अस्पतालों में सिर्फ डॉक्टर ही खतरे में होते हैं? डॉक्टरों के साथ नर्स, अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं रोगी भी कहां सुरक्षित है? हालांकि हड़ताली डॉक्टरों ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को मुद्दा बनाया है, लेकिन नर्स और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों पर हमले कभी इतना बड़ा मुद्दा क्यों नहीं बनते? मसला मरीजों की सुरक्षा का भी है। 2024 में अस्पतालों में हुए यौन हमलों के हर पांच में से चार मामलों में पीड़ित महिला मरीज रही हैं। सवाल यह भी है कि अस्पतालों में ओवरचार्ज के रूप में मरीजों पर होने वाले वित्तीय हमलों को क्यों चर्चा से बाहर रखना चाहिए? आखिर अस्पतालों में बनते असुरक्षा के माहौल का यह भी एक अहम पहलू है। हमारे अस्पताल हर तरह से सुरक्षित होने चाहिए और इसके लिए सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए। संभवतः इसीलिए हड़ताली डॉक्टरों की एक प्रमुख मांग यह है कि हेल्थकेयर वर्कर्स की सुरक्षा के लिए देश में एक नया केंद्रीय कानून बनाया जाए।

बढ़ते डॉक्टरों पर हमलों के कारण उनका डर और उनकी चिंता जायज है। लेकिन जहां तक केंद्रीय कानून की मांग है तो सवाल यह है कि क्या कोलकाता में लेडी डॉक्टर पर हुआ हमला कड़े कानूनों की कमी का परिणाम माना जा सकता है? सच यह है कि ज्यादातर राज्यों में मेडिकेयर सर्विस पर्सन्स और मेडिकेयर सर्विस इंस्टीट्यूशंस (हिंसा या क्षति या संपत्ति के नुकसान की रोकथाम) अधिनियम पहले से ही लागू है। अब तो हर अस्पताल में डाक्टरों पर हमलों के लिये चेतावनी के बोर्ड देखने को मिलते है कि ऐसी घटनाओं को अपराध मानते हुए उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। मगर इन राज्यों में भी इसके तहत दर्ज मामलों में दस फीसदी ही आरोप तय होने के बाद अदालत तक पहुंच पाते है। जाहिर है, मूल समस्या कानून में नहीं, उस पर अमल में है। अदालत ने उचित ही आंदोलित डॉक्टरों को उनके पवित्र एवं पावन दायित्व का एहसास कराया है और उनसे अपने काम पर लौटने की अपील की है। आखिर किसी जालिम की करतूत की सजा बेकसूर मरीजों को क्यों मिलनी चाहिए? इसलिये न्याय मांगते डॉक्टरों को भी सोचना चाहिए कि इंसाफ का तकाजा क्या यह भी नहीं है कि किसी मरीज से नाइंसाफी न हो?

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के एक अध्ययन के अनुसार, 75 प्रतिशत से अधिक डॉक्टरों को काम पर हिंसा का सामना करना पड़ता है। तूतीकोरिन में एक महिला डॉक्टर की हत्या एक गर्भवती महिला के पति ने की थी, जिसे गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। उसे दूसरे अस्पताल में रेफर किया गया था, लेकिन उसे स्थानांतरित किए जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पति ने तीन साथियों के साथ महिला डॉक्टर के परामर्श कक्ष में प्रवेश किया और उस पर तलवार से हमला किया। 2014 में, पंजाब के मनसा जिले में एक लड़के की मौत के बाद एक डॉक्टर के क्लिनिक को जला दिया गया था, जिसे तृतीयक अस्पताल में रेफर किया गया था, लेकिन उसकी मौत हो गई। भारत भर में डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा की असंख्य घटनाएं लगभग हर दिन सामने आती हैं, जिनमें से कुछ में गंभीर चोटें भी आती हैं। यहां तक कि देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली जैसे संस्थान भी इससे अछूते नहीं हैं। पश्चिम बंगाल में बात केवल राजनीतिक हिंसा एवं आक्रामकता की ही नहीं है बल्कि कुशासन एवं अराजकता की भी है। वहां आमजनता के साथ साथ अस्पतालों की सुरक्षा भी खतरे में है। इसका एक उदाहरण चुनाव से पहले कोलकाता के एनआरएस मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 10 जून की रात को सामने आया था, वह भी एक काला अध्याय ही था। इलाज के दौरान एक बुजुर्ग मरीज की मृत्यु के बाद एक वर्ग विशेष के लोगों ने डॉक्टरों पर हमला बोल दिया था, जिससे कई डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। भारत में डॉक्टर को लगभग भगवान का दरजा मिला हुआ है। ऐसे में, आमतौर से उन पर हमला किसी ऐसे निरंकुशता और असंवेदनशीलता की प्रतिक्रिया के रूप में देखा जाना चाहिए, जो तंत्र से पोषित एवं संरक्षित होता है। उसकी हिंसा का समर्थन नहीं किया जा सकता, पर इसे किसी शून्य की उपज भी नहीं कह सकते। लेकिन ताजा घटना में महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ जो हुआ, उसने तो सारी सीमाएं लांघ दी है।

इस हत्याकांड ने एक बार फिर पश्चिम बंगाल सरकार एवं पुलिस-प्रशासन को सवालों के कठघरे में खड़ा कर दिया है। खुद अदालत ने सवाल किया कि आखिर शुरूआत से ही हत्या के बजाय अस्वाभाविक मौत के नजरिये से जांच क्यों की गई? फिर 9 अगस्त को घटी इस घटना में उसने जिस आरोपी को हिरासत में लिया है, वह एक पुलिस का वॉलंटियर बताया जाता है और उसे इस अस्पताल में अक्सर मंडराते देखा जाता था। इतने संवेदनशील मामले में अतिरिक्त सक्रियता बरतकर कोलकाता पुलिस न सिर्फ पीड़ित परिवार के भरोसे का संरक्षण कर सकती थी, बल्कि डॉक्टरों को भी यह यकीन दिला सकती थी कि अपराधी चाहे कोई भी हो चंद घंटों के भीतर वे सलाखों के पीछे होंगे!

मगर बंगाल पुलिस ने कहीं न कहीं कोताही बरती। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का उसे यह अल्टीमेटम देना कि रविवार तक जांच पूरी हो, वरना मामला सीबीआई को सौंप देंगे, आखिर क्या ध्वनित करता है? दरअसल, यह सिर्फ एक राज्य की पुलिस की बात नहीं है। लोगों की निगाहों में राज्य-दर-राज्य पुलिस की छवि इतनी कमजोर हो चली है कि जघन्य अपराधों की जांच में भी लोग उसकी पेशेवर काबिलियत पर आसानी से भरोसा नहीं करते और उसमें राजनीतिक कोण देखने लगते हैं। निस्संदेह, इसके लिए पुलिस के साथ-साथ राजनीतिक नेतृत्व भी बराबर के दोषी हैं। सीबीआई की कार्यशैली भी सवालों से घिरी हैं ऐसे में, आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की डॉक्टर के हत्याकांड की जांच उसके लिए एक नई चुनौती है कि वह जल्दी से जल्दी इसकी जांच मुकम्मल कर न सिर्फ दोषी या दोषियों को सलाखों के पीछे पहुंचाएं, बल्कि अपनी छवि भी सुधारे।

**(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)**

# मोदी जी का सेक्युलरज्म और हम-आप

राकेश अचल

> मोदी एंड कम्पनी का आरोप है कि संविधान मेंसेक्युलर शब्द था ही नहीं, इसे तो बाद में जोड़ा गया है। अब संविधान में सेक्युलर शब्द जोड़ने वालों का आभार मानना पडेगा मोदी जी को। क्योंकि यदि ये शब्द संविधान में न होता तो वे इसका इस्तेमाल कैसे करते? लालकिले से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी भाषण दे रहे थे लेकिन बार-बार भरम हो रहा था कि वे रामलीला मैदान में भाजपा की किसी चुनावी रैली को सम्बोधित कर रहे हैं न की राष्ट्र को। उनके सामने राष्ट्र जैसे था ही नहीं। वे अपने पुरखों को निशानेपर रखे हुए थे।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी का लालकिले से ग्यारहवां उदबोधन बहुत महत्वपूर्ण रहा। महत्वपूर्ण दो कारणों से रहा, पहला तो उन्होंने पहली बार टेलीप्रॉम्प्टर का इस्तेमाल किये बिना एक्सटेम्पोर भाषण दिया। दूसरा कारण ये है कि उन्होंने सेक्युलर शब्द का इस्तेमाल किया। वैसे तीसरा कारण भी है कि उन्होंने अब हमेशा के लिए जय हिन्द कहना छोड़ दिया क्योंकि उन्हें अब नेहरू की तरह नेताजी सुभासचन्द्र बोस भी पसंद नहीं हैं।

मै माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी का अखंड समर्थक हूँ, इसलिए मैंने उन्हें सुनने के लिए पूरे 98 मिनट खर्च किये। हालाँकि मेरे समय का कोई मोल नहीं है। मुझे हैरानी हुई कि मोदी जी ने अपने भाषण में पहली बार सेक्युलर नागरिक संहिता की बात अपने मुखारविंद से कही। पहले तो विश्वास ही नहीं हुआ, लेकिन जब बार-बार सुना तो तब मानना पड़ा कि मोदी जी ही सेक्युलर शब्द बापर रहे हैं, अन्यथा मोदी जी और उनके करोड़ों भक्त लगातार संविधान से सेक्युलर शब्द हटाने की मांग करते रहे है। मोदी एंड कम्पनी का आरोप है कि संविधान मेंसेक्युलर शब्द था ही नहीं, इसे तो बाद में जोड़ा गया है। अब संविधान में सेक्युलर शब्द जोड़ने वालों का आभार मानना पडेगा मोदी जी को। क्योंकि यदि ये शब्द संविधान में न होता तो वे इसका इस्तेमाल कैसे करते?

लालकिले से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी भाषण दे रहे थे लेकिन बार-बार भरम हो रहा था कि वे रामलीला मैदान में भाजपा की किसी चुनावी रैली को सम्बोधित कर रहे हैं न की राष्ट्र को। उनके सामने राष्ट्र जैसे था ही नहीं। वे अपने पुरखों को निशानेपर रखे हुए थे। उन्होंने कृपा इतनी की कि न नेहरू और इंदिरा गांधीका नाम लिया और न अटल बिहारी बाजपेयी जी का। वैसे वे लतिया सभी को रहे थे और अच्छा लतिया रहे थे। इस मामले में मोदी जी का लोहा मानना पडेगा। बांग्लादेश में भी देश के स्वतांत्रता सेनानियों को हाल में इसी तरह लतियाया गय। शेख मुजीबुर्रहमान की प्रतिमाएं भंग की गयीं। उनकी पार्टी के नेताओं की हत्या की गयी और उनकी बेटी को देश निकला दे दिया गया। गनीमत ये है कि हमारे यहां सियासी अदावत अभी इस मुकाम तक नहीं पहुंची है।

मोदी जी दुनियादारी के फेर में नहीं पड़े। उन्होंने बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ ज्यादती पर सिर्फ चिंता जताई लेकिन बांग्लादेश की नयी सरकार को कोई चेतावनी नहीं दी। देते भी कैसे? वे तो बांग्लादेश की नयी सरकार से भी दोस्ती बरकरार रखना चाहते है। ये अच्छी बात है। उन्हें बांग्लादेश से ही नहीं सभी पड़ौसियों से दोस्ती बनाकर रखना चाहिए, अन्यथा अब कोई पड़ौसी दोस्त है ही कहाँ हमारा। प्रधानमंत्री जी ने भारत की विदेशनीति के बारे में दुनिया को कोई संकेत नहीं दिया। दुनिया निराश हो गयी। मोदी जी के भाषण में सब कुछ था लेकिन देश की जनता के लिए कुछ नहीं था, जो कुछ था वो विपक्ष के लिए था, अल्पसंख्यकों के लिए और अदालतों के लिए था। उनकी असली अदावत इन्हीं तीनों से है। मोदी जी ने सबसे पहले विपक्ष के नेता राहुल गांधी को अतिथियों की पांचवीं कतार में बैठा दिया। उन्हें इससे सुख मिला होगा। हर आदमी अपने सुख के लिए ही दूसरे को अपमानित करता है, अन्यथा राहुल गांधी के पास भी केंद्रीय मंत्री का दर्जा है, वे भी केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठाये जा सकते थे, लेकिन ये संसद नहीं है, जहां व्यवस्था का प्रश्न उठाया जा सकता है। सरकार की व्यवस्था पर कोई प्रश्न नहीं उठाया जा सकता, ये देशद्रोह है और इसके अलावा कुछ नहीं। माननीय श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी ने तीसरी बार बैशाखियों के सहारे प्रधानमंत्री बनने के बाद अपने पहले उदबोधन में देश को क्या उपहार दिया? ये हमें तो नहीं पता। आपको पता हो तो अवश्य शेयर कीजिये। डाक्टरों की 75 हजार सीटें जरूर बढ़ाई गयीं है, लेकिन इसका लाभ गरीब जनता को मिलेगा या अमीर मेडिकल कालेज संचालकों को, ये सोचना पडेगा। हमारी सरकार वैसे भी सबसे पहले यानि जनता से पहले अपनी जनता यानि ए -1, और ए -2 का ख्याल रखती आयी है। ये दोनों भी सरकार को वैसा ही समर्थन देते आ रहे हैं जैसा की टीडीपी या जेडीयू। माननीय मोदी जी का भाषण अकेले हम ही नहीं देश के करोड़ों लोग सुनते है। कम से कम वे 85 करोड़ लोग तो सुनते ही हैं जिन्हें हमारी सरकार लगातार अनेक वर्षो से एक जून की रोटी मुफ्त में दे रही है। इस भीड़ को लगता है कि मुमकिन है कि मोदी जी पंद्रह अगस्त को पांच किलो अन्न के साथ दाल और नमक भी मुफ्त देने की घोषणा करें। माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी को हमसे ज्यादा जानने वाले गोदी मीडिया का मानना है कि लालकिले से दिए गए उदबोधन का अर्थ है कि -यूसीसी को सेक्युलर कोड संहिता का नया कलेवर दिया जाएगा। भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी, मतलब केजरीवाल जैसों पर कार्रवाई होती रहेगी। रिफॉर्म नहीं रुकेंगे। शिक्षा और रोजगार पर जोर जारी रहेगा और हिन्दू -मुसलमान होता रहेगा। मुमकिन है की गोदी मीडिया आकलन हमसे ज्यादा सही हो, इसलिए हम इससे इंकार भी नहीं करते। और इसीलिए हमेशा से माननीय मोदी जी कि सामने नतमस्तक रहते हैं। हमारे ऐसे ही एक श्रोता ने हमें आगाह किया कि मोदी जी लालकि ले से लगातार ग्यारह साल से मोदी जी सुभाष चन्द्र बोस का अपमान करते आ रहे हैं। आजाद हिन्द फौज में अभिवादन के लिए जय हिन्द शब्द का इस्तेमाल किया जाता था जो आज भी पुलिस, अर्द्ध सैनिक बलों और सेना में प्रचलन में है। इस यादगार को चिरस्थायी बनाने के लिए पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु लालकि ले से अपने उद्बोधन के बाद जयहिंद बोला करते थे जो माननीय मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने तक जारी रहा। लेकिन अब मोदी जी जय हिन्द नहीं कहते।

सवाल ये है की क्या मोदीजी जाने अनजाने लगातार सुभाष चन्द्र बोस जी अपमान करते जा रहे हैं। संभवतः वे अपने संघ के संस्कारों से इतने प्रभावित हैं कि जय हिन्द शब्द से नफरत करने लगे हैं। मोदी जी को शायद नहीं पता की आजाद हिन्द फौज को मार्च का गीत भारतीय सेना ने अपनाया है। सुभाष चन्द्र बोस के हर योगदान को चिरस्थायी बनाया गया। मोदी जी नेहरू जी खिलाफ अभी तक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का इस्तेमाल करते थे, लेकिन अब उन्हें भी नेहरू की तरह अपना अरि समझने लगे हैं ये हैरान करने वाले बात है। लेकिन मुझे नहीं लगता की ये बात सही होगी।

# इतिहास में अनेक उतार-चढ़ाव आते रहे

भारत डोगरा

इतिहास को कई बार राजा-रानियों के इतिहास और विभिन्न शासकों के आपसी युद्धों के संदर्भ में अधिक देखा जाता है। इससे कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण यह समझ बनाना है कि इतिहास के किस दौर में मनुष्य ने, जनसाधारण ने बेहतर प्रगति की और कब वे पीछे हटे। उनके आगे बढ़ने या पिछड़ने के क्या कारण थे। यह समझना बहुत आवश्यक है। प्रायः मान लिया जाता है कि समय के साथ-साथ मनुष्य ने प्रगति अवश्य की होगी क्योंकि जैसे-जैसे विभिन्न आविष्कार होते गए, वैसे-वैसे मनुष्य की क्षमताएं बढ़ती गई होंगी। यह इतिहास की बहुत संकीर्ण व्याख्या है जो प्रगति की सही समझ पर आधारित नहीं है। मान लीजिए कि विज्ञान ने प्रगति की, नये आविष्कार हुए पर इन सबका दुरुपयोग ऐसे हुआ कि युद्ध महाविनाशक हथियारों से लड़े जाने लगे और पर्यावरण का बहुत विनाश होने लगा। तो इसे प्रगति कैसे माना जा सकता है? वास्तव में मनुष्य की प्रगति तो तब मानी जाएगी जब न्याय और समता, अमन-शांति, पर्यावरण और अन्य जीवों की रक्षा, परस्पर सहयोग और समन्वय की स्थितियां बेहतर होंगी। अतः इतिहास के विभिन्न दौरों में हमें यह देखना होगा कि ऐसी स्थितियां आगे बढ़ती हैं या नहीं। मनुष्य आज जिस रूप में है, उससे मिलती-जुलती स्थिति में मनुष्य की मौजूदगी लगभग एक लाख वर्ष पूर्व दर्ज हुई है। यह कुछ कम अधिक भी हो सकती है पर मोटे तौर पर हम कह सकते हैं कि लगभग एक लाख वर्ष पहले हमारे जैसे मनुष्य धरती के अनेक भागों पर नजर आने लगे थे। दूसरी ओर, एक स्थान पर रह कर कृषि की शुरूआत लगभग 10 हजार वर्ष पूर्व ही आरंभ हुई। इस तरह अपने एक लाख वर्ष के इतिहास के पहले ९०० वर्षों में मनुष्य की मूल प्रवृत्ति यह थी कि वह छोटे समूहों में रहते थे और अधिकतर फल-फूल, कंद-मूल एकत्र कर और अवसर मिलने पर छोटा-बड़ा शिकार कर पेट भरते थे। आसपास उपलब्ध संसाधनों से वस्त्र और आवास की आपूर्ति कर लेते थे और मामूली औजार बना लेते थे। अधिक महत्त्वपूर्ण बात यह थी कि ये समुदाय समता और सहयोग पर आधारित थे और उनमें ऊंच-नीच नहीं थी। अपनी जरूरतों को एकत्र करने में एक समुदाय के विभिन्न परिवार और व्यक्ति एक दूसरे के साथ सहयोग करते थे और जो भोजन एकत्र करते थे उसे मिल-बांटकर खाते थे। महिलाओं को सम्मान मिलता था और उनसे जोर-जुल्म नहीं होता था। कोई राजा या गुलाम नहीं था। विभिन्न समुदायों में भी आपसी



युद्ध नहीं होता था और एक स्थान पर खाद्य उपलब्ध न होने पर कोई समुदाय दूसरे से लड़ने के स्थान पर दूसरे स्थान पर चला जाता था। मूल प्रवृत्ति घुमंतुपन की ही थी। अतः इसमें किसी को कोई बड़ी दिक्कत भी नहीं थी। यह सब इसलिए भी समझना है क्योंकि कई बार बड़ी लापरवाही से कह दिया जाता है कि लड़ने -झगड़ने, छीना-छपटी और दूसरों को दबाकर रखने की मनुष्य की स्वाभाविक प्रवृत्ति ही है। अतः यह जोर देकर कहना चाहिए कि मनुष्य के इतिहास के पहले 90 प्रतिशत समय में युद्ध, छीना-छपटी, लड़ाई-झगड़े, दूसरों को दबा कर रखना, ऊंच-नीच, राजा-प्रजा ये सब प्रवृत्तियां मनुष्य में नहीं थीं (या बहुत कम थीं) जबकि सहयोग, समता, मिल-बांटकर खाने, अमन-शांति से रहने की प्रवृत्तियां कहीं अधिक थीं। यह एक बड़ी विडंबना है कि जिस समय मनुष्य इस घुमंतु और सादे जीवन के दौर से निकल कर ऐसे दौर में आया जिसे सभ्यता या सिविलाइजेशन कहा जाता है तभी से मानव-जीवन में ऊंच-नीच, दूसरों को दबाने और शोषण की प्रवृत्ति, युद्ध और लड़ाई-झगड़े की प्रवृत्ति भी अधिक आ गई। ऐसा कैसे हुआ? घुमंतु और आस-पास से भोजन एकत्र करने के दौर में ही मनुष्य ने पौधे उगाना सीखा और फिर धीरे-धीरे गांव बसा कर खेती करने लगा। कुछ समय तक यह मजे से चला पर सूखा पड़ने पर फसल सूख जाती थी। अतः भंडार बनाने की जरूरत महसूस हुई और फिर ये भंडार बढने लगे। इन भंडारों की व्यवस्था कौन करे? इसके लिए कहीं पर पूजा-पाठ करने वाले आगे आए तो कहीं सैन्य क्षमता वाले। पहले उन्होंने व्यवस्था की, फिर भंडार अपने नियंत्रण में लिए, फिर साधारण किसानों से इसके लिए वसूली की। जहां भंडार अधिक समृद्ध हो गए, उस पर ऐसे लोगों की नजर पड़ी जिनके पास भंडार नहीं थे और उन्होंने ताकत के बल पर इन भंडारों को लूटने का प्रयास किया। इस तरह ऊंच-नीच, शोषण, छीना-छपटी, यृद्ध, राजा-प्रजा की प्रवृत्तियां बढ़ने लगीं। जब गांव और कृषि की उत्पादकता बढ़ी और आधिपत्य करने वालों ने किसानों से अधिक हिस्सा प्राप्त किया और इसके बल पर धीरे-धीरे शहरी सभ्यताओं की ओर बढ़े पर इन सभ्यताओं के पनपने और उनकी समृद्धि के साथ असमानता और शोषण भी बढ़ गए और शासक वर्ग अपनी विलासिता पर ही नहीं अपने भवनों और मकबरों पर भी अत्यधिक संसाधन खर्च करने लगे। इन्हें अंत में किसानों और मेहनतकशों के शोषण से प्राप्त किया। चंद सभ्यताओं की समृद्धि बढ़ी तो उन पर बाहरी हमले भी बढ लगे और इन युद्धों के बंदियों को गुलाम भी बनाया जाने लगा। दूसरी ओर, जब जोर-जुल्म बढ़े तो इससे परेशान लोगों में नये सिरे से अमन-शांति, समानता और सादगी के लिए गहरी चाह उत्पन्न हुई और इसके फलस्वरूप कभी महात्मा बुद्ध के रूप में तो कभी महावीर जैन के रूप में अहिंसा, अमन-शांति, सादगी और सद्विचार का संदश देने वाले महान मार्गदर्शकों ने नई राह दिखाई। यहां तक कि सम्राट अशोक जैसे महान विजेता शासक ने भी एक बड़ी विजय के बाद अमन-शांति की राह अपनाने में ही संतोष प्राप्त किया। दूसरी ओर, प्राचीन सभ्यताओं के विकास में जो रोमन साम्राज्य सबसे अधिक विस्तारवादी और पराक्रमी होने का गौरव रखता था, जिसकी सड़कों और भवनों का वैभव दूर-दूर तक विख्यात था, उस रोम साम्राज्य में ही गुलाम प्रथा, शोषण, विषमता, विलासिता, बुरे व्यसनों और चरित्र की गिरावट की भी पराकाष्ठा देखी गई। इस तरह इतिहास में अनेक उतार-चढ़ाव आते रहे पर एक मूल प्रवृत्ति यह देखी गई कि जब भी अमन-शांति, सहयोग और समता, न्याय और करुणा, पर्यावरण और जीव-जंतुओं की रक्षा पर अधिक ध्यान दिया गया। तभी मानव समाज को अधिक खुशहाली, सुकून संतोष मिल सके और वास्तविक प्रगति दे सके। यह इतिहास का एक बड़ा सबक है कि प्रगति, न्याय और समता, अमन-शांति और पर्यावरण की राह प्राप्त होती है, और इसके लिए सतत प्रयास करना पड़ता है।

## संक्षिप्त खबरें

### हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया 78 वे स्वतंत्रता दिवस समारोह



बगहा। महात्मा गाँधी कि कर्मभूमि चम्पारण के बगहा में गाँव से लेकर शहर तक हर्षोल्लास के साथ 78 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया । इंडो नेपाल सीमा पर एसएसबी और बिहार पुलिस के जवानों ने झंडतोलन किया।वाल्मीकिनगर में गोलचौक, सर्किल ऑफिस, इमिग्रेशन ऑफिस, थाना, बैंक, गंडक बराज कंट्रोलरूम सनजेवीयर, सरस्वती शिशु मंदिर आदि जगहों व संस्थानों में हर्षोल्लास के साथ झंडारोहण किया गया।वहीं बगहा दो प्रखंड के राजकीय उच्च विद्यालय पचरूखा और वेलनेस हेल्थ कार्यालय में वाल्मीकिनगर के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी इरशाद हुसैन ने झंडातोलन कर तिरंगे को सलामी दीं तो वहीं दूसरी ओर नरवल बोरवल स्थित ऐतिहासिक पंचायत सरकार भवन में 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला मुखिया सकीना खातून ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दीं । जश्न ए आजादी के इस अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ ग्रामीणों और शिक्षकों ने राष्ट्रगान के साथ स्वाधीनता दिवस समारोह में बढ़ चढ़कर शामिल हुए।इस मौके पर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन कर सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया।

### केंद्रीय मंत्री ने जिले भर में तिरंगे के साथ बाइक रैली निकाली

बगहा। देशभर में स्वतंत्रता दिवसकि धूम मची है। क्या शहर क्या गांव हर जगह तिरगे के साथ देशभक्ति के वातावरण में डुबा नजर आ रहा है।वही इस मौके पर केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दूबे ने जिलाभर में तिरंगा झंडा के साथ बाइक रैली निकाली। बतादें,स्वतंत्रता दिवस पर आज जगह जगह झंडा फहराया जा रहा है तो वहीं ह घर तिरंगा लहराया जा रहा है जो सशक्त और समृद्ध भारत का परिच दें रहा है क्योंकि हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है लिहाजा इसकी अखंडता और एकता अनोखी है ।

### बलथर में सुनील सिंह एवं पुरैना में मुखिया अबरे आलम ने किया झंडोतोलन

बेतिया(घनश्याम)।पश्चिमी चंपारण जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वतंत्रता दिवस की धूम रही।सिकटा प्रखंड के मनरेगा कार्यालय में पीओ डॉ भागीरथ साह,बलथर पंचायत में मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह पुरैना पंचायत में मुखिया सह मुखिया संघ के उपाध्यक्ष अबरे आलम ने हर्षोल्लास के साथ झंडोतोलन किया।इस दौरान बलथर मुखिया सुनील कुमार सिंह ने पंचायत एवम समस्त देशवासियों को बधाई देते हुए कही की आज आजादी की 78वीं वर्षगांठ के रूप में आज पूरे देश मना रहा है।वही पुरैना मुखिया अबरे आलम ने सभी ग्रामीणों से कहा कि आइए हम अपने देश को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट होकर काम करें और अपने देश की स्वतंत्रता को हमेशा के लिए बनाए रखें।मौके पर पीआरएस बीरेंद्र प्रसाद,वार्ड सदस्य और दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहें।

### मुखिया शौकत अली ने किया झंडोत्तोलन

बेतिया(प.च)।बैरिया प्रखंड के तुमकडिया पंचायत भवन में मुखिया शौकत अली ने झंडोतोलन किया।इस दौरान मुखिया ने स्थानीय पंचायत भवन में शान से तिरंगा लहराया गया।इस दौरान उन्होंने पंचायत के लोगों को शुभकामनाएं दी। मुखिया ने अपने संबोधन में कहा कि उन तमाम शहीदों को पूरे ग्राम की ओर से नमन करती हूं। जिनके बलिदान के कारण आज हम आज स्वतंत्रता दिवस मनाने जुटे हैं। हमें उन शहीदों के त्याग को अपने जीवन में उतारना होगा। तभी हमारा समाज व देश का चहुमुंखी विकास की गाड़ी की रफ्तार तेज गति पकड़ सकेगी। आज पंचायत का जो विकास झलक रह है वह सभी ग्रामीणों के सहयोग का परिणाम है।

### चुलाई दारू के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

चनपटिया(ए के सिंह) ।शुक्रवार को गुप्त सूचना पर मनुआपुल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बारह लीटर देशी चुलाई दारू के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष नरेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज बरबा बारी गांव निवासी बुन्नी लाल साह है जिसे भरपटिया मुशहर टोला गांव समीप से बारह लीटर चुलाई दारू के साथ गिरफ्तार किया गया है।बिहार मद्धनिषेध व उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है।

# सरकार राज्य की तरक्की व बेरोजगारों को रोजगार को ले है प्रतिबद्ध : प्रभारी मंत्री

## जिला में शान से लहराया तिरंगा, शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में रही स्वतंत्रता दिवस की धूम

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा । सारण जिला वीर सपूतों, डॉ राजेंद्र प्रसाद, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, शहीद राजेंद्र सिंह, मौलाना मजहरुल हक एवं भिखारी ठाकुर जैसे महापुरुषों की धरती रही है, 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इस धरती को नमन करता हूँ । उक्त बातें बिहार सरकार के मंत्री सह जिला 20 सूत्री प्रभारी मंत्री सुमित कुमार ने स्थानीय राजेंद्र स्टेडियम के सभागार में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित करते हुए कही ' मुख्य समारोह के संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री सुमित कुमार ने राज्य सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि सरकार न्याय के साथ विकास के मूल्यों को आत्मसात करते हुए समाज के युवाओं, महिलाओं, उद्यमियों एवं ग्रामीणों के सभी वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है ।1 जनवरी 2024 से 31 जुलाई 24 तक जिला के विभिन्न अस्पतालों तथा ओपीडी में लगभग 1 लाख 33 हजार मरीजों का उपचार सफलतापूर्वक किया गया । मंत्री ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना के तहत लगभग 2,70,000 मरीजों को ऑनलाइन चिकित्सा परामर्श दिया गया । वहीं ई जीवनी एवं ई ओपीडी मोबाइल एप्लीकेशन द्वारा लगभग 1,82,000 व्यक्तियों को टेली कंसल्टेंसी चिकित्सा सेवा कासुबिधा दिया गया । मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर सरकार लगातार प्रयास कर रही है,अभी तक दो चरणों में 5913 नए शिक्षकों की नियुक्ति की गई है, विद्यालय में आधारभूत संरचना मजबूत किया जा रहा है, भवनों की मरम्मती एवं निर्माण कार्य भी जारी है ' प्रभारी मंत्री सुमित कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को कौशल विकास तथा रोजगार के नए अवसर प्रदान किया जा रहे हैं, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत जिला के 9234 छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए 301 करोड़ 29 लख रुपए का शिक्षा ऋण दिया गया है ' जिला में 2 लाख 37 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों का भुगतान किया जा रहा है । सरकार पंचायती राज व्यवस्था को मजबूती को लेकर 40 पंचायत सरकार भवन क्रियाशील किए हैं । जबकि ग्रामीण सोलर लाईट के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत के सभी वार्डों में 10-10 सोलर लाईट दिया गया है। मंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर सरकार प्रयत्नशील है, विभागों में लगातार नियुक्तियां की जा रही है,और जिला स्तर पर नियोजन मेला के माध्यम से भी बेरोजगारों को रोजगार दिया जा रहा है ' सरकार राज्य के विकास के प्रति प्रति गंभीर है । इस अवसर पर बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों एवं सामाजिक कार्यकताओं को जिला प्रशासन के आला अधिकारियों को उपस्थिति में मंत्री ने सम्मानित किया ' जिसमें चौकीदार अमन कुमार एवं राजकुमार पासवान को नियुक्ति पत्र दिया गया ' जबकि सम्मान पाने वालों में संगीता कुमारी, भीम साह, पूनम देवी, माला देवी, लहरी देवी, दुर्गावती देवी, शोभा देवी, निक्की कुमारी, अभिषेक अरुण,राणा प्रताप सिंह, साइबर सेल के पुलिस उपाधीक्षक एवं थानाध्यक्ष, संगीता कुमारी मुन्नी देवी, सूर्यदेव कुमार, सीमा राय, माला कुमारी, रंजीत कुमार सिंह, रविचंद्र शर्मा, चंद्रकांत द्विवेदी, मनोज कुमार, अभिषेक कुमार सिंह एवं सुजीत कुमार आदि प्रमुख हैं । समारोह में उपस्थित होने वालों प्रमुख गणमान्य लोगों में जिला प्रशासन के प्रमंडलीय आयुक्त, डीआईजी सारण प्रमंडल, जिला पदाधिकारी अमन समीर, पुलिस कप्तान डॉ कुमार आशीष,डीडीसी प्रियंका रानी, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी रविंद्र कुमार, डीआरडीए के डायरेक्टरअब्दुल कयूम अंसारी, एएसपी, डीएसपी सहित जिला के सभी प्रशासनिक पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधि के रूप में विधायक सीएन गुप्ता एवं जदयू के जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि व जनता उपस्थित थे ।

## प्रेम प्रसंग में एक युवक की हुई हत्या,युवक का शव साड़ी के फंदे से लीची के पेड़ पर लटका मिला

### दस रोज पूर्व ननिहाल गांव की एक लड़की को लेकर भाग रहा था पुलिस ने धर दबोचा

प्रात : किरण, संवाददाता

अमनौर भेल्दी थाना क्षेत्र के चाँदपुरा गांव के समीप लीची के पेड़ से लटका एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। मृतक युवक की पहचान मकेर क्षेत्र के डीही गाँव के त्रिलोकी शर्मा के बड़ा पुत्र 16 वर्षीय सोनू कुमार शर्मा के रूप में की गई है।मृतक युवक का शव साड़ी के फंदा में लीची के पेड़ पर लटका हुआ था।यहां से 50 मीटर की दूरी पर युवक के ननिहाल है।युवक अपने घर से भाग कर यहां आया हुआ था।ननिहाल में एक लड़की से इसको प्रेम प्रसंग था।दस रोज पूर्व वह लड़की को लेकर भागा था। पुलिस ने दोनो को गिरफ्तार कर एक पंचनामा के आधार में दोनो के परिजनों को सुपुर्द कर दिया था।इसके बाद से दोनों के परिजनों में तनाव बढ़ गया था।मारपीट भी हुई थी।जिसके कारण इनके ननिहाल वालो ने युवक को उसके घर भेज दिया।15 अगस्त को युवक घर से फरार होकर यहाँ चला आया।लेकिन ननिहाल नही आया परन्तु ननिहाल घर के आस पास संध्या में महिलाओ ने मक्के की खेतों के पास किसी से फोन पर बात करते देखा गया कुछ ही देर में गायब हो गया।देर रात्री तक घर नही लौटा।इनके ननिहाल वालो ने इसकी सूचना पुलिस को दिया।भेल्दी पुलिस मौके पर पहुच प्रेमी लड़की के घर के साथ आस पास सुन सान जगहों पर छापेमारी किया लेकिन युवक की बरामदगी नही हुई।अहले सुबह इनके ननिहाल वालो ने माल जाल बांधकर युवक की खोज में जाने वाले ही थे की सामने लीची के बागान में एक युवक के लास झूलते देखा।हो हल्ला हुई। युवक की हत्या की खबर से गांव में हहाकार मंच गया। देखते ही देखते हजारो की संख्या में लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी।युवक की मृत्यु से ग्रामीणों काफी आक्रोशित थे।अपराधियो को पकड़ने व मुआवजे की मांग कर रहे थे। भेल्दी पुलिस को इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुँच घटना की तहकीकात में जुट गई।डीएसपी नरेश पासवान भी आ पहुँचे जहाँ लोगो को समझा बुझा कर शव को फंदे से उतार पोस्मार्टम के लिए छपरा भेज दिया। युवक की माँ बच्चपन में स्वर्ग सिधार गई ननिहाल में पला बढ़ा यही रहने के कारण इस गांव की लड़की से प्रेम हो गया था। युवक की हत्या प्रेम प्रंसग में होने की चर्चा है।युवक की माता बबिता देवी बचपन मे स्वर्ग सिधार गई।पिता द्वारा दूसरी शादी रचा ली गई।घर परिवार के काफी लाचार था।जिसके कारण युवक के लालन पालन यहां चांदपुरा में इनके नाना शत्रुघ्न पाण्डेय के घर हुआ।युवक दो भाई में छोटा था ।बड़ा भाई रिशु कुमार जीविका के लिए बैंगलोर गया हुआ है।यहां रहकर पढ़ाई करता था ।हाई स्कूल अपहर में दसवीं के छात्र होने की बात कही जा रही है।युवक के मौसी लच्छी कैतुका में रहती है।वहाँ भी बराबर आते जाते रहता था।

## माँझी प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड क्षेत्र में शान से लहराया तिरंगा



प्रात : किरण, संवाददाता

मांझी। मांझी प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे हर्षोल्लास के साथ शान से तिरंगा झंडा लहराया गया। प्रखंड मुख्यालय पर प्रमुख कमला देवी व बीडीओ रंजीत कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से झंडोतोलन किया। वहीं नगर पंचायत कार्यालय पर कार्यपालक पदाधिकारी रक्षा लोहिया, मांझी थाना परिसर में थानाध्यक्ष अमित कुमार राम, दाउदपुर थाना परिसर में थानाध्यक्ष नवलेश, मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ. रोहित कुमार, बीआरसी परिसर में बीइओ विभा कुमारी, मांझी कृषि विज्ञान केंद्र में प्रधान कृषि वैज्ञानिक डॉ अभय कुमार सिंह, नंदलाल सिंह कालेज में प्राचार्य डॉ केपी श्रीवास्तव, कोहड़ा शहीद जगदेव प्रसाद स्मारक पर सत्यदेव प्रसाद व ओमप्रकाश कुशवाहा, भगत सिंह स्मारक पर काशीनाथ सिंह ने झंडोतोलन किया। वहीं कौरुधौरु पंचायत में मुखिया बीना देवी, कौरु धौरु पैक्स गोदाम पर पैक्स अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार सिंह, शिशु निकेतन पर प्रधानाचार्य मन्नू जी ,जैना किड्स एकेडमी पर प्रधानचार्य अफजल खान,मरहां पंचायत में मुखिया मुन्ना साह, लेजुआर में मुखिया माधुरी देवी, बलेसरा में मुखिया प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा, नसीरा पंचायत में मुखिया कमलावती देवी, तकिया अंबेडकर स्मारक परिसर में बीडीसी कलावती देवी, इनायतपुर में मुखिया गीता देवी, दाउदपुर में मुखिया अभिषेक कुमार सिंह, जैतपुर में मुखिया देवसुंदरी देवी, बरेजा में मुखिया राजेश पांडेय कन्या मध्य विद्यालय में प्रधानाचार्य राजू दास,आकांक्षा पब्लिक स्कूल डुमरी में प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह समेत सभी पंचायतों में मुखियागणों के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया।

## जंगली सूअर के मांस के साथ एक शिकारी को वनकर्मियों ने किया गिरफ्तार भेजा जेल

### मामले की तफ्तीश में जुटा वन विभाग



प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा। शिकारीयों ने वीटीआर के गोबर्धना रघीया वन क्षेत्र में जंगली सूअर का शिकार किया है। दरअसल वीटीआर के रघीया रेंजर उत्तम कुमार को गुप्त सुचना मिली थी की कोई शिकारी जंगली सूअर का मीट लेकर जा रहा है। सूचना मिलते हीं वन विभाग की टीम द्वारा स्नीफर डॉग के साथ ग्राम औरहिया के पास सघन वाहन चेकिंग किया गया इसी के दौरान मोहन लाल उरांव पिता-तेजा उरांव ग्राम मद्रहनी थाना-भैरोगंज निवासी के पास जंगली सूअर का 2 किलो मांस उसके मोटरसाइकिल की डिग्गी से बरामद किया गया। लिहाजा प्रतिबंधित मांस के साथ स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल को भी जप्त किया गया है। आरोपी ने बताया है की उसे शिकार का मांस चंपापुर गाँव के मनोज उरांव ने दिया है। वनकर्मी मनोज उरांव के यहां भी पहुंचकर छापेमारी में जुटे हैं।वन विभाग की इस कार्रवाई टीम में वनपाल अंकित कुमार, वनरक्षी,राजकुमार,आनंद कुमार,चंदन कुमार व आकाश कुमार मौजूद रहे। घटना की जानकारी देते हुए वीटीआर रघीया के रेंजर उत्तम कुमार ने बताया कि वन प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत केस दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।

## आन-बान-शान से समूचे जिले में लहराया प्यारा तिरंगा

### उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

- प्रभारी मंत्री ने मुख्य समारोह स्थल महाराजा स्टेडियम पर किया झंडोत्तोलन, परेड का किया निरीक्षण



प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया(प.च) ।पश्चिमी चंपारण जिले में 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। आन-बान-शान से समूचे जिले में प्यारा तिरंगा लहराया। मुख्य समारोह स्थल महाराजा स्टेडियम मबजनक राम मंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग बिहार सरकार-सह-प्रभारी मंत्री, पश्चिम चम्पारण, बेतिया द्वारा पूर्वाह्न 09.00 बजे झंडोत्तोलन किया गया। मंत्री द्वारा परेड का निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय, पुलिस अधीक्षक, बेतिया डी अमरकेश, उप विकास आयुक्त प्रतिभा रानी सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही मंत्री की उपस्थिति में बसवरिया टोला में अवस्थित महादलित टोला में श्री रामदेव राम ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्ति सहित महादलित टोला के निवासी उपस्थित रहे। समाहरणालय परिसर में जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय परिसर में उप विकास आयुक्त प्रतिभा रानी, पुलिस अधीक्षक, बेतिया के कार्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक, अमरकेश डी, अनुमंडल कार्यालय परिसर में एसडीएम, बेतिया विनोद कुमार द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। साथ ही जिले के सभी सरकारी कार्यालयों, महादलित बस्तियों आदि में हर्ष एवं उल्लास के साथ झंडोत्तोलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्वतंत्रता दिवस समारोह का प्रसारण फेसबुक लाइव के माध्यम से किया गया जिसे जिलेवासियों ने देखा और सुना। फेसबुक लाइव एनआइसी एवं सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, पश्चिम चम्पारण के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आपूर्त्ति टास्क फोर्स की बैठक

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में आज आपूर्त्ति टास्क फोर्स की बैठक आहुत की गई। सबसे पहले डीलर संघ के प्रतिनिधियों से फीडबैक लिया गया। उनके द्वारा कुछ जगहों पर चावल की गुणवत्तापूर्ण सही नहीं होने, फरवरी माह के मार्जिन मनी का भुगतान नहीं होने आदि जैसे मुद्दों की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने टीपीडीएस के सभी 17 गोदामों में चावल की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप सुनिश्चित करने का स्पष्ट निदेश दिया गया। जिस गोदाम से खराब गुणवत्ता के चावल की शिकायत आयेगी, संबंधित गोदाम के एजीएम के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम को एक महीने के अंदर सभी गोदामों की जाँच कर, जहाँ भी खराब गुणवत्ता का चावल मिले उसे नियमानुसार गोदाम से हटाने का स्पष्ट निदेश दिया। उन्होंने निदेश दिया कि जिला आपूर्त्ति पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं एमओ की टीम बनाकर सभी गोदामों की जाँच कर भंडारित चावल की गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगे। पीडीएस डीलरों को फरवरी माह के मार्जिन मनी का भुगतान नहीं होने के संदर्भ में जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम ने बताया कि तकनीकी कारणों से सिर्फ फरवरी माह के मार्जिन मनी का भुगतान नहीं हुआ है। उसके बाद के महीनों के मार्जिन मनी का भुगतान नियमित रूप से किया जा रहा है।जिलाधिकारी ने विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर भुगतान सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। सभी टीपीडीएस गोदामों पर एजेंसी द्वारा प्रतिनियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर को एक जगह से दूसरे जगह बदलने हेतु एजेंसी को निदेश देने का निर्णय लिया गया। राज्य खाद्य निगम के पास उसना चावल की आपूर्त्ति सीमित मात्रा में होती है।जनवितरण प्रणाली के तहत उसना चावल की मांग अधिक होती है। जिलाधिकारी ने कहा कि उसना चावल की आपूर्त्ति पंचायतवार निर्धारित रोस्टर के अनुरूप सुनिश्चित की जायेगी। निर्धारित रोस्टर के अनुरूप संबंधित पंचायत के सभी डीलरों को एक साथ उसना चावल दिया जायेगा।फिर जब रोस्टर के आधार पर उक्त पंचायत की पुनः बारी आयेगी तब उस पंचायत के सभी डीलरों को उसना चावल दिया जायेगा। अगस्त माह में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पीडीएस डीलरों को 2240 में से 2192 स्टॉक डिस्पैच आर्डर (एस आई ओ) भेजा जा चुका है, शेष लंबित 48 एसआईओ को 2 दिनों के अंतर्गत डिस्पैच करने का निदेश दिया गया। जो राशनकार्ड धारी लगातार एक वर्ष से अधिक अवधि से खाद्यान्न का उठाव नहीं कर रहे हैं, उनकी डीलरवार कारण सहित सूची संबंधित मार्केटिंग ऑफिसर तैयार कर अनुमंडल पदाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे। ऐसे मामलों में स्थलीय सत्यापन के आधार पर निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुये राशनकार्ड को रद्द करने की कार्रवाई अनुमंडल पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे।

### इसुआपुर में कई संस्थानों पर नही हुआ झंडोत्तोलन

इसुआपुर । एक तरफ जहां सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों पर 78 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। वहीं इसुआपुर स्थित एचडीएफसी बैंक ,बंधन बैंक तथा व्यापार मंडल के पीडीएस गोदाम पर स्वतंत्रता दिवस नहीं मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय बाजार इसुआपुर स्थित इन तीनों संस्थानों पर राष्ट्र ध्वज नहीं फहराया जाना लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।इस बाबत एचडीएफसी बैंक के सिक्योरिटी गार्ड से पूछने पर उसने बताया कि जब से इसुआपुर में एचडीएफसी बैंक खुला है, तब से लेकर आज तक यहां पर झंडा नहीं फहराया गया है। वहीं मोबाइल फोन के माध्यम से जब एचडीएफसी बैंक के मैनेजर से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि उनके यहां झंडा फहराने का कोई नियम नहीं है।

## एसएसबी जवानों ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नेपाल एपीएफ व नेपाल पुलिस को मिठाईयां प्रदान की

प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा। बृहस्पतिवार को 78 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर इंडो नेपाल सीमा पर स्थित एसएसबी 21 वीं बटालियन के ह्नबीह्न समवाय गंडक बैराज चेक पोस्ट के जवानों ने सीमा पर तैनात सुरक्षा प्रहरी मित्र राष्ट्र नेपाल एपीएफ और नेपाल पुलिस के जवानों को मिठाइयां खिलाई और प्रदान किए।इस मौके पर पर द्वतीय कमान अधिकारी नीरज थापा, क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी बेतिया,इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार, उप.नि. मुकुल चकमा 21वीं वाहिनी एसएसबी बगहा बी समवाय के अधिकारी मौजूद थे। बतादें की मित्र राष्ट्र नेपाल के सुरक्षा जवानों के साथ परंपरागत मैत्री रिश्ते को आगे बढ़ाते हुए त्रिवेणी नेपाल पोस्ट कमांडर इंस्पेक्टर तेज बहादुर ठकुरी व अन्य नेपाल पुलिस त्रिवेणी चौकी इंचार्ज उप.नि महेश राय माजी को भेट स्वरूप मिठाईयां प्रदान की गई। इस परंपरा के माध्यम से दोनों देशों की सशस्त्र बल व पुलिस एक दूसरे के साथ अपने सहयोग और सद्भावना को प्रकट करती हैं। यह न केवल सुरक्षा और शांति के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देता है, बल्कि एक सकारात्मक संदेश भी देता है कि दोनों देशों के बीच के रिश्ते कितने मजबूत और मैत्रीपूर्ण हैं।

## स्वाधीनता दिवस पर लें स्वच्छ,सुंदर विकसित बेतिया बनाने का संकल्पः गरिमा

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतियाः देश का 78वाँ स्वाधीनता दिवस नगर निगम कार्यालय परिसर में भी भव्य समारोह पूर्वक मनाया गया। जहां ध्वजारोहण के बाद महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि हम सबको आज के स्वाधीनता दिवस पर अपने बेतिया नगर निगम को स्वच्छ, सुंदर विकसित बनाने का संकल्प लेना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि हम सभी अपने दायित्व और सार्वजनिक जीवन की जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी तत्परता और ईमानदारी से करें। इसकी जरूरत और महत्ता को स्पष्ट करते हुए श्रीमती सिकारिया ने कहा कि हमारे हजारों पूर्वजों के कुर्बान होने के बाद हम आजादी मिली है। इसके बावजूद हम इस आजादी का सही महत्व नहीं समझ पाए हैं। तभी अपने देश, समाज और अपनी जिम्मेदारी के प्रति हमारा समर्पण अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। इस मौके पर महापौर के द्वारा कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित सभी पार्षदगण, सभी अधिकारी एवं सभी मीडिया बन्धुओं को जलेबी खिलाकर सबका मुंह मीठा कराने के बाद सभी निगम कर्मचारियों को उपहार स्वरूप मिठाई का पैकेट भी भेंट किया गया। आयोजन में नगर आयुक्त, भूमिसुधार उपसमाहर्ता, वरीय उपसमाहर्ता, उपनगर आयुक्त, उपमेयर, सभी पार्षदगण, सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आदि की सहभागिता रही।

## पूर्व मंत्री रबीन्द्र नाथ मिश्रा के भोला नामक पालतू हाथी की हुई मौत

प्रात : किरण, संवाददाता

माँझी। बिहार सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास राज्यमंत्री प्रो रबीन्द्र नाथ मिश्रा के भोला नामक पालतू हाथी की गुरुवार की देर शाम मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह मृत हाथी के विशालकाय शरीर को पूर्व मंत्री के ही आवासीय परिसर में विधि विधान के साथ दफना दिया गया। मौके पर सैकड़ों ग्रामीण आदि मौजूद थे। घोरहट पँचायत के मुखिया प्रतिनिधि शैलेश्वर मिश्रा ने बताया कि तीस वर्षों की लंबी अवधि में परिवार का सदस्य बन चुके भोला नामक हाथी की मौत से परिवार के साथ साथ गाँव जवार के लोग मर्माहत है। उन्होंने बताया कि 70 वर्ष की उम्र के भोला नामक हाथी को पूर्व मंत्री के पिताजी स्व शिवजी मिश्रा वर्ष 1994 में खरीदकर लाये थे। तब से वह उनके परिवार में घुलमिल सा गया था। पूर्व मंत्री हाथी से सबसे अधिक प्यार करते थे। छपरा जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व मंत्री हाथी की मौत से बेहद दुखी बताए जाते हैं।उन्होंने बताया कि गुरुवार को अचानक बीमार होकर हाथी गिर पड़ा तथा महज तीन घण्टे बाद उसकी मौत हो गई। हालाँकि उक्त अवधि में उसके इलाज का भरपूर प्रयास किया गया पर कोई लाभ नही हुआ। आसपास के दर्जनों गांवों के बीच इकलौता हाथी उपलब्ध रहने के कारण लोग अपने समारोहों में उसे शान के साथ आमंत्रित कर खुद को गौरवांवित महसूस करते थे। मृतक भोला नामक हाथी कई बार पगलाने के कारण भी अक्सर सुर्खियों में रहता था।

## अखंड अष्टयाम को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

प्रात : किरण, संवाददाता

दरियापुर ।स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र के विश्वंभरपुर स्थित मां मातेश्वरी मंदिर के स्थापना दिवस पर आयोजित अखंड अष्ट्याम को लेकर कलश यात्रा निकाली गई।जिसमे बैंड बाजा तथा घोड़ा के साथ सैकड़ों महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया।उक्त कलश यात्रा मंदिर परिसर से चल कर लोहछा पुल,डेरनी बाजार होते हुए विश्वंभरपुर स्थित माही नदी के संगम स्थल पर पहुंचा। जहां आचार्य बच्चू तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी कराया।इसके उपरांत ग्राम देवता विश्वंभर बाबा की पूजा कर यात्रा पुनः मंदिर परिसर में समाप्त हुआ।जिसके बाद शाम से अष्टायम की शुरूवात की गई।इस यात्रा में मुख्य रूप से सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण शर्मा,पूर्व उप प्रमुख ब्रजकिशोर शर्मा,कमलेश कुमार,मुनचुन सिंह,धर्मेंद्र सिंह,राहुल कुमार,रंजीत सिंह,चिंटू सिंह,संजय महतो समेत दर्जनों गणमान्य शामिल थे।

## बनियापुर मे स्वतंत्रता दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया

प्रात : किरण, संवाददाता

बनियापुर ।प्रखंड मे देश के 78 वें स्वतंत्रता दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया,जहा सरकारी एव निजी संस्थानों मे प्रभात फेरी के आलावा झंडोतोलन के बाद वाद विवाद प्रतियोगिता ,संस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।प्रखंड कार्यालय पर प्रखंड प्रमुख मंजूषा ओझा जन प्रतिनिधि भवन पर बीडीओ रमेन्द्र कुमार सीओ दीनानाथ कुमार व्यापार मंडल पर कृष्ण मोहन सिंह बीआरसी भवन पर बी ई ओ रामनाथ बैठा थाना पर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार रेफरल अस्पताल मे डा एम एम जाफरी जहा पूर्व प्रत्याशी वीरेंद्र ओझा कांग्रस नेता मनिभूषण ओझा उर्फ लुड्डु ओझा युवा नेता गुड्डु सिंह डीएवी पब्लिक स्कूल ग्लैंक्सी रडीइंट स्कूल सहाजितपुर मे थानाध्यक्ष साहित सभी सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों के प्रमुख ने झंडोतोलन किया वही मध्य विद्यालय खबसी के प्रधानाध्यापक रामाधार कुमार ने इरफान मेंहदी और लक्ष्मण प्रसाद को उत्कृष्ट कार्य के लिए लाइफ टाइम अचीवमेट पुरस्कार से सम्मानित किया।जहा सभी विद्यालयों मे प्रभात फेरी तथा वाद विवाद प्रतियोगीता,संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## शहीद का पार्थिव शरीर देख रोने लगे दर्शक

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। स्वामी विवेकानंद ताईक्वांडो क्लब महम्मदपुर रिविलगंज के द्वारा 78वा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्धघाटन समाजसेवी धर्मेंद्र सिंह मुन्ना स्वामी विवेकानंद ताईक्वांडो क्लब के अध्यक्ष मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से किया । उद्धघाटन के बाद धर्मेंद्र सिंह मुन्ना ने कहा कि समाज में इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन करना काफी सराहनीय है स्वामी विवेकानंद ताईक्वांडो क्लब के द्वारा बच्चो को निःशुल्क ट्रेनिंग देकर राष्ट्रीय खेलों में मेडल जीतना काफी महत्पूर्ण है । स्वामी विवेकानंद ताईक्वांडो क्लब के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि हम लोग यह कार्यक्रम पिछले तीन सालों से आयोजित कर रहे है हमारे बच्चे खेल के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी अच्छा प्रदर्शन करते है इनका कार्यक्रम देख के काफी अच्छा लगता है । वही क्लब के कोच विवेक कुमार और अभिषेक शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में देश भक्ति नाटक में जब शहीद का पार्थिव शरीर लेकर कलाकार आते है और शहीद की पत्नी का मांग की सिंदूर धोया जाता है तो उस समय सभी दर्शक रोने लगते है वही दहेज प्रथा पर आधारित नाटक में दहेज के कारण लड़की को मार दिया जाता है । दिन पर दिन बढ़ रहे युवाओं में नाशक को लेकर नशा मुक्ति नाटक,सोशल मीडिया का दुर्पयोग,जनसंख्या नियंत्रण,शिक्षा,घर घर की कहानी जैसे दर्जनों नाटक के माध्यम से कलाकारों ने दर्शकों को खूब आनंद व मनोरंजन करवाया कभी रुलाया तो कभी हंसाया ।



## अभिनेत्री निया शर्मा ने बताया कौन है उनके पसंदीदा को-स्टार

फिल्म अभिनेत्री निया शर्मा अपने पसंदीदा सह-कलाकार अभिनेता रवि दुबे को याद करते हुए भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि वो अपने पसंदीदा अभिनेता को पर्दे पर बहुत याद करती हैं। अभिनेत्री निया शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वो कहती हुईं नजर आ रही हैं कि, पिछले 13 साल में मैंने इतना काम किया है। अब मुझे अभिनेता रवि और मेरे तालमेल को देखकर अत्यधिक उत्साहित होती हूं। मेरी और रवि की एक अच्छी जोड़ी रही और हमने हर तरह की भावनाएं साझा कीं। हम दुश्मन भी रहे और दोस्त भी रहे, इसलिए उनके साथ काम करने का लंबा सफर मुझे बहुत याद आता है। अब वो समय वापस नहीं आएगा। निया के इस वीडियो को अभिनेता रवि ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। उन्होंने इसके कैप्शन में लिखा, निया, इसके साथ ही दिल वाली इमोजी भी लगाई। निया ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर रवि के लिए लिखा आपके अच्छे व्यवहार की वजह है कि मैं यह कर रही हूं। बता दें कि निया शर्मा और रवि दुबे 2014 के टीवी ओपेरा जमाई राजा में सह-कलाकार रहे हैं। इसका निर्माण अभिनेता अक्षय कुमार ने किया था और सह-निर्माता अश्विनी यार्डी और मीनाक्षी सागर थे। इसमें शाइनी दोशी और अचिंत कौर ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी। जमाई 2.0 जमाई राजा का सीक्वल है जो ओटीटी प्लेटफॉर्म जी पर स्ट्रीम हो रहा है। निया शर्मा सेलिब्रिटी कुकिंग शो लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट में नजर आ रही हैं। इस शो में कृष्णा अभिषेक, राहुल वैद्य, करण कुंद्रा, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, जन्नत जुबैर रहमानी, रीम शेख, सुदेश लहरी और कश्मीरा शाह भी हैं। इस शो की मेजबानी की कमान भारती सिंह ने संभाली है और जज की भूमिका में शेफ हरपाल सिंह हैं। निया थ्रिलर-रोमांस सुहागन चुड़ैल में निशिगंधा की भूमिका भी निभा रही हैं। निया को एक हजारों में मेरी बहना है, बहनें, मेरी दुर्गा, काली – एक अग्निपरीक्षा में उनकी भूमिकाओं के लिए भी जाना जाता है। साल 2020 में उन्होंने खतरों के खिलाड़ी मेड इन इंडिया में भाग लिया और विजेता बनकर उभरीं।



# अजित-तृषा की फिल्म विदामुयार्ची में मुख्य किरदार निभाएंगी रेजिना कैसेंड्रा

साउथ सुपरस्टार अजित कुमार की फिल्म विदामुयार्ची अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। निर्माता पहले ही फिल्म से अभिनेता का पहला पोस्टर जारी कर चुके हैं, जिसने फैंस का उत्साह बढ़ा दिया था। इसके बाद उन्होंने अभिनेता अर्जुन सरजा और तृषा के किरदार की झलक पेश की थी। वहीं, अब निर्माताओं ने प्रशंसकों का उत्साह बढ़ाने के लिए फिल्म से एक और कलाकार का पोस्टर जारी किया है। यह पोस्टर है अभिनेत्री रेजिना कैसंड्रा का, जिसमें उनके किरदार की झलक दिखाई गई है। अभिनेत्री रेजिना कैसंड्रा साउथ सुपरस्टार अजित की फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। वहीं आज निर्माताओं ने अभिनेत्री का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर दिया है, जिसके बाद से प्रशंसक भी खुश हैं। हाल ही में, विदामुयार्ची के निर्माताओं ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म से रेजिना कैसंड्रा का पहला पोस्टर साझा किया। अभिनेत्री एक खास अंदाज में दिख रही हैं, जिसमें वे एक क्रॉप्ड शर्ट, बैगी डेनिम ट्राउजर, ब्लैक जैकेट और बीन कैप पहने हुए नजर आईं। पोस्टर में वे सड़क पर चलती हुई दिखाई दे रही हैं। वहीं अजित कुमार और तृषा की झलक भी बैकग्राउंड में दिखाई दे रही है और उनके चेहरे पर गंभीर भाव है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस लाइका प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, विदामुयार्ची से अभिनेत्री रेजिना कैसंड्रा का लुक पेश किया जा रहा है। बहादुरी की कोई सीमा नहीं होती। इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साहित अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर प्रोडक्शन बैनर के एक्स अकाउंट पोस्ट को डांसिंग इमोजी के साथ फिर से साझा किया। हालांकि, बहुप्रतीक्षित फिल्म में रेजिना कैसंड्रा के किरदार के बारे में अभी तक कुछ भी खुलासा नहीं किया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार विदामुयार्ची 1997 में रिलीज हुई अमेरिकी फिल्म ब्रेकडाउन पर आधारित है। हाल ही में प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर बताया था कि मैगिज थिरुमेनी निर्देशित इस फिल्म के आधिकारिक पोस्टर में कर्ट रसेल अभिनीत फिल्म ब्रेकडाउन से काफी समानताएं हैं, जिसमें जेफ टेलर की कहानी बताई गई है, जो अपनी लापता पत्नी एमी टेलर की तलाश में था। हालांकि, अभी तक निर्माताओं ने फिल्म की कहानी को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है। विदामुयार्ची को फिल्म निर्माता मगिज थिरुमेनी ने लिखा और निर्देशित किया है। इस फिल्म के जरिए अजित और मगिज थिरुमेनी पहली बार साथ काम कर रहे हैं। लाइका प्रोडक्शंस इस फिल्म का निर्माण कर रहा है। अनिरुद्ध रविचंदर ने फिल्म के लिए गाने और मूल संगीत तैयार किया है। नीरव शाह फोटोग्राफी के निर्देशक हैं। अजित कुमार अर्जुन की भूमिका निभा रहे हैं और तृषा उनकी पत्नी पल्लवी की भूमिका में हैं। हालांकि, फिल्म की आधिकारिक रिलीज की तारीख की घोषणा अभी नहीं की गई है, लेकिन रिपोर्ट के अनुसार, लाइका प्रोडक्शंस फिल्म को अक्तूबर 2024 में आयुध पूजा या दीपावली के अवसर पर फिल्म को रिलीज करने के लिए उत्सुक है।






# श्रद्धा ने अपने लाईफ पार्टनर के बारे में बताया

डायरेक्टर अमर कौशिक की फिल्म 'स्त्री 2' को 15 अगस्त के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर फर्स्ट डे शानदार ओपनिंग की है। इसके आगे 'वेदा' और 'खेल खेल में' का रंग फीका पड़ गया है। इसमें राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी की एक्टिंग को काफी पसंद किया गया है। ऐसे में फिल्म की रिलीज से पहले ही फिल्म की दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई थी, जिसमें मूवी की स्टारकास्ट और मेकर्स पहुंचे थे। इस दौरान श्रद्धा कपूर ने बताया कि उन्हें कैसा लाइफ पार्टनर चाहिए। एक्ट्रेस ने अपने पार्टनर की खूबियों के बारे में भी बताया है। चलिए बताते हैं कि उन्होंने क्या कुछ कहा। पहले तो 'स्त्री 2' की प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्रद्धा कपूर से उनके कैरेक्टर को सवाल किया जाता है तो इस पर उन्होंने बताया कि उनके रोल में कुछ मिस्ट्री तो है। इस पर राजकुमार राव ने भी कहा कि उनके किरदार में कुछ मिस्ट्री है, जो फिल्म में देखने पर ही पता चलेगा। इसके साथ ही बात करते हुए श्रद्धा ने अपने लाइफ पार्टनर के बारे में भी बताया कि उसमें क्या खूबियां होनी चाहिए। दरअसल, श्रद्धा से सवाल किया गया था कि वो फिल्म के एक गाने में वरुण धवन और राजकुमार राव के साथ रोमांस कर रही हैं ऐसे में रियल लाइफ में अगर वो किसी की गर्लफ्रेंड या पार्टनर बनती हैं तो कैसी बनेंगी, रेड फ्लैग या फिर क्या इस पर श्रद्धा ने बात करते हुए कहा कि वो ईमानदारी से रेड फ्लैग वाली गर्लफ्रेंड बनना चाहेंगी। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने आगे पार्टनर के बारे में बात करते हुए कहा, 'जब लड़का और लड़की बड़े हो रहे होते हैं तो वो लिस्ट बनाते हैं कि उन्हें कैसा पार्टनर चाहिए।' श्रद्धा ने अपनी लिस्ट के बारे में बात करते हुए कहा, 'मैं एक अच्छा पार्टनर चाहती हूं। क्योंकि मुझे पूरी तरह से फेयरटेल रोमांस में विश्वास है इसलिए, मुझे बेस्ट पार्टनर चाहिए। जैसी मैं हूं मुझे वैसा ही पार्टनर चाहिए।' आपको बता दें कि श्रद्धा कपूर पिछले कुछ दिनों से अपने ब्रेकअप की खबरों को लेकर चर्चा में हैं। पहले खबरें रही हैं कि एक्ट्रेस काफी समय से राहुल मोदी को डेट कर रही थीं वहीं, अब बीते कुछ दिनों से खबर है कि इनका ब्रेकअप हो गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो एक्ट्रेस ने राहुल को अनफॉलो कर दिया है। तभी से इनके अलग होने की चर्चा जोरों पर है। गौरतलब है कि श्रद्धा ने राहुल के साथ अपनी एक फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की थी। इसे शेयर करने के साथ ही उन्होंने लिखा था, 'दिल रख ले नींद तो वापस दे दे यार।' तभी से दोनों की डेटिंग की खबरें मीडिया में खूब रही हैं। दोनों को कई बार साथ में स्पॉट भी किया जाता रहा है, जिसने रिलेशनशिप की अफवाहों को हवा दी।



# गैंगस्टर बन खौफ फैलाने के लिए तैयार राजकुमार राव

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म स्त्री 2 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। वे फिल्म में एक बार फिर श्रद्धा कपूर के साथ नजर आएंगे। अभिनेता फिल्म का जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं। वहीं, इस बीच उनकी नई फिल्म के बारे में कुछ दिलचस्प जानकारियां सामने आई हैं। अभिनेता को लेकर दावा किया गया है कि वे अगली फिल्म में गैंगस्टर की भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि राजकुमार राव अपनी अगली फिल्म में गैंगस्टर की भूमिका निभाएंगे, जिसका निर्देशन भक्षक के निर्देशक पुलकित करेंगे। इस फिल्म की शूटिंग इस साल सितंबर में शुरू होगी। इसकी आधिकारिक घोषणा की जा रही है। यह एक पूरी तरह से कमर्शियल एंटरटेनर है जिसमें राजकुमार राव एक गैंगस्टर की भूमिका में हैं। निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग बड़े पैमाने पर उत्तर प्रदेश में करने की योजना बनाई है, उसके बाद कुछ हिस्सा मुंबई में भी शूट किया जाएगा, क्योंकि पूरी कहानी और किरदार यूपी में ही आधारित है। राजकुमार इस किरदार को निभाने के लिए उत्साहित हैं और सितंबर के पहले हफ्ते में टीम के साथ कुछ रीडिंग और वर्कशॉप करेंगे। इसके साथ ही रिपोर्ट में दावा किया गया है कि निर्माता नई कास्टिंग की तलाश में थे और उन्होंने फिल्म के लिए राजकुमार और मानुषी छिल्लर की जोड़ी बनाने का सोचा है। दोनों की जोड़ी फिल्म में दिलचस्प भूमिका निभाएगी। ऐसे में पुलकित निर्देशित आगामी फिल्म में राजकुमार राव और मानुषी छिल्लर पहली बार साथ काम करने जा रहे हैं। फिल्म के सितंबर 2024 में फ्लोर पर आने की उम्मीद है। इस प्रोजेक्ट से राव एक्शन जॉनर में भी कदम रखेंगे।



# एक्शन फिल्म के लिए करण जौहर के साथ हाथ मिलाएंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा

सिद्धार्थ मल्होत्रा को लेकर दावा किया जा रहा है कि वे अपनी नई फिल्म के लिए फिल्म निर्देशक और निर्माता करण जौहर से बातचीत कर रहे हैं। यह फिल्म एक्शन ड्रामा हो सकती है। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा को आखिरी बार इस साल फिल्म योद्धा में देखा गया था, जिसमें वे जवान की भूमिका में नजर आए थे। इसके बाद सिद्धार्थ ने अब तक अपनी नई फिल्म की घोषणा नहीं की है, लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि वे जल्द ही अपनी नई फिल्म के बारे में प्रशंसकों को जानकारी देंगे। सोशल मीडिया पर पहले ही ये खबरें चल रही थीं कि सिद्धार्थ मल्होत्रा अगली बार फिल्म मिट्टी में नजर आएंगे, जिसकी उन्होंने शूटिंग भी शुरू कर दी है। वहीं, इस बीच अब उनकी नई फिल्म को लेकर जानकारी सामने आई है।

### करण जौहर लिख रहे हैं स्क्रिप्ट

रिपोर्ट्स के अनुसार, सिद्धार्थ मल्होत्रा फिल्म निर्माता करण जौहर की आगामी एक्शन फिल्म में अभिनय करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि दोनों अगले साल नई फिल्म पर साथ काम कर सकते हैं। अगले साल फिल्म शुरू होने की भी चर्चा है। करण जौहर ने पहले पुष्टि की थी कि उनकी अगली फिल्म एक एक्शन ड्रामा होगी, जिसकी कहानी वे फिलहाल लिख रहे हैं।

### सिद्धार्थ को सुनाई गई कहानी

वहीं अब दावा किया जा रहा है कि करण जौहर की इस एक्शन फिल्म के लिए सिद्धार्थ मल्होत्रा को चुना गया है। फिल्म में सिद्धार्थ मुख्य भूमिका के लिए करण जौहर के साथ बातचीत कर रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और करण जौहर के बीच बहुत ही खास रिश्ता है और करण को लगता है कि सिद्धार्थ एक्शन फिल्में करने के लिए ही बने हैं। ऐसे में करण जौहर ने सिद्धार्थ को फिल्म की कहानी सुनाई है और सिद्धार्थ ने भी कहानी को लेकर अपनी रुचि दिखाई और उत्साह भी जताया हैं।

### जल्द किया जाएगा फिल्म का एलान

हालांकि, अभी इन खबरों पर ना तो सिद्धार्थ मल्होत्रा और ना ही करण जौहर ने चुप्पी तोड़ी है। इस फिल्म को लेकर आधिकारिक सूचनाएं आने अभी बाकी हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, करण जौहर इस एक्शन फिल्म का निर्देशन खुद करेंगे। इससे पहले उन्होंने रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए सात साल बाद निर्देशक की कुर्सी पर वापसी की थी। वहीं अब चर्चा है कि यदि सिद्धार्थ और करण जौहर के बीच सब कुछ सही रहा तो वे जल्दी फिल्म का आधिकारिक एलान करेंगे।

# अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स की रिलीज टली



अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म स्काई फोर्स का प्रोमो स्त्री 2 से नहीं जोड़ा जाएगा। यह खबर कई लोगों के लिए आश्चर्य की बात है, खासकर तब जब स्काई फोर्स इंडस्ट्री में काफी चर्चा का विषय रही है। प्रदर्शनी क्षेत्र के एक सूत्र ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा, स्काई फ़ोर्स का प्रोमो अभी तैयार नहीं है, यही वजह है कि इसे स्त्री 2 से नहीं जोड़ा जाएगा। पहले की रिपोर्टों से पता चला था कि निर्माताओं ने स्त्री 2 के साथ प्रोमो रिलीज़ करने की योजना बनाई थी, लेकिन उन्होंने इस निर्णय को टाल दिया है। इस अप्रत्याशित बदलाव ने प्रशंसकों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि उन्हें अक्षय कुमार के अगले बड़े प्रोजेक्ट की पहली झलक कब मिलेगी। फिल्म को लेकर अनिश्चितता को बढ़ाते हुए, वितरण क्षेत्र के एक सूत्र ने खुलासा किया कि स्काई फोर्स को विलंबित कर दिया गया है और यह 2 अक्टूबर को रिलीज़ नहीं होगी, जैसा कि पहले घोषणा की गई थी। सूत्र ने कहा, फिल्म को आगे बढ़ा दिया गया है और यह 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में नहीं आएगी। अक्षय कुमार अपनी हालिया रिलीज़ और बॉक्स ऑफिस पर उनके प्रदर्शन को देखते हुए स्काई फोर्स की शूटिंग में आगे बढ़ने से पहले खुद को फिर से तरोताजा करना चाहते हैं। निर्माता अक्षय कुमार की दो रिलीज़ के बीच कुछ अंतराल चाहते हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### भारत ने जुलाई में रूस से 2.8 अरब डॉलर मूल्य का कच्चा तेल आयात किया

**रिपोर्ट में दावा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल उपभोक्ता और आयातक भारत ने जुलाई में रूस से 2.8 अरब डॉलर का कच्चा तेल खरीदा। इस लिहाज से भारत चीन के बाद दूसरे स्थान पर है, जो रूसी तेल का सबसे बड़ा आयातक बना हुआ है।



एक रिपोर्ट के अनुसार, रूस भारत के लिए कच्चे तेल का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है। इस तेल को रिफाइनरियों में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में परिवर्तित किया जाता है। फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद कुछ यूरोपीय देशों द्वारा रूस से खरीद से परहेज करने के बाद रूसी तेल छूट पर उपलब्ध था। रूस से कच्चे तेल का आयात यूक्रेन युद्ध से पहले कुल आयातित तेल का एक प्रतिशत से भी कम था। यह अब भारत की कुल तेल खरीद का लगभग 40 प्रतिशत हो गया है।

**रिपोर्ट**

### पाम और सोया तेल आयात एक साल के उच्च स्तर पर, इंडोनेशिया-मलेशिया के भंडार में आएगी कमी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कीमतों में कमी और रिफाइनर्स की ओर से त्योहारों के लिए खरीद से देश का पाम तेल और सोया तेल आयात जुलाई में बढ़कर करीब एक साल के शीर्ष पर पहुंच गया है। इस भारी खरीद से शीर्ष उत्पादक इंडोनेशिया और मलयेशिया के तेल भंडार में कमी आएगी। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के आंकड़ों के अनुसार, पाम तेल आयात जुलाई में जून की तुलना में 37 फीसदी बढ़कर करीब 11 लाख टन रहा। यह अगस्त, 2023 के बाद सबसे अधिक है। सोया तेल आयात 42 फीसदी बढ़कर 391,791 टन रहा। यह 13 महीनों में सबसे अधिक है। सूरजमुखी तेल का आयात 21.3 फीसदी गिरकर 366,541 टन पर आ गया।

### मंगलम वर्ल्डवाइड का वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही में शुद्ध लाभ 143 प्रतिशत उछला

**मुंबई, एजेंसी।** एक पूर्ण समन्वित स्टेनलेस स्टील कंपनी, मंगलम वर्ल्ड वाइड लिमिटेड (एमडब्ल्यूएल) ने वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की रिपोर्ट दी है.

**वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही की कंसोलिडेटेड मुख्य वित्तीय विशेषताएं -** कुल आय 13.88 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ 230.21 करोड़ हुई एबिटडा 78.50 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ 12.88 करोड़ हुआ। एबिटडा मार्जिन 203 बीपीएस वार्षिक वृद्धि के साथ 5.60 प्रतिशत हुई। ज शुद्ध लाभ 143.28 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ 6.01 करोड़ हुआ।

# देश के बड़े कारोबारी घरानों में युवा पीढ़ी को सौंपी जा रही कमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने वर्ष 2047 तक खुद को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। देश को अग्रणी राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल करने का यह सपना बहुत हद तक देश के कारोबारी जगत के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। आने वाले समय में देश में निजी क्षेत्र के बड़े कारोबारी घरानों का संचालन कितनी कुशलता और दूरदर्शिता से किया जाएगा देश का समग्र विकास लगभग उसी पर निर्भर है। ऐसे में इन बड़े कारोबारी घरानों में उत्तराधिकार को लेकर वर्तमान में हो फैसले लिए जा रहे हैं वे उन बिजनेस घरानों के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है।

भारत में सही समय पर अपना उत्तराधिकारी चुना जाना कोई नई बात नहीं है। लेकिन अरबों डॉलर की संपत्ति के उत्तराधिकारियों की बात करें तो देश के तीन सबसे प्रमुख बिजनेस घरानों ने इस दिशा में समय रहते कदम आगे बढ़ाया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी की ओर से उनके तीन बच्चों को समूह की कंपनियों के बोर्ड में नियुक्त किए जाने का फैसला हाल के वर्षों में लिया गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी ने अपने तीन बच्चों को समूह की कंपनियों के बोर्ड में नियुक्त किया। 31 वर्षीय जुड़वां ईशा और आकाश और 28 वर्ष के अनंत को शेयरधारकों की मंजूरी के बाद बोर्ड में शामिल किया गया।

एक रिपोर्ट के अनुसार इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आदित्य बिड़ला समूह के प्रमुख कुमार मंगलम बिड़ला ने भी अपने बच्चों अनन्या और आर्यमन को हिंडाल्को के बोर्ड में नियुक्त करने की घोषणा की। वहीं अदाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी भी अरबों डॉलर के अपने कारोबारी साम्राज्य के लिए उत्तराधिकार योजना की रूपरेखा तैयार कर चुके हैं। उन्होंने भी एलान कर दिया है कि वे 70 वर्ष की आयु के बाद अपने बेटों और भतीजों को कमान सौंपकर रिटायरमेंट ले लेंगे।







### मुकेश अंबानी उत्तराधिकार के किस फॉर्मूले पर आगे बढ़ रहे?

रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी ने अपने तीन बच्चों को समूह बोर्ड में नियुक्त किया था। 31 वर्षीय जुड़वां ईशा और आकाश और 28 वर्ष के अनंत को शेयरधारकों की मंजूरी के बाद बोर्ड में शामिल किया गया था। आकाश अंबानी रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन हैं, जबकि ईशा अंबानी रिलायंस रिटेल यूनिट को संभाल रही हैं। मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी जिनकी हाल ही में शादी हुई है वे न्यू एनर्जी कारोबार की कमान संभालते हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप करीब 234 अरब डॉलर है। मुकेश अंबानी की नेट वर्थ 111 अरब डॉलर है।

### गौतम अदाणी ने उत्तराधिकार योजना पर क्या कहा है?

अदाणी समूह के मुखिया गौतम अदाणी ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि वह अपने अरबों डॉलर के साम्राज्य के लिए अपने उत्तराधिकारी की योजना की रूपरेखा को तैयार कर चुके हैं। वह जब 70 वर्ष की आयु के होंगे तो वह रिटायरमेंट ले लेंगे। इसके बाद के लिए उनके बेटे करण अदाणी (37) और जीत अदाणी (26) और उनके चचेरे भाई प्रणव अदाणी (45) और सागर अदानी (30) को पारिवारिक ट्रस्ट के माध्यम से उत्तराधिकारी नामित किया गया है।

### करोबारी लिहाज से कितना अहम है उत्तराधिकार का चयन?

बाजार के विशेषज्ञ कहते हैं कि इसमें कुछ नया नहीं है, उत्तराधिकारी के मसले पर सभी कारोबारी घराने समय-समय पर फैसला लेते रहते हैं। इन फैसलों के जरिए नई पीढ़ी को कारोबार की कमान सौंपी जाती है। पर इसमें खास बात यह है कि पिछले कुछ सालों से इसे कारोबार की आवश्यकता अनुरूप किया जाने लगा है। पहले की तुलना में उत्तराधिकार योजना को अब बड़े कारोबारी रणनीतिक तौर पर ले रहे हैं। बाजार विशेषज्ञ जिमेश शाह बताते हैं कि वैश्विक स्तर पर भू राजनीतिक बदलावों के कारण कारोबार करने का ढंग बदलता जा रहा है।


### क्या शेयरधारकों का भरोसा भी है नई पीढ़ी के साथ?

रिर्सच कंपनी सैमको के एनालिस्ट एस स्वामी कहते हैं कि ऐसा नहीं है कि बड़े कारोबारी घरानों में ही नई पीढ़ी आगे आ रही है। छोटे और मध्यम आकार की कंपनियों में भी करोबार के लिहाज से नई पीढ़ी का दखल बढ़ रहा है। मुझे लगता है कि नई पीढ़ी अपनी नई दृष्टि, नया जोश और काम करने का नया तरीका साथ लाती है। इससे शेयरधारकों को भी फायदा होता है, और वे भी भरोसे के साथ नई पीढ़ी का समर्थन करते हैं। मैं ऑटोमोबाइल कंपनी टीवीएस का उदाहरण देता हूं जहां अगली पीढ़ी के कार्यभार संभालने के बाद कपंनी की ओर से कई नए मॉडल पेश किए गए।

### मैनेक्सिया कोटेड मेटल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 24 के कंसोलिडेटेड कर बाद लाभ में अभूतपूर्व 2,321 प्रतिशत वृद्धि की रिपोर्ट दी

मुंबई, एजेंसी। दोनों कॉल्स एवं सेट फॉर्म्स में प्री पेंटेड गेलवेनाइज्ड स्टील और प्लेन गेलवेनाइज्ड स्टील में सुविज्ञता रखने वाली एक प्रमुख कोटेड मेटल प्रोडक्ट निर्माता और निर्यातक, मैनेक्सिया कोटेड मेटल्स एंड स्टील लिमिटेड ने वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए मैनेक्सिया कोटेड मेटल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के पूर्णकालिक डायरेक्टर श्री करण अग्रवाल ने कहा, हम सहर्ष हमारे कर बाद लाभ और कुल मिलाकर प्रदर्शन में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही में उल्लेखनीय प्रदर्शन की रिपोर्ट देते हैं जो कोटेड मेटल प्रोडक्ट क्षेत्र में हमारी व्यूहात्मक पहल और परिचालक कार्य कुशलता को प्रदर्शित करता है. यह ग्रोथ कई मुख्य घटकों द्वारा चालित होने से टिकाऊ रहने की उम्मीद है. हमारी दीर्घकालिन क्रेडिट रेटिंग एक्यूट बीबीबी+ से - और हमारी अल्पकालीन रेटिंग एक्यूट 2 से सुधार कर 2+की गई है.. यह सुधार हमारी बढ़ी हुई वित्तीय स्थिरता को रेखांकित करने के साथ हमारी साख को बढ़ाते हुए हमें भावी ग्रोथ के लिए लाभप्रद स्थिति में ले जाते है .यह सुधारित रेटिंग हमें बेहतर वित्तीय विकल्पों तक पहुंचने और हमारे बिजनेस में ज्यादा निवेश करने की अनुमति देती है. केंद्रीय बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और स्टील उद्योग के लिए सकारात्मक ग्रोथ अनुमान पर जोर दिया गया है जिससे हमारे ऑपरेशंस के लिए अनुकूल वातावरण का निर्माण हुआ है. बढ़े हुए इंफ्रास्ट्रक्चर खर्च से स्टील प्रोडक्ट की मांग बढ़ने की उम्मीद है जिससे हमारे बिजनेस को फायदा होगा. हमारे आगे बढ़ने पर हम इन सुअवसरों का दोहन करने, हमारे प्रोडक्ट आफरिंग को मजबूत करने और टिकाऊ वैल्यू डिलीवर करने के प्रति प्रतिबद्ध बने हुए है. इस सकारात्मक मोमेंटम ने आगामी तिमाहियों में हमारे निरंतर ग्रोथ और सफलता के लिए मजबूत आधारशिला स्थापित की है.

# जमशेदपुर से 2000 किमी दूर बन रहा नया टाटानगर, बम-बम हैं स्थानीय लोग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** झारखंड में स्थित जमशेदपुर देश में सुनियोजित ढंग से बसा पहला औद्योगिक शहर था। इसे टाटानगर के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि इसे टाटा ग्रुप ने ही बसाया था। अब जमशेदपुर से 2,000 किमी दूर एक नया टाटानगर बसाने की तैयारी की जा रही है। यह जगह तमिलनाडु की औद्योगिक नगरी होसुर है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने होसुर के करीब थिमजेपल्ली गांव में साल 2020 में यहां अपना प्लांट लगाया था। यह आईफोन के एनक्लोजर एसेंबल करने वाला देश का एकमात्र प्लांट है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में यह होसुर में सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला प्लांट होगा। होसुर को जमशेदपुर प्लस माना जा रहा है क्योंकि दोनों शहरों में कई समानताएं हैं लेकिन जमशेदपुर में जहां केवल स्टील पर फोकस है, वहीं होसुर में मामला किसी एक सेक्टर तक ही सीमित नहीं है।

तमिलनाडु के इंडस्ट्रीज मिनिस्टर टीआरबी राजा ने कहा कि जमशेदपुर का समृद्ध इतिहास रहा है लेकिन मुझे लगता है कि होसुर उससे भी एक कदम आगे जा सकता है। टाटा के प्लांट के करीब इन्फ्रास्ट्रक्चर के इतने काम चल रहे हैं कि जमशेदपुर के साथ उसकी तुलना स्वाभाविक है। लेकिन हमारा जोर स्टील जैसे किसी एक मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर नहीं है बल्कि हमारा फोकस मल्टीपल सेक्टर्स पर है। राज्य सरकार इसे एक आईटी हब के रूप में भी विकसित करना चाहती है क्योंकि यह बेंगलुरु से केवल 40 किमी दूर है। जब इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार हो जाएगा और कंपनियां यहां आएंगी, तब कंपनियों को इसकी अहमियत का पता चलेगा।

**टाटा का विस्तार**

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स तेजी से होसुर फैसिलिटी का विस्तार कर रही है। दो नई यूनिट लगाई जा रही हैं और साथ ही कर्मचारियों के लिए मकान भी बनाए जा रहे हैं। आईफोन बनाने वाली कंपनी ऐपल चीन पर अपनी निर्भरता कम कर रही है। वह भारत में फॉक्सकॉन और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ पार्टनरशिप करके उत्पादन बढ़ा रही है। टाटा ने कर्नाटक में विस्ट्रॉन की फैसलिटी भी खरीद ली है। राजा ने कहा कि होसुर में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे बड़े एम्प्लॉयर्स में से एक होगी। यहां बड़ी-बड़ी सैलरी पर लोग काम करेंगे। वे जमकर खर्च करेंगे जिससे लोकल इकॉनमी में भी बूस्ट आएगा।

### फैबइंडिया के रक्षाबंधन गिफ्टिंग गाइड के साथ प्यार के बंधन का जश्न मनाएं

**इंदौर एजेंसी।** इस रक्षाबंधन, भाई-बहन के अटूट बंधन को सम्मानित करें एक ऐसे खास उपहार से जो परंपरा, भव्यता और अपनापन लिए हो।फैब इंडिया में, हमने खासतौर पर चुने गए उपहारों का एक बेहतरीन कलेक्शन तैयार किया है, जो भारतीय शिल्पकला की समृद्धि और त्योहार की रौनक को एक साथ लाता है चाहे वह हाथ से बुनी साड़ी हो, स्टाइलिश शर्ट, लेदर वॉलेट, या पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स, हमारे कलेक्शन में हर भाई और बहन के लिए कुछ खास है।रक्षाबंधन की भावना को मनाएं - यूनिक, यादगार और दिल से दिए गए उपहारों के साथ प्रेम और एकता का जश्न मनाएं। इस रक्षाबंधन अपने भाई को इस स्टाइलिश शर्ट के साथ कंफर्ट और स्टाइल का उपहार दें।यह शर्ट उनके पहनावे में क्लास और आराम लाएगी। ब्राउन लेदर वॉलेटएम.आर.पी.1,399 - प्रीमियम लेदर से बने इस शानदार वॉलेट के साथ अपने भाई को सरप्राइज करें। यह वॉलेट किसी भी अवसर पर उनके लुक को और भव्य बनादेगा। अपनी बहन को इस रक्षाबंधन पर इस बेहतरीन फेस केयर गिफ्ट सेट के साथ स्पेशल महसूस कराएं। चारकोल और टीट्री जैसे प्राकृतिक तत्वों से बना यह सेट उनकी त्वचा को हाइड्रेटेड, साफ और तरोताजा बनाए रखेगा।

### यात्री वाहनों की बिक्री ढाई साल में सबसे कम, कमजोर मांग के कारण सालाना आधार पर 2.5 फीसदी घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मांग में नरमी व उच्च आधार प्रभाव के कारण देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री जुलाई, 2024 में सालाना आधार पर 2.5 फीसदी घटकर 3,41,510 इकाई रह गई। यह इसका फरवरी, 2022 के बाद करीब ढाई साल का निचला स्तर है। उस समय 3,02,965 यात्री वाहन बिके थे। जुलाई, 2023 में यह आंकड़ा 3,50,355 इकाई था।

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों के मुताबिक, यात्री कारों की बिक्री भी पिछले महीने 12 फीसदी की गिरावट के साथ 96,652 इकाई रह गई। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा, अधिक बारिश व त्योहारों के मद्देनजर निकट अवधि में बिक्री बढ़ने की संभावना है।

**दोपहिया वाहनों में 12.5 फीसदी का उछाल-** दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री जुलाई में 12.5 फीसदी बढ़कर 14,41,694 इकाई पहुंच गई। जुलाई, 2023 में 12,82,054 दोपहिया वाहन बिके थे। तिपहिया वाहनों की बिक्री 5.1 फीसदी बढ़कर 59,073 इकाई पहुंच गई। यूटिलिटी वाहनों की बिक्री में 4.1 फीसदी की तेजी। जुलाई 2024 के बिक्री आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए, एमआईएएम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा, हालांकि थ्री-व्हीलर और टू-व्हीलर सेगमेंट अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

# वॉरेन बफे का निवेश से कैश की ओर झुकाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे पिछले कुछ महीनों से लगातार अलग-अलग कंपनियों से अपना निवेश घटाकर कैश इकठ्ठा कर रहे हैं। उनकी कंपनी बर्कशायर हैथवे के पास इस समय लगभग 276.9 अरब डॉलर कैश जमा हो चुका है। आमतौर पर निवेश करने के बाद बचे हुए पैसों से खर्च चलाने की सलाह देने वाले बफे का यह रुख पूरी दुनिया को चौंका रहा है।

**बर्कशायर के पास 276.9 अरब डॉलर का कैश**

### एप्पल और बैंक ऑफ अमेरिका में हिस्सेदारी घटाई

वॉरेन बफे की बर्कशायर होल्डिंग्स ने हाल ही में तेजी से एप्पल और बोफा जैसी कंपनियों के शेयर बेचे हैं। पिछली बार यह ट्रेंड साल 2005 में देखा गया था। बर्कशायर ने 3 अगस्त को जानकारी दी थी कि उसने एप्पल इंक में अपनी हिस्सेदारी लगभग 50 फीसदी कम कर दी है। साथ ही जुलाई में बैंक ऑफ अमेरिका में भी अपनी हिस्सेदारी लगभग 8.8 फीसदी घटाई है। बर्कशायर की एजीएम मई में हुई थी। इसमें वॉरेन बफे ने इस बारे में संकेत दे दिया था। उन्होंने कहा था कि वह अब और इक्विटी नहीं खरीदना चाहते। उन्होंने कहा था कि जब तक मुझे नहीं लगता कि हम कहीं पैसा लगाकर बहुत ज्यादा कमाने वाले हैं तब तक हम और निवेश नहीं करेंगे।

**अमेरिका में मंदी की आशंका को बताया जा रहा जिम्मेदार -** बर्कशायर ने साल 2016 में बताया था कि उनके पास एप्पल के करीब 90 करोड़ शेयर हैं। इन्हें करीब 31 अरब डॉलर में खरीदा गया था। अब उनके पास एप्पल के लगभग 40 करोड़ शेयर ही बचे हैं, जिनकी कीमत लगभग 84 अरब डॉलर आंकी जाती है। पिछले दो साल में ही बर्कशायर ने अपनी कैश होल्डिंग लगभग दोगुनी कर ली है।

**बफे क्यों बेच रहे हैं शेयर-** जानकारों का कहना है कि बर्कशायर ऐसे समय शेयरों की बिक्री कर रही है जबकि अमेरिका में मंदी की आशंका सिर उठा रही है। हाल में आए कई आंकड़े अमेरिका की इकॉनमी की कमजोरी को उजागर करते हैं। हालांकि एक वर्ग ऐसा भी है जो मानता है कि आने वाले दिनों में कॉरपोरेट टैक्स बढ़ने की आशंका के कारण बर्कशायर शेयरों की बिक्री कर रही है। अमेरिका में अगले कुछ महीनों में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। बफे ने भी मई में कहा था कि नई सरकार टैक्स नीतियों में बदलाव कर सकती है।

बर्कशायर हैथवे का शेयर दुनिया में सबसे महंगा है। अभी कंपनी मार्केट कैप 944.60 अरब डॉलर है और यह दुनिया की आठवीं सबसे मूल्यवान कंपनी है। इससे आगे ऐपल, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, अल्फाबेट (गूगल), सऊदी अरामको, ऐमजॉन और मेटा प्लेटफॉर्म (फेसबुक) है। बफे 138 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के नौवें बड़े रईस हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 18.4 अरब डॉलर की तेजी आई है। उनसे आगे एलन मस्क, जेफ बेजोस, बर्नार्ड अरनॉल्ट, मार्क जकरबर्ग, बिल गेट्स, लैरी एलिसन, लैरी पेज और स्टीव बालमर हैं।

## जो रूट तोड़ सकता है सचिन के सर्वाधिक टेस्ट रन का रिकार्ड - रिकी पोंटिंग



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट अभी भी रनों के भूखे है और वह सचिन तेंदुलकर के सर्वाधिक टेस्ट रन के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं। आईसीसी रिव्यू कार्यक्रम में पोंटिंग ने कहा, 'रूट अभी 33 साल के हैं और सचिन से केवल 3000 रन पीछे हैं। अगर इंग्लैंड हर साल 10 से 14 टेस्ट मैच खेलता है और रूट हर साल 800 से 1000 रन बनते हैं तो तीन से चार साल में वह सचिन के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं। 37 साल के उम्र तक ऐसा करना बिल्कुल संभव है।

उन्होंने कहा, 'अगर वह रन के भूखे हैं तो यह हरसंभव मौका है कि वह इस रिकॉर्ड को तोड़ दें। वह पिछले एक-दो सालों में और बेहतर बल्लेबाज बने हैं। लोग कहते हैं कि 30 के दशक में प्रवेश करते वक्त कोई भी बल्लेबाज अपने सर्वश्रेष्ठ पर होता है, रूट ऐसा ही कर रहे हैं। उनका कन्वर्जन रेट बहुत बेहतरीन है। उन्होंने कहा, 'चार या पांच साल पहले रूट ढेर सारे अर्धशतक लगा रहे थे, लेकिन उसे वह शतक में बहुत कम ही बदल पाते थे। लेकिन हालिया समय में यह ट्रेंड बदला है। अब वह लगभग हर अर्धशतक को बड़े शतक में बदल रहे हैं, जो कि उनके लिए एक बेहतर संकेत हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के दौरान रूट ने 12 हजार टेस्ट रन के रिकॉर्ड को छुआ था। उनके नाम वर्तमान में 143 टेस्ट मैचों में 50 की औसत और 32 शतकों के साथ 12,027 रन हैं। टेस्ट रन के मामले में रूट सातवें स्थान पर हैं और वह जल्द ही कुमार संगाकारा (12,400) और एलेस्टेयर कुक (12,472) का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। तेंदुलकर के नाम टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक 15921 रन हैं। पोंटिंग के नाम भी स्वयं 13,378 टेस्ट रन हैं और वह तेंदुलकर के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

### 610 किलो से 63 किलो तक

## दुनिया के सबसे भारी आदमी ने ऐसे कम किया 542 किलो वजन




**सऊदी अरब (एजेंसी)।** हम अक्सर वजन घटाने की उल्लेखनीय स्टोरीज के बारे में सुनते या पढ़ते हैं। यह कहानी एक महत्वपूर्ण बदलाव का असाधारण उदाहरण है। खालिद बिन मोहसेन शारी, जो कभी दुनिया के सबसे भारी आदमी थे, ने सऊदी अरब के पूर्व राजा अब्दुल्ला के हस्तक्षेप से 542 किलोग्राम वजन कम करके एक उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। शारी तीन साल से अधिक समय से बिस्तर पर थे और उनका वजन 610 किलोग्राम था। उन्हें राजा के हस्तक्षेप के कारण बिना किसी खर्च के व्यापक चिकित्सा देखभाल मिली।

**खालिद बिन मोहसेन शारी की स्थिति ने सऊदी राजा का ध्यान खींचा** - 2013 में शारी की स्थिति ने राजा अब्दुल्ला का ध्यान खींचा, जिससे उन्हें एक व्यापक चिकित्सा योजना बनाने के लिए प्रेरित किया। इस योजना में शारी के मामले को संभालने के लिए समर्पित 30 चिकित्सा पेशेवरों की एक टीम शामिल थी। फोर्कलिफ्ट और विशेष रूप से डिजाइन किए गए बिस्तर का उपयोग करते हुए, शारी को जजान में उनके घर से रियाद में किंग फहद मेडिकल सिटी में पूर्ण उपचार के लिए ले जाया गया।

**खालिद बिन मोहसेन शारी की उल्लेखनीय वजन घटाने की यात्रा** - उनकी उपचार योजना में गैस्ट्रिक बाईपास सर्जरी, एक अनुकूलित आहार और कठोर व्यायाम व्यवस्था शामिल थी।

### हॉकी के दिग्गज श्रीजेश से संन्यास पर बोले पीएम मोदी

# टीम को आपकी कमी खलेगी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय हॉकी के दिग्गज पीआर श्रीजेश की प्रशंसा की और कहा, 'टीम को उनकी कमी खलेगी' क्योंकि इस अनुभवी गोलकीपर ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद अपने शानदार करियर को अलविदा कह दिया। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने आवास पर भारतीय पेरिस ओलंपिक दल से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान खिलाड़ियों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई। श्रीजेश ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह के साथ मिलकर पीएम मोदी को अपनी मुलाकात के दौरान भारत की जर्सी और हॉकी भी भेंट की।

खिलाड़ियों से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने श्रीजेश के संन्यास के फैसले के बारे में पूछा, श्रीजेश, क्या आपने पहले ही संन्यास लेने का फैसला कर लिया है? श्रीजेश ने जवाब दिया, मैं पिछले कुछ सालों से संन्यास लेने के बारे में सोच रहा था। मेरे साथी अक्सर मजाकिया अंदाज में पूछते थे, आप कब जा रहे हैं? मैंने पहली बार 2002 में राष्ट्रीय शिविर में भाग लिया और 2004 में जूनियर स्तर पर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेला। तब से मैं 20 वर्षों से अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं।

उन्होंने कहा, मुझे लगा कि ओलंपिक जैसे भव्य मंच पर संन्यास लेना, जहां पूरी दुनिया एक साथ आती है, मेरे करियर को समाप्त करने का सबसे सही तरीका होगा। प्रधानमंत्री ने जवाब दिया, टीम आपको याद करेगी, और उन्होंने आपको शानदार विदाई दी है। श्रीजेश ने आगे कहा, सेमीफाइनल हारने के बाद, टीम थोड़ी निराश थी। लेकिन जब हम आखिरी मैच के लिए मैदान पर उतरे, तो मेरे साथी एक-दूसरे का उत्साह बढ़ाते रहे और कहते रहे, हमें श्रीजेश भाई के लिए यह जीतना है। मैंने उस ओलंपिक पोडियम से उनका धन्यवाद किया और हमारी जीत के बाद अपने संन्यास की घोषणा की।

पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम ने कई बार शानदार हॉकी खेली; ऐसे प्रदर्शन जिसने उन्हें ओलंपिक में 52 वर्षों के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हरा दिया। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने एक और शानदार प्रदर्शन किया, ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ टीम के हर एक सदस्य ने एक अविश्वसनीय प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने 40 मिनट से अधिक समय तक एक खिलाड़ी के कम होने के बावजूद बचाव किया और पेनल्टी शूटआउट के लिए मजबूर किया और श्रीजेश की वीरता की बदौलत 4-2 से जीत हासिल की। ??

क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन के खिलाफ टीम के प्रदर्शन पर विचार करते हुए 10 गोल के साथ भारत के शीर्ष स्कोरर कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, पहले क्वार्टर के बाद यह कठिन था क्योंकि हमने एक खिलाड़ी खो दिया था, लेकिन हमारे कोचिंग स्टाफ ने अविश्वसनीय समर्थन दिया। ओलंपिक में कुछ भी हो सकता है, इसलिए हमने हर चुनौतीपूर्ण स्थिति की कल्पना की और चाहे कुछ भी हो, अपने गेम प्लान पर डटे रहे। टीम ऊर्जा से भरी हुई थी और किसी भी कीमत पर मैच जीतने के लिए दृढ़ थी। साथ ही 52 साल बाद ऑस्ट्रेलिया को हराना अपने आप में एक उपलब्धि और एक बड़ा रिकॉर्ड था।

पेरिस में कांस्य पदक जीतने के साथ भारतीय पुरुष टीम ने म्यूनिख में 1972 के ओलंपिक के बाद पहली बार हॉकी में बैक-टू-बैक पदक जीते और अपना 13वां समग्र ओलंपिक पदक हासिल किया।

### प्रधानमंत्री ने विनेश फोगट की ऐतिहासिक उपलब्धि को सराहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करने वाली और फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनने वाली पहलवान विनेश फोगट की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी में अपने आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक के भारतीय एथलीटों और पदक विजेताओं से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। पेरिस ओलंपिक से भारतीय दल के साथ बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विनेश की उपलब्धि का उल्लेख किया और कहा, विनेश कुश्ती में फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय (महिला) बनीं, जो हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है। विनेश की ऐतिहासिक उपलब्धि उस समय धूमिल हो गई जब उन्हें फाइनल मैच की सुबह स्वीकार्य सीमा से कुछ ग्राम अधिक वजन होने के कारण पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 50 किलोग्राम स्वर्ण पदक बाउट से अयोग्य घोषित कर दिया गया।

## दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 के पहले मैच में खेलेंगे ऋषभ पंत



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** स्टार भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के पहले मैच में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह बहुप्रतीक्षित फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट शनिवार, 17 अगस्त से शुरू होने वाला है। एक रिपोर्ट के अनुसार 26 वर्षीय पंत ने पहले मैच में खेलने की पुष्टि की है जिसमें उनकी टीम - पुरानी दिल्ली 6 का मुकाबला 17 अगस्त को अरुण जेटली स्टेडियम में आयुष बदोनी की कप्तानी वाली साउथ दिल्ली सुपरस्टार से होगा। पंत के करीबी एक सूत्र के हवाले से कहा गया, ऋषभ ने डीपीएलटी20 का पहला मैच खेलने के लिए सहमति जताई है, क्योंकि वह इस पहल का हिस्सा बनना चाहते हैं, जो दिल्ली में युवाओं को एक बेहतरीन मंच प्रदान करने की संभावना है। वह अपने करियर में दिल्ली क्रिकेट द्वारा निभाई गई भूमिका को स्वीकार करते हैं। हालांकि, उनके लिए खुद का ख्याल रखना महत्वपूर्ण है, क्योंकि आने वाला टेस्ट सीजन लंबा है। देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए बेहतरीन फॉर्म में रहना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। वह डीपीएल के पहले मैच के बाद लाल गेंद की ट्रेनिंग में वापस आ जाएंगे और सितंबर के पहले सप्ताह में दलीप ट्रॉफी से शुरू होने वाले लंबे प्रारूप के सीजन की तैयारी शुरू कर देंगे। डीडीसीए और पुरानी दिल्ली 6 प्रबंधन ऋषभ के इस कदम की सराहना करते हैं और उनकी प्रतिबद्धताओं का भी सम्मान करते हैं। डीपीएल 2024 में कुल 40 मैच होंगी जिसमें पुरुषों के टूर्नामेंट में 33 और महिलाओं के 7 मैच शामिल हैं। पुरुषों के टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने वाली छह टीमें पुरानी दिल्ली 6, सेंट्रल दिल्ली किंग्स, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स, वेस्ट दिल्ली लायंस और ईस्ट दिल्ली राइडर्स हैं। सभी मैच अरुण जेटली स्टेडियम में होंगे और फाइनल मुकाबला 8 सितंबर को खेला जाएगा। पंत के साथ दिल्ली कैपिटल्स के साथी इशांत शर्मा और ललित यादव होंगे। इस बीच बदोनी की साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स में शुभम दुबे और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी भी हैं जिन्होंने हाल ही में आईपीएल में खेला है। डीपीएल में खेलने के बाद पंत 5 सितंबर से शुरू होने वाली दुलीप ट्रॉफी में अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली इंडिया बी टीम में शामिल होंगे।

## रोहित और विराट दलीप ट्रॉफी में क्यों नहीं खेल रहे, बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा

### अनुभवी जोड़ी के लिए घरेलू टूर्नामेंट में भाग लेना आवश्यक नहीं समझता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने हाल ही में आगामी दलीप ट्रॉफी में वरिष्ठ भारतीय क्रिकेटरों रोहित शर्मा और विराट कोहली की संभावित भागीदारी के बारे में अटकलों को संबोधित किया। शाह ने स्पष्ट किया कि बोर्ड इस अनुभवी जोड़ी के लिए घरेलू टूर्नामेंट में भाग लेना आवश्यक नहीं समझता। उभरते खिलाड़ियों के लिए एक मंच के रूप में दलीप ट्रॉफी के महत्व को स्वीकार करते हुए शाह ने शर्मा और कोहली जैसे स्थापित खिलाड़ियों के लिए कार्यभार प्रबंधन को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर दिया।

शाह ने कहा, हमें रोहित और विराट जैसे खिलाड़ियों पर दलीप ट्रॉफी में खेलने का आग्रह नहीं करना चाहिए। वे चोटिल होने का जोखिम उठाएंगे। यदि आपने देखा होगा, तो ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में हर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट नहीं खेलता है। हमें खिलाड़ियों के साथ सम्मान से पेश आना होगा।

शाह का बयान बीसीसीआई द्वारा प्रमुख खिलाड़ियों की दीर्घकालिक फिटनेस और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण का सुझाव देता है। दलीप ट्रॉफी में भाग लेना, मैच अभ्यास के लिए फायदेमंद होने के साथ-साथ थकान और चोट के जोखिम को बढ़ा सकता है, खासकर उन खिलाड़ियों के लिए जो पहले से ही सभी प्रारूपों में भारत की योजनाओं का अभिन्न अंग हैं।

बीसीसीआई का यह निर्णय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में व्यापक प्रवृत्ति को दर्शाता है, जहां बोर्ड अपने वरिष्ठ खिलाड़ियों के कार्यभार के प्रबंधन के बारे में तेजी से सतर्क हो रहे हैं।

### साउथ अफ्रीका-वेस्टइंडीज टेस्ट

# दक्षिण अफ्रीका 160 रन पर ढेर, शमर जोसेफ के 5 विकेट

**गुआना (एजेंसी)।** गुआना के मैदान पर विंडीज तेज गेंदबाज शमर जोसेफ ने पांच विकेट लेकर साऊथ अफ्रीका को दूसरे टेस्ट के पहले ही दिन 160 पर ढेर कर दिया। प्रोविडेंस स्टेडियम में चल रही तेज हवाओं के बीच शमर के अलावा जेडन सील्स की गेंदें दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों पर कहर बनकर टूट पड़ी। अफ्रीका के लिए ट्रिस्टन स्टंब्स, डेविड, काइल और डेन ही 20 से ज्यादा रन बना पाए। शमर जोसेफ ने महज 33 रन देकर 5 विकेट लीं।

### दक्षिण अफ्रीका -160 (54 ओवर)

दक्षिण अफ्रीका की ओर से ऐडन मार्करम और टोनी ने ओपनिंग की। लेकिन चौथे ही ओवर में जेडन सील्स ने टोनी को बोल्ड कर दिया। 11वें ओवर में ऐडन भी 14 रन बनाकर शमर की गेंद पर बोल्ड हो गए। कप्तान बावुमा 0 पर आऊट हो गए। इस दौरान ट्रिस्टन स्टब्स 26, डेविड 28, काइल 21 रन ही बना पाए। वियान मुल्डर 0, केशव महाराज 0, कागिसो रबाडा 0 पर आऊट हो गई। अंत में डेन पीड्ट ने 38 तो नार्दे बर्गर ने 23 रन बनाकर स्कोर 160 तक पहुंचा दिया। शमर जोसेफ ने महज 33 रन देकर 5 विकेट लीं जबकि जेडन सील्स ने 3 विकेट लीं।



### कभी सुरक्षा गार्ड था शमर जोसेफ

विंडीज तेज गेंदबाज शमर जोसेफ गुयाना के रहने वाले हैं। उन्होंने गुयाना के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला। उन्होंने जनवरी 2024 में एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेस्टइंडीज के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। अपने पेशेवर क्रिकेट करियर से पहले, उन्होंने एक सुरक्षा गार्ड के रूप में काम किया। वह ऐसे गांव में पला पढ़ा जहां पर इंटरनेट सुविधा या टेलीफोन कनेक्शन नहीं थे। जोसेफ ने अपने टेस्ट करियर की पहली गेंद पर एक विकेट भी लिया जब उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को 12 रन पर आउट कर दिया।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**वेस्टइंडीज** - क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), मिकाइल लुइस, कीसी कार्टी, एलिक अथानाजे, केवम हॉज, जेसन होल्डर, जोशुआ दा सिल्वा (विकेटकीपर), गुडाकेश मोती, जोमेल वारिकन, शमर जोसेफ, जेडन सील्स

**दक्षिण अफ्रीका** - एडेन मार्करम, टोनी डी ज़ोरज़ी, ट्रिस्टन स्टब्स, टेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन (विकेटकीपर), वियान मुल्डर, केशव महाराज, डेन पिड्ट, कैगिसो रबाडा, नंद्रे बर्गर

# विनेश फोगट ने ओलंपिक पदक के लिए आवेदन खारिज होने के बाद

### सोशल मीडिया पर एक रहस्यमय पोस्ट की

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस में महिलाओं के 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती के फाइनल से अयोग्य ठहराए जाने के बाद ओलंपिक रजत पदक के लिए उनके आवेदन को खारिज किए जाने की घोषणा के बाद पूर्व भारतीय पहलवान विनेश फोगट ने सोशल मीडिया पर एक रहस्यमय पोस्ट किया।

बुधवार को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट ने एक बयान जारी कर पुष्टि की कि विनेश फोगट द्वारा 7 अगस्त को दायर किया गया आवेदन खारिज कर दिया गया है। इस बयान के जारी होने के बाद विनेश ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह एक चटाई पर लेटी हुई हैं और अपने हाथों से अपनी आंखें ढंकी हुई हैं, मानो वह परेशानी की भावना व्यक्त कर रही हों।

भारतीय ओलंपिक संघ के अनुसार फैसला मूल रूप से मंगलवार, 13 अगस्त को रात 9-30 बजे के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन इसे 16 अगस्त तक के लिए टाल दिया गया। हालांकि, बुधवार को फैसला सुनाया गया। भारतीय पहलवान की याचिका खारिज होने के बाद आईओए आगे के कानूनी विकल्प तलाश रहा है। फैसले के बाद आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट में एकमात्र मध्यस्थ के फैसले पर अपना आश्चर्य और निराशा व्यक्त की, जिसमें पहलवान विनेश फोगट की यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के खिलाफ याचिका को खारिज कर दिया गया। आईओए ने अपने बयान में कहा, सीएएस के आदेश के बाद आईओए फोगाट के पूर्ण समर्थन में खड़ा है और आगे के कानूनी विकल्पों की तलाश कर रहा है। आईओए ने अपने बयान में आगे कहा कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि विनेश के मामले की सुनवाई हो। वह खेलों में न्याय और निष्पक्षता की वकालत करना जारी रखेगा, यह सुनिश्चित करते हुए कि एथलीटों और खेल जगत में हर किसी के अधिकार और सम्मान को हर समय बरकरार रखा जाए। हम अपने हितधारकों, एथलीटों और जनता के निरंतर समर्थन और समझ की सराहना करते हैं।

# एसए-20 के तीसरे सत्र के लिए एक अक्टूबर को होगी खिलाड़ियों की नीलामी

**डरबन (एजेंसी)।** एसए20 लीग के तीसरे सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी एक अक्टूबर को होगी जिसमें 13 खिलाड़ी चुने जाएंगे। लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने यह जानकारी दी। एसए20 का अगला सत्र 9 जनवरी से 8 फरवरी 2025 के बीच खेला जाएगा। सत्र से पहले रिटेंशन (खिलाड़ियों को बरकरार रखना) और पहले ही करार करने की विंडो खत्म होने के बाद टीमों को 13 और खिलाड़ियों को चुनने का मौका मिलेगा।

भारत के रिटायर्ड विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक हाल ही में पार्ल रॉयल्स से जुड़े हैं जो इस लीग में खेलने वाले पहले भारतीय होंगे। इसके अलावा हर टीम को तीसरे सत्र के लिए नया खिलाड़ी चुनना होगा जबकि तीन टीमों को 30 दिसंबर से पहले वाइल्ड कार्ड की घोषणा करनी है।

कार्तिक के अलावा बेन स्टोक्स, केन विलियमसन, जो रूट, ट्रेंट बोल्ट, जॉनी बेयरस्टो, डेवोन कोंवे, जाक क्राउली, राशिद खान और रहमानुल्लाह गुरबाज जैसे अंतरराष्ट्रीय सितारे भी इसमें भाग लेंगे। स्मिथ ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'स्थानीय सितारों एडेन मार्करम, कैगिसो रबाडा और हेनरिच क्लासेन के साथ अंतरराष्ट्रीय दिग्गजों के आने से यह बेहतरीन सत्र होने वाला है। हमें टीमों द्वारा बरकरार रखे गए सभी घरेलू क्रिकेटरों पर गर्व है।

### नीलामी से पहले टीमें

**डरबन सुपर जाइंट्स** - ब्रेंडन किंग, क्विंटोन डिकॉक, नवीनुल हक, केन विलियमसन, क्रिस वोक्स, प्रेनेलान सुब्रायेन, ड्वेन प्रिटोरियस, केशव महाराज , नूर अहमद, हेनरिच क्लासेन, जोन जोन स्मट्स, वियान मूल्डर, जूनियर डाला, ब्रायन पर्सस, मैथ्यू ब्रीज्के, जैसन स्मिथ, मार्कस स्टोइनिस।




**जोबर्ग सुपर किंग्स** - फाफ डु प्लेसी, मोईन अली, जॉनी बेयरस्टो, महीष तीक्षणा, डेवोन कोंवे, गेराल्ड कोएत्जी, डेविड वीसे, लियूस डु प्लोय, लिजाड विलियम्स, नांद्रे बर्गर, डोनावोन फरेरा, इमरान ताहिर, सिबोनेलो मखांया, तबरेज शम्सी।

**एमआई केपटाउन** - राशिद खान , बेन स्टोक्स, कैगिसो रबाडा, ट्रेंट बोल्ट, अजमतुल्लाह उमरजई, डेवाल्ड ब्रेविस, रियान रिकेलटन, जॉर्ज लिंडे , नुवान तुषारा, कोनोर ईस्टरहुइजेन, डेलानो पी, रासी वान डेर डुसेन, थॉमस काबेर, क्रिस बेंजामिन।

**प्रिटोरिया कैपिटल्स**-- एनरिच नॉर्किया, जिम्मी नीशाम, विल जैक्स, रहमानुल्लाह गुरबाज, विल स्मीड, मिगेल प्रिटोरियस, रिली रोसोयू, ईथान बॉश, वेन परनेल, सेनुरान मुथुसामी, काइल वेरेने, डेरिन डुपाविलोन, स्टीव स्टोक, टियान वान वुरेन।

**पार्ल रॉयल्स** - डेविड मिलर, मुजीबुर रहमान, सैम हैन, जो रूट, दिनेश कार्तिक, क्वेना माफाका, लुआन ड्रे प्रिटोरियस, ब्योर्न फोर्टुन, लुइंग एंगिडि, मिचेल वान बूरेन, कीथ डजोन, एनकाबा पीटर, एंडिले फेलिकुवायो, कोडी युसूफ, जॉन टर्नर, डी गालियेम, जैकब बेथेल।

**सनराइजर्स ईस्टर्न केप** - एडेन मार्करम, जाक क्राउली, रोल्ड वान डेर मर्वे, लियाम डॉसन, ओटनील बार्टमैन, मार्को जेनसन, बेयेर्स स्वानपोएल, कालेब सेलेका, ट्रिस्टन स्टब्स, जोर्डन हर्मान, पैट्रिक क्रगर, क्रेग ओवर्टन, टॉम एबेल, सिमोन हार्मर, एंडिले सिमेलेन, डेविड बेडिंघम।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्षाबंधन 2024: बादाम से मिलने वाली सेहत और अच्छाइयों के साथ भाई-बहन के रिश्ते का उत्सव मनायें

**मुंबई, एजेंसी।** रक्षाबंधन से त्योहारों की शुरुआत होती है। यह भाई-बहन के प्यार का त्योहार है। इस दिन बहनें अपने भाई को राखी बांधती हैं और भाई की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। बदले में, भाई अपनी बहन की रक्षा करने का वादा करता है। हम इस त्योहार को और खास बनाने के लिए कुछ अच्छा काम भी कर सकते हैं। जैसे कि, हम रोजाना बादाम खा सकते हैं क्योंकि बादाम सेहत के लिए बहुत अच्छे होते हैं। त्यौहार और जश्न के दौरान ढेर सारे मीठे पकवान और अस्वास्थ्यकर स्नैक्स खाना आम होता है, इन्हें खाते वक्त हमें यह भी ध्यान नहीं रहता कि ये हमारी सेहत को कितना प्रभावित कर सकते हैं। शक्कर और तेल वाली चीजें ज्यादा खा लेने से सेहत बिगड़ सकती है, जैसे कि डायबिटीज, मोटापा और कार्डियोवैस्कुलर जैसी गंभीर समस्यायें हो सकती हैं। ऐसे में खाने की सही चीजों को चुनना महत्वपूर्ण हो जाता है। मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली में डायटेटिक्स की रीजनल हेड ऋतिका समद्दार ने कहा, ''रक्षाबंधन जैसे त्यौहारों में लोग अक्सर सेहत को नुकसान पहुँचाने वाली चीजें खा लेते हैं और वे इस बात पर गौर भी नहीं करते कि इससे उनकी सेहत तथा वजन पर क्या असर पड़ेगा। न्यूट्रीशन एण्ड वेलनेस कंसल्टेन्ट शीला कृष्णस्वामी ने कहा, ''रक्षाबंधन के दौरान मिठाइयाँ खाना सभी को पसंद है। लेकिन कई लोग ब्लड शुगर लेवल्स और समग्र स्वास्थ्य पर उनके असर को नजरअंदाज कर देते हैं।

### कलाकारों ने अपने भाई-बहनों के साथ अपने रिश्ते की कहानियां साझा की

**मुंबई, एजेंसी।** कलर्स के शो 'परिणीति' में नीति की भूमिका निभा रही तन्वी डोगरा कहती हैं, जिस पल मैंने रोहन के नन्हें हाथों को थामा था, मुझे पता था कि वह मेरी ज़िंदगी का सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति बन जाएगा। हमने जो समय सा?थ बिताया है, मैंने उससे बहुत सारी अद्भुत चीजें सीखी हैं। उसके साथ सफर करने से किसी रियलिटी शो में होने जैसा लगता है, जहां उसका निरंतर मनोरंजन हर किसी को हंसाता रहता है। मुझे अभी भी याद है कि हम रक्षाबंधन के उपहारों के लिए झगड़ते थे। यह त्योहार हमेशा मेरे लिए यादगार अवसर रहा है, और मैं कोशिश करती हूं कि मैं हर साल यह दिन उसके साथ बिताऊं। कलर्स के 'मिश्री' में राघव की भूमिका निभा रहे नमिश तनेजा कहते हैं, मैं हमेशा कोशिश करता हूं कि चाहे जो भी हो, लेकिन मैं रक्षाबंधन के दिन घर पर ही रहूं। हमारा परिवार इस त्यौहार को बहुत धूमधाम से मनाता है। सुबह सभी सदस्य इकट्ठा होकर मातारानी की पूजा-अर्चना करते हैं और फिर सभी कज़िन्स साथ खाना खाते हैं। मैं और मेरी बहन कभी एक-दूसरे को अपना प्यार व्यक्त नहीं करते है, लेकिन हम एक-दूसरे का समर्थन करते हैं। उसे मिश्री को मिल रही तारीफ पर बहुत गर्व है, लेकिन वह कभी भी मुझसे यह नहीं कहेगी। ऐसा प्यार सबसे अधिक मजबूत और पवित्र होता है। मेरी बहन सबसे क्रिएटिव उपहार देती है, और हर साल दो टूक शब्दों में अपना पसंदीदा उपहार मांगती है। मैं यह जानने के लिए बहुत उत्साहित हूं कि इस साल मुझे क्या मिलने वाला है। सभी को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं! कलर्स के शो 'मेरा बलम थानेदार' में वीर की भूमिका निभा रहें शगुन पांडे कहते हैं, मेरी एक छोटी बहन है जिसके साथ मेरा बेहद नज़दीकी रिश्ता है। भले ही हम अलग-अलग जगहों पर हों, लेकिन जब भी मैं उदास होता हूं तो वह मेरे बिना कुछ कहे ही यह बात जान लेती है।

### थाने के चौकीदार ने भाजपा के बूथ अध्यक्ष को दीं गालियां, फर्जी मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी

**मैनपुरी, एजेंसी।** यूपी के मैनपुरी भाजपा के बूथ अध्यक्ष को थाने के चौकीदार ने अपने भाई के साथ मिलकर झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दी है। चौकीदार द्वारा की गई गाली गलौज की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी पुलिस को दी गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी चौकीदार और उसके भाई के खिलाफ गाली गलौज और धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम रम्पुरा निवासी नारायण मिश्रा पुत्र हेमचंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर जानकारी दी कि वह रम्पुरा का भाजपा बूथ अध्यक्ष है। रम्पुरा निवासी औंछा थाने के चौकीदार रवीश और उसके भाई ने फोन पर उससे गाली गलौज की और झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दी।

# ममता को मालीवाल का पत्र, 7 पॉइंट में उठाए रेप केस की गड़बड़ियों पर सवाल

**कोलकाता , एजेंसी।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी ने सबको झकझोर कर रख दिया है और इस घटना के खिलाफ देशभर में भारी गुस्सा देखा जा रहा है। सभी लोग अपनी-अपनी तरह से इस गुस्से को जाहिर भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल ने पश्चिम बंगाल में हुई इस वारदात को लेकर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने इस घटना के बाद बिंदुवार 7 सवाल खड़े करते हुए प्रशासन के रवैये पर गंभीर प्रश्न उठाए और पीड़िता को न्याय दिलाने और तंत्र की जवाबदेही तय करने की मांग की है।अपने इस पत्र को मालीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए लिखा, आज जहां हमारा देश 78वा स्वतंत्रता दिवस मना रहा है वहीं कलकत्ता के ऋन्न चड्ढह्न अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी ने सब को झकझोर कर रख दिया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी को बेटी को न्याय दिलाने की माँग और तंत्र की जवाबदेही तय करने हेतु पत्र लिखा है।स्वाती ने अपने पत्र में लिखा, आदरणीय ममता दीदी, मैं आज आपको बहुत भारी मन से लिख रही हूं। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में युवा ट्रेनी डॉक्टर के साथ क्रूर और बर्बर बलात्कार और फिर उसकी हत्या ने न केवल पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है, बल्कि हमारे समाज में महिलाओं के खिलाफ गहरी जड़ें जमाए बैठी हिंसा को भी उजागर कर दिया है। इस युवती पर किए गए अमानवीय अत्याचारों ने मानवता को शर्मसार कर दिया है और पूरे देश में व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा के लिए लंबे समय से वकालत




करने वाले शख्स के रूप में, मैं इस मामले पर बारीकी से नजर रख रही हूं, और जितना अधिक मुझे पता चल रहा है, मेरी नफरत उतनी ही बढ़ती जा रही है। आगे उन्होंने लिखा, दीदी, युवा डॉक्टर पर उस समय क्रूरतापूर्वक हमला किया गया, जब वह एक डॉक्टर के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करते हुए ड्यूटी पर थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके साथ की गई बर्बर हिंसा का विस्तृत विवरण है। उसके साथ क्रूरतापूर्वक बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। मीडिया रिपोर्टों और गवाहों के माध्यम से, कई गंभीर रूप से चिंताजनक मुद्दे सामने आए हैं। स्वाती मालीवाल ने अपने पत्र में बिंदुवार उन 7 गड़बड़ियों को बताया जो कि इस केस में पुलिस-प्रशासन द्वारा की गईं। सबसे पहले उन्होंने परिवार को सूचना देने में देरी करने और परिवार को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चलता है कि यह जघन्य हमला 9 अगस्त की सुबह 3 से 5 बजे के बीच हुआ था। जबकि अस्पताल के सहायक अधीक्षक ने अगले दिन सुबह 10¬53 बजे पीड़िता के माता-पिता को पहला फोन किया और बताया कि उनकी बेटी अस्वस्थ है। इसके ठीक 22 मिनट बाद उन्होंने फिर से फोन करके परिवार को बताया कि उनकी बेटी ने आत्महत्या कर ली है। जब युवा डॉक्टर के शरीर पर इतने भयानक घाव थे, तो इसे आत्महत्या कैसे कहा जा सकता है?

## शहर की 9 कॉलोनियों-सेक्टरों में जल्द बनेंगी नई सड़कें

**फरीदाबाद , एजेंसी।**
फरीदाबाद नगर निगम प्रशासन ने शहर की नौ कॉलोनियों और दो अलग-अलग सेक्टर में गलियों को पक्का करने की कार्य योजना तैयार की है। इस योजना के लिए निगम प्रशासन द्वारा पांच करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट मंजूर किया गया है। अगले दो माह के अंदर इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा। इस माह के अंत तक निर्माण वाली कंपनियों का चयन कर लिया जाएगा।



नगर निगम द्वारा सेक्टर-52 में गौंछी ड्रेन से लेकर संजय कॉलोनी 33 फीट रोड तक कंक्रीट की सड़क बनाई जाएगी। सेक्टर-तीन में निजी अस्पताल के पास इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने के लिए चार लाख 30 हजार रुपये का बजट मंजूर किया गया है। इसके अलावा जवाहर कॉलोनी की चार गलियों में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाई जाएंगी। इनमें नरेंद्र डॉक्टर, गुरुद्वारा के सामने, पप्पी क्लॉथ हाउस और मिलाप दवाखाना वाली गली शामिल हैं। इस कार्य योजना के लिए निगम द्वारा 19 लाख 53 हजार रुपये का बजट मंजूर किया गया है।

बल्लभगढ़ के आदर्श नगर में पुरानी पुलिस चौकी के पास की गली को पक्का करने के लिए 89 लाख 58 हजार रुपये मंजूर किए गए हैं। यहां पर कंक्रीट की सड़क बनाई जाएगी। आदर्श नगर में ही सीपीएम स्कूल वाली गली में कंक्रीट की सड़क बनाई जाएगी। इस कार्ययोजना पर 90 लाख 59 हजार रुपये से ज्यादा का बजट मंजूर किया गया है। इलाके में सड़क निर्माण के लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी। ओल्ड फरीदाबाद इलाके के हरी नगर में निगम द्वारा टाइल्स के अलावा सीवर और पानी की पाइप लाइन डालने की योजना तैयार की है। इस कार्य योजना के लिए विभाग द्वारा एक करोड़ 30 लाख रुपये से ज्यादा का बजट मंजूर किया गया है। इस इलाके की न्यू भारत कॉलोनी में भी इंटरलॉकिंग टाइल्स, सीवर लाइन और पानी की पाइपलाइन डाली जाएगी। उपरोक्त तीनों कार्यों पर निगम द्वारा एक करोड़ छह लाख रुपये का बजट मंजूर किया गया है। डबुआ कॉलोनी में माइलस्टोन स्कूल के पास कंक्रीट की सड़क बनाई जाएगी । इस सड़क पर 22 लाख 12 हजार रुपये खर्च होंगे। नगर निगम के वार्ड नंबर-पांच पर्वतीय कॉलोनी में कंक्रीट की सड़क बनाने के साथ-साथ पानी निकासी के लिए नाला बनाया जाएगा। डबुआ कॉलोनी के ही ब्लॉक की गली नंबर-छह में आठ लाख के बजट से गली का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा वार्ड नंबर 28 के अंतर्गत भगत सिंह मार्ग के पास वाली कॉलोनी में इंटरलॉकिंग टाइल्स, सीवर और पानी की पाइपलाइन डाली जाएगी।

## कलावा, माला और टीके का छलावा; गाजियाबाद में धर्म छिपाकर 2 लड़कियों से दुष्कर्म

**गाजियाबाद एजेंसी।**
गाजियाबाद के खोड़ा और क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में धर्म छिपाकर दो युवतियों से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गुमराह करने के लिए आरोपियों ने कलावा और तुलसी की माला पहनी और मंदिर में पूजा भी की। पीड़िताओं का कई बार गर्भपात कराने और धर्म बदलने का दबाव डालने की भी शिकायत की गई है। इस मामले में खोड़ा और क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मूलरूप से बहराइच निवासी युवती का कहना है कि वर्तमान में गौतमबुद्धनगर में रहती है। वर्ष 2015 में लखनऊ के कॉलेज में पढ़ाई के दौरान फेसबुक के जरिये उसकी मुलाकात गोंडा निवासी अक्षय से हुई थी।

अक्षय ने खुद को लखनऊ की एक यूनिवर्सिटी में बीटेक का छात्र बताया था। वह हाथ में कड़ा और कलावा पहनता था और माथे पर तिलक लगाने के साथ-साथ तुलसी की माला भी पहनता था। दोनों की दोस्ती प्यार में बदली तो वह साथ घूमने लगे। युवती के मुताबिक, एक दिन अचानक अक्षय ने उसके सामने शादी का प्रस्ताव रखा। हां करते ही वह पार्टी के बहाने उसे लखनऊ के होटल में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

आरोप है कि अक्षय ने कोल्डड्रिंक या खाने में दवाई देकर कई बार उसका गर्भपात कराया। वर्ष 2016 में वह उसे क्रॉसिंग रिपब्लिक की सोसाइटी में ले आया। युवती का कहना है कि वर्ष 2018 में अक्षय की मां और बहन गाजियाबाद आईं तो अक्षय ने मां का नाम हेमलता और बहन का नाम कंचन बताया। दोनों के रहन-सहन और बातचीत से पता चला कि अक्षय का असली नाम फैजान है, जबकि उसकी मां शगुफ्ता और बहन फायजा है।

फैजान द्वारा धोखा देने की बात कहने पर उसकी मां और बहन ने उस पर धर्म बदलने का दबाव डाला। युवती के मुताबिक, फरवरी 2020 में कोरोना के चलते फैजान उसे बहराइच छोड़कर गोंडा चला गया और शादी करने के लिए सितंबर 2020 में फिर से गाजियाबाद ले आया। जहां फिर से दुष्कर्म कर गर्भपात कराया। मार्च 2024 में इंस्टाग्राम से पता चला कि फैजान ने दूसरी युवती से शादी कर ली है। इतना ही नहीं, फैजान ने फर्जी आईडी से उसके फोटो वायरल कर बदनाम कर दिया। इसी के चलते परिजनों ने भी उससे नाता तोड़ लिया। थक-हारकर पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर से गुहार लगाई। एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने कहा, खोड़ा निवासी युवती की शिकायत पर दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन का केस दर्ज कर आरोपी समीर को गिरफ्तार कर लिया गया है। बहराइच निवासी युवती की शिकायत पर क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में दुष्कर्म, गर्भपात, आईटी ऐक्ट और धर्म परिवर्तन का केस दर्ज किया गया है। फैजान, उसकी मां और बहन की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, खोड़ा थानाक्षेत्र में रहने वाली युवती का कहना है कि उसके मकान के सामने समीर निवासी जामियानगर ओखला किराए पर रहता था। खुद को हिंदू बताने वाला समीर माथे पर टीका और हाथ में कलावा बांधता था और मंदिर में पूजा भी करता था। फरवरी माह में वह उससे बात करने लगा। 15 मार्च को वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान समीर पानी मांगने के बहाने आया और दुष्कर्म किया। युवती का कहना है कि बीते मार्च माह में वह उसे कोर्ट ले गया और वहां पर शादी के कागजों पर उसके हस्ताक्षर करा लिए।

## गाजा जाएंगे फिलिस्तीन के राष्ट्रपति अब्बास; तुर्की की संसद में किया ऐलान

**गाजा, एजेंसी।** फिलिस्तीनी प्राधिकरण के अध्यक्ष महमूद अब्बास ने गुरुवार को तुर्की संसद के एक विशेष सत्र में कहा कि वह गाजा की यात्रा करेंगे। उनका बयान ऐसे समय में आया है जब हमास द्वारा नियंत्रित गाजा क्षेत्र में अधिकारियों ने बताया कि इजरायल के हमले में मरने वालों की संख्या 40,000 से अधिक हो गई है। अब्बास ने तुर्की की संसद में कहा, मैंने फिलिस्तीनी नेतृत्व के अन्य भाइयों के साथ गाजा जाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मैं हर हाल में जाऊंगा। भले ही इसके लिए मेरी जान ही क्यों न चली जाए। हमारी जिंदगी किसी एक बच्चे की जिंदगी से ज्यादा कीमती तो नहीं है। अब्बास ने मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के बाद तुर्की का दौरा किया है। उन्होंने कहा कि इजरायली हमलों के बावजूद फिलिस्तीनी लोग मजबूती से खड़े रहेंगे। उन्होंने संसद को बताया, गाजा पूरी तरह से हमारा है। हम किसी भी ऐसे समाधान को स्वीकार नहीं करते हैं जो हमारे क्षेत्रों को विभाजित करे। उन्होंने वादा किया




कि गाजा के बिना फिलिस्तीनी राज्य नहीं हो सकता। हमारे लोग आत्मसमर्पण नहीं करेंगे। अब्बास हमास के प्रतिद्वंद्वी फतह फिलिस्तीनी आंदोलन के प्रमुख हैं। गाजा में युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से शांति वार्ता का एक नया दौर बृहस्पतिवार को शुरू हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने यह जानकारी दी। गाजा में इजरायल और हमास के बीच युद्ध में अब तक 40 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं। अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों ने बृहस्पतिवार को इजराइल-हमास युद्ध को रोकने और बड़ी संख्या में बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वार्ता का एक नया दौर शुरू किया। गाजा में युद्ध विराम से संभवतः पूरे क्षेत्र में तनाव खत्म होने की उम्मीद है।

## बांग्लादेश ने अमेरिका, रूस और सऊदी अरब समेत 7 देशों से वापस बुलाए राजदूत

### टीम करेगी ढाका का दौरा

**ढाका, एजेंसी।**
बांग्लादेश ने अमेरिका, रूस, जापान, सऊदी अरब सहित 7 देशों से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है। इनमें अमेरिका में राजदूत मोहम्मद इमरान, रूस में राजदूत कमरुल हसन, सऊदी अरब में राजदूत जावेद पटवारी, जापान में राजदूत शहाबुद्दीन अहमद,राजदूत मोशर्रफ हुसैन भुइयां जर्मनी, संयुक्त अरब अमीरात में राजदूत अबू जफर और मालदीव में उच्चायुक्त रियर एडमिरल एसएम अबुल कलाम आज़ाद शामिल हैं।



पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री पद से शेख हसीना के इस्तीफे से पहले और उसके बाद प्रदर्शनकारियों की हत्याओं की जांच के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों की एक टीम अगले हफ्ते बांग्लादेश का दौरा करेगी। यह घोषणा बृहस्पतिवार को की गई। बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी के अनुसार, यह पहली बार है जब संयुक्त राष्ट्र 1971 में बांग्लादेश की आजादी के बाद देश में बड़े पैमाने पर मानवाधिकारों के हनन की जांच के लिए एक तथ्यान्वेषी टीम भेज रहा है। शेख हसीना की सरकार गिरने के कुछ दिनों बाद आठ अगस्त को मोहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में शपथ ली। इससे पहले शेख हसीना हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर पांच अगस्त को भारत भाग गई थीं। बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''संयुक्त राष्ट्र जुलाई में और इस महीने की शुरुआत में छात्र आंदोलन के दौरान हुए अत्याचारों की जांच के लिए अगले सप्ताह एक तथ्यान्वेषी टीम भेज रहा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर टर्क ने इस कदम की घोषणा उस वक्त की जब उन्होंने मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस को बुधवार देर रात फोन किया। इससे पहले बुधवार को टर्क के साथ फोन पर वार्ता के बाद यूनुस ने 'एक्स पर पोस्ट किया था, ''संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर टर्क ने बुधवार को बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस को फोन किया।

## हिंसा के बीच येरुशलम में नई बस्तियां बसाएगा इस्राइल

### 148 एकड़ में किया जाएगा निर्माण

**येरूशलम, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और इस्राइल-फलस्तीन संघर्ष के बीच इस्राइल ने येरूशलम के दक्षिण पश्चिम इलाके में नई बस्तियां बसाने का एलान किया है। इस्राइल नागरिक प्रशासन विभाग ने घोषणा कि नई बस्ती नाहल हेलेत्ज को 2017 के बाद बसाया जाएगा। इसका निर्माण 148 एकड़ में फलस्तीन शहर बेथलहम के पास किया जाएगा।

देश की शासकीय संस्था इस्राइल नागरिक प्रशासन ने कहा कि निर्माण को लेकर प्रस्ताव तैयार कर लिया गया। हालांकि निर्माण कार्य में कई साल लग सकते हैं, क्योंकि इसके लिए जोनिंग प्लान और परमिट प्राप्त करने में समय लगेगा।

वहीं संगठन पीस नाउ ने बस्तियों के निर्माण का विरोध किया है। संगठन की ओर से कहा गया है कि नाहल हेलेत्ज फलस्तीन क्षेत्र में बसने वाला एन्क्लेव होगा, जो सुरक्षा खतरा पैदा करेगा। इसे फलस्तीन की क्षेत्रीय निरंतरता को बाधित करने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बस्ती फलस्तीन गांव बत्तिर की भूमि पर बनेगी, जो प्राचीन कृषि भूमि के तौर पर यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है।



**अमेरिका की इस्राइल को 20 अरब डॉलर के हथियार पैकेज को मंजूरी:** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस्राइल को नए हथियारों की बिक्री के लिए 20 बिलियन डॉलर से ज्यादा की मंजूदी दे दी है। बाइडन प्रशासन ने यह फैसला गाजा में मानवीय क्षति के कारण हथियारों की आपूर्ति रोकने के दबाव को दरकिनार करते हुए लिया है। अमेरिकी कांग्रेस को एक अधिसूचना में, विदेश विभाग ने कहा कि उसने इस्राइल को 18.82 अरब डॉलर में 50 एफ-15 लड़ाकू विमानों की बिक्री को मंजूरी दे दी है।

## स्वीडन में मिला मंकीपॉक्स का क्लैड 1 वैरिएंट



**स्टॉकहोम, एजेंसी।** अफ्रीकी महाद्वीप के बाहर भी एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) वायरस ने अपने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा वायरस को वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को स्वीडन में मंकीपॉक्स वायरस का पहला मामला सामने आया है। इसके साथ ही स्वीडन अफ्रीका के बाहर मंकीपॉक्स वायरस की रिपोर्ट करने वाला पहला देश बन गया है। इसके साथ ही डब्ल्यूएचओ ने कहा कि यूरोप में जल्द ही बाहर से आने वाले क्लैड 1 एमपॉक्स मामलों की पुष्टि होने की संभावना है। डब्ल्यूएचओ के यूरोपीय क्षेत्रीय कार्यालय ने कहा, स्वीडन में एमपॉक्स क्लैड 1 की पुष्टि हमारी दुनिया के अंतर्संबंध का स्पष्ट प्रतिबिंब है। आने वाले दिनों और हफ्तों में यूरोपीय क्षेत्र में क्लैड 1 के और अधिक आयातित मामले होने की संभावना है।

स्वीडन की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी ने एक बयान में कहा, स्टॉकहोम में देखभाल के दौरान एक व्यक्ति मंकीपॉक्स के क्लैड 1 वैरिएंट से ग्रस्त पाया गया है। राज्य के महामारी विज्ञानी मैग्नस गिस्लेन का कहना है कि यह मरीज अफ्रीका के एक क्षेत्र की यात्रा के दौरान इस वायरस से संक्रमित हुआ था, जहां वर्तमान में एमपॉक्स क्लैड ढ्ढ बड़ा प्रकोप चल रहा है। इस मरीज के पॉजिटिव पाए जाने के साथ ही अफ्रीकी महाद्वीप के बाहर क्लैड ढ्ढ का यह पहला मामला है। मंकीपॉक्स के प्रकोप से सबसे अधिक प्रभावित कांगो बता दें कि कांगो मंकीपॉक्स के प्रकोप से सबसे अधिक प्रभावित है, इसके अन्य देशों में फैलने के बाद बीते बुधवार को डब्ल्यूएचओ ने एमपॉक्स को दो साल में दूसरी बार वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129